रजिस्ट्री सं. डी. (डी.)-73

REGISTERED No. D. (D)-73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 24] नई दिल्ली, शनिवार, जून 14, 1980/ज्येष्ठ 24, 1902
No. 24] NEW DELHI, SATURDAY, JUNE 14, 1980/JYAISTHA 24, 1902

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़ कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को छोड़ कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं

Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence by Central Authorities other than the Administrations of Union Territories)

भारत निर्वाचन आयोग

आदेश

नई दिल्ली, 14 मई, 1980

का० आ० 1582.--निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि जनवरी, 1980 में हुए लोक सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 20-तिरुपती (अ०जा०) निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री मुनास्वामी, थीम्माराजु, खन्द्रीजा, पुत्तर तालुक, चित्तूर जिला (आन्ध्र प्रदेश) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं ;

और, यतः, उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक सूचना दिये जाने पर भी अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है, और, निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है ;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री मुनास्वामी को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरहित घोषित करता है ।

[सं० आ०प्र०-लो०स०/20/80(4)]

ELECTION COMMISSION OF INDIA

ORDERS

New Delhi, the 14th May, 1980

S.O. 1582.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Munaswamy, Thimmaraju Khandriga, Puttar Taluk, Chittoor District (Andhra Pradesh), a contesting candidate for general election to the House of the People held in January, 1980 from 20-Tirupati (SC) Constituency has failed to lodge an account of his election expenses at all as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas the said candidate, even after the notice, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for the failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Munaswamy to be disqualified for being chosen as, and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. AP-HP/20/80(4)]

नई दिल्ली, 23 मई, 1980

का० आ० 1583.--यतः निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि जनवरी, 1980 में हुए लोक सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 9-त्रिचुर निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री के० आर० माधवन, पो०आ० वेट्टुकड, त्रिचुर-5 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951

तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं ;

और, यतः, उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक् सूचना दिये जाने पर भी अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है, और, निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है ;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री के० भास्करन माधवन को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है ।

[सं० केरल-लो०स०/9/80 (1)]

New Delhi, the 23rd May, 1980

S.O. 1583.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri K. R. Madhavan, P.O. Vettukad, Trichur-5 (Kerala), a contesting candidate for general election to the House of People held in January, 1980 from 9-Trichur Constituency, has failed to lodge an account of his election expenses at all as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas the said candidate, even after the notice, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for the failure ;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri K. R. Madhavan to be disqualified for being chosen as, and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. KL-HP/9/80(1)]

का० आ० 1584.—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि जनवरी, 1980 में हुए लोक सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 9-त्रिचुर निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री एम० एम० बेन्नी, मरेट्टीक्कल हाउस, शंकर आय्यर रोड, पो० पूथोले, त्रिचुर-4 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं ;

और, यतः, उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक् सूचना दिए जाने पर भी अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है, और, निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है ;

अतः, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री एम० एम० बेन्नी को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है ।

[सं० केरल-लो०स०/9/80 (2)]
आदेश से,
धर्मबीर, अवर सचिव

S.O. 1584.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri M. M. Benny, Marottickkal House, Sankara Iyer Road, P.O. Poothole, Trichur-4 (Kerala), a contesting candidate for general election to the House of the People held in January, 1980 from 9-Trichur Constituency, has failed to lodge an account of his elelction expenses at all as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder ;

And whereas the said candidate, even after the notice, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for the failure ;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri M.M. Benny to be disqualified for being chosen as, and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. KL-HP/9/80(2)]
By Order,
DHARAM VIR, Under Secy.

आदेश

नई दिल्ली, 20 मई, 1980

का० आ० 1585.—आन्ध्र प्रदेश विधान सभा के लिए फरवरी, 1978 में हुए साधारण निर्वाचन में 3-टेक्कली सभा निर्वाचन-क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने वाले एक अभ्यर्थी श्रीमती हुसाना बेगम धर्मपत्नी श्री अब्दुल रहमान खान, निवासी 52ए, पुराने विधान सभा सदस्य क्वार्टर, हैदराबाद और वर्तमान में निवासी, 31-साउथ ऐवन्यू, नई दिल्ली को निर्वाचन आयोग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अधीन उक्त अधिनियम के और तद्धीन बनाए गए नियमों के द्वारा, यथा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल करने में असफल रहने के कारण इस आयोग के 26 मार्च, 1979 के आदेश सं० आ०प्र०-वि०स०/3/78(23) के द्वारा निरर्हित किया गया था ;

और, उक्त श्रीमती हुसाना बेगम ने उनके ऊपर अधिरोपित निरर्हता को हटाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष एक अर्जी दाखिल की है, जिसमें उन्होंने विधि द्वारा यथा अपेक्षित निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल करने में अपनी असफलता के कारण बताए हैं और इसके समर्थन में अब एक शपथ पत्र भी दाखिल किया है ।

और, निर्वाचन आयोग ने उक्त अभ्यावेदन पर विचार किया है तथा अर्जीदार श्रीमती हुसाना बेगम की सुनवाई भी की है ;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 11 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्वाचन आयोग ने अपने तारीख 20 मई, 1980 के आदेश द्वारा उन पर अधिरोपित निरर्हता की कालावधि घटाकर उतनी कर दी है जितनी कि वह पहले ही भोग चुकी है और तदनुसार कालावधि के लिए उनकी निरर्हता तारीख 21 मई, 1980 से हटा दी है ।

[सं० आ० प्र०-वि०स०/3/78(1)]
आदेश से
के० गणेशन, सचिव,

ORDER

New Delhi, the 20th May, 1980

S.O. 1585.—Whereas, Smt. Hussana Begum W/o Shri Abdul Rahman Khan resident of 52A, Old M.L.A. quarters, Hyderabad at present residing at 31, South Avenue, New Delhi, a contesting candidate for general election to the Legislative Assembly held in February, 1978 from 3-Tekkali assembly constituency was disqualified by the Election Commission vide its Order No. AP-LA/3/78(23) dated 26th March, 1979, under section 10A of the Representation of the People Act, 1951, for the failure to lodge the account of her

election expenses as required by the said Act and the Rules made thereunder ;

And whereas, the said Smt. Hussana Begum has submitted a petition before the Election Commission of India for the removal of the disqualification imposed on her, giving reasons for her failure to lodge the account as required by law and has also since submitted and affidavit in support thereof ;

And whereas, the Election Commission has taken into account the said representation and also heard the petitioner Smt. Hussana Begum.

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by Section 11 of the said Act, the Election Commission has by an order dated the 20th May, 1980 reduced the period of disqualification imposed on her to the period of disqualification already suffered by her and removed the disqualification for the unexpired period w.e.f. 21st May, 1980.

[No. AP-LA/3/78(1)]

By Order,

K. GANESAN, Secy.

आदेश

नई दिल्ली, 26 मई, 1980

का० आ० 1586.—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि जनवरी, 1980 में हुए केरल विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 36-तिरुरानगाडी निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री जय चन्द्रन, मंगलथ हाउस, चिराक्कल, पो० आ० तानूर (केरल) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं ;

और, यतः, उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक सूचना दिये जाने पर भी अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है, और, निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है ;

अतः, अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री जय चन्द्रन को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है ।

[सं० केरल-वि० स०/36/80(1)]

आदेश से,

वी० नागसुब्रमण्यन, सचिव

ORDER

New Delhi, the 26th May, 1980

S.O. 1586.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Jaya Chandran, Mangalath House, Chirakkal, P.O. Tanur (Kerala), a contesting candidate for general election to the Kerala Legislative Assembly held in January, 1980 from 36-Tirurangadi Constituency, has failed to lodge an account of his election expenses at all as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder ;

And whereas the said candidate, even after the notice, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for the failure ;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Jaya Chandran to be disqualified for being chosen as, and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. KL-LA/36/80(1)]

By Order,

V. NAGASUBRAMANIAN, Secy.

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

(विधि कार्य विभाग)

सूचनाएं

नई दिल्ली, 26 मई, 1980

का० आ० 1587.—नोटरीज नियम, 1956 के नियम 6 के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह सूचना दी जाती है कि श्री जार्ज लारेंस फेरिस, एडवोकेट, कर्नाटक उच्च न्यायालय, बंगलौर ने उक्त प्राधिकारी को उक्त नियम के नियम 4 के अधीन एक आवेदन इस बात के लिए दिया है कि उसे सम्पूर्ण कर्नाटक राज्य में व्यवसाय करने के लिए नोटरी के रूप में नियुक्त किया जाए ।

2 उक्त व्यक्ति की नोटरी के रूप में नियुक्ति पर किसी भी प्रकार का आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर लिखित रूप में मेरे पास भेजा जाए ।

[सं० 22/45/79-न्या०]

MINISTRY OF LAW, JUSTICE & COMPANY AFFAIRS

(Department of Justice)

NOTICES

New Delhi, the 26th May, 1980

S.O. 1587.—Notice is hereby given by the Competent Authority in pursuance of rule 6 of the Notaries, 1956, that application has been made to the said Authority, under rule 4 of the said Rules, by Shri George Lawrnc Ferris, Advocate, High Court of Karnataka at Bangalore, for appointment as Notary to practice in the whole of Karnataka.

2. Any objection to the appointment of the said person as a Notary may be submitted in writing to the undersigned within forufeen days of the publication of this Notice.

[No. F. 22/45/79-Jus.(Judl.)]

का० आ० 1588.—नोटरीज नियम, 1956 के नियम 6 के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह सूचना दी जाती है कि श्री दुर्गा शंकर दवे, एडवोकेट, मोहल्ला ओसवाल दाडा (राज०) ने उक्त प्राधिकारी को उक्त नियम के नियम 4 के अधीन एक आवेदन इस बात के लिए दिया है कि उसे बांस वाडा जिले में व्यवसाय के लिए नोटरी के रूप में नियुक्त किया जाए ।

2. उक्त व्यक्ति की नोटरी के रूप में नियुक्त पर किसी भी प्रकार का आदेश इस सूचना के चौदह दिन के भीतर लिखित रूप में मेरे पास भेजा जाए ।

[सं० 5(14)/80-न्या०]

S.O. 1588.—Notice is hereby given by the Competent Authority in pursuance of rule 6 of the Notaries Rules, 1956, that application has been made to the said Authority, under rule 4 of the said Rules, by Shri Durga Shanker Dave, Advocate, Mohalla Oaswalwads, Banswars, Rajasthan for appointment as a Notary to practise in District Banswars

2. Any objection to the appointment of the said person as a Notary may be submitted in writing to the undersigned within fourteen days of the publication of this Notice.

[No. F. 5(14)/80-Judl.]

का० आ० 1589.—नोटरीज नियम, 1956 के नियम 6 के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह सूचना दी जाती है कि श्री कृष्ण स्वरूप आर्य, एडवोकेट ई० प० 241, पक्का बाग रोड, नया बाजार ने उक्त प्राधिकारी को उक्त नियम 4 के अधीन एक आवेदन इस बात के लिए दिया है कि उसे जलन्धर (पंजाब) में व्यवसाय करने के लिए नोटरी के रूप में नियुक्त किया जाए ।

2 उक्त व्यक्ति की नोटरी के रूप में नियुक्ति पर किसी भी प्रकार का आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर लिखित रूप मेरे पास भेजा जाए ।

[सं० 5(28)/80-न्या०]

S.O. 1589.—Notice is hereby given by the Competent Authority in pursuance of rule 6 of the Notaries Rules, 1956 that application has been made to the said Authority, under rule 4 of the said Rules, by Shri Krishan Swaroop Arya, Advocate, E.P. 241, Pacca Bagh Road, Naya Bazar, Jullundur City for appointment as a Notary to practise in Jullundur.

2. Any objection to the appointment of the said person as a Notary may be submitted in writing to the undersigned within fourteen days of the publication of this Notice.

[No. F. 5(28)/80-Judl.]

का० आ० 1590.—नोटरीज नियम, 1956 के नियम 6 के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह सूचना दी जाती है कि कु० सत्यवन्त वारिच, एडवोकेट, 385 मांडेल टाऊन, जलन्धर शहर, पंजाब ने उक्त प्राधिकारी को उक्त नियम के नियम 4 के अधीन एक आवेदन इस बात के लिए दिया है कि उसे जलन्धर शहर में व्यवसाय करने के लिए नोटरी के रूप में नियुक्ति किया जाए ।

2. उक्त व्यक्ति की नोटरी के रूप में नियुक्ति पर किसी भी प्रकार का आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन की भीतर लिखित रूप में मेरे पास भेजा जाए ।

[सं० 5(37)/80-न्या०]

के० सी० डी० गंगवानी, सक्षम प्राधिकारी

S.O. 1590.—Notice is hereby given by the Competent Authority in pursuance of rule 6 of the Notaries Rules, 1956, that application has been made to the said Authority, under rule 4 of the said Rules, by Miss Satwant Waraich, Advocate, 385 Madel Town, Jullundur City, Punjab, for appointment as a Notary to practise in Jullunder.

2. Any objection to the appointment of the said person as a Notary may be submitted in writing to the undersigned within fourteen days of the publication of this Notice.

[No. F. 5(37)/80-Judl.]

K. C. D. GANGWANI, Competent Authority

गृह मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, 31 मई, 1980

का० आ० 1591.—दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 (1974 का 2) की धारा 24 की उपधारा (8) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा, दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना के नियमित मामला संख्या 2/80-सी० अ०ई० यू० (ए) से उत्पन्न श्री जरैनल सिंह खालसा पुत्र सरदार जोगिन्दर सिंह भिन्द्रवाला द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय, नई दिल्ली में दायर किए गए अग्रिम जमानत के प्रार्थनापत्र के सम्बन्ध में कार्रवाई करने के लिए श्री ए० एस० मुल्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता, दिल्ली को विशेष लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त करती है ।

[संख्या 225/36/80-ए० वी० डी० II]

बी० सी० वंजानी, उप सचिव

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

(Department of Personnel and Administrative Reforms)

New Delhi, the 31st May, 1980

S.O. 1591.—In exercise of the powers conferred by sub-section (8) of section 24 of the Code of Criminal Procedure, 1973 (2 of 1974), the Central Government hereby appoints Shri A. N. Mulla, Senior Advocate, Delhi, as a Special Public Prosecutor for conducting proceedings, arising out of the Delhi Special Police Establishment Regular Case No. 2/80-CIU(A) in connection with anticipatory bail application filed by Shri Jarnail Singh Khalsa son of Sardar Joginder Singh Bhindranwala, in the Delhi High Court, New Delhi.

[No. 225/36/80-AVD II]

B. C. VANJANI, Dy. Secy.

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

शुद्धि पत्र

नई दिल्ली, 3 मई, 1980

आयकर

का० आ० 1592.—राजस्व विभाग की 26 अप्रैल 1979 की अधिसूचना सं० 2784 (फा० सं० 404/22 (क० व० अ०—पश्चिम बंगाल)/79-आ० क० स० क०) के पैराग्राफ 1 और 2 में क्रम सं० 11 के सामने प्रयुक्त "11-एन० डी० मुखर्जी" अंकों और शब्दों के स्थान पर "11-एन० के० मुखर्जी" अंक और शब्द पढ़े जाएं ।

[सं० 3284 (फा० सं० 404/22 (क० व० अ०—पश्चिमी बंगाल)/79-आ० क० स०क०)]

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

CORRIGENDUM

New Delhi, the 3rd May, 1980

INCOME-TAX

S.O. 1592.—In paragraph 1 and 2 of Department of Revenue's Notification No. 2784 (F. No. 404/22 (TRO-WB)/79-ITCC dated 26-4-1979 for the figures and words "11-N. D. Mukherjee" appearing against Sl. No. 11 read the figures and words "11-N. K. Mukherjee".

[No. 3284 (F. No. 404/22 (TRO-WB)/79-ITCC)]

का० आ० 1593.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खंड (44) के उप-खंड (iii) को अनुसरण करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग की 26 अप्रैल की 1979 की अधिसूचना सं० 2784 (फा० सं० 404/22 (क० व० अ०—पं० बं०)/79-आ० क० स० क०) में निम्नलिखित संशोधन करती है अर्थात् उक्त अधिसूचना में —

"1. श्री राज नारायण घोष
2. श्री ए० एल० बरता
3. श्री विद्युत कुमार भट्टाचार्जी
4. श्री अशोक कुमार राय
5. श्री परिमल चन्द्र विश्वास
6. श्री सरत कुमार घोष
7. श्री तुलसी दास मुखर्जी
8. श्री सी० डी० शुक्ल
9. श्री बी० पी० त्यागी
10. श्री हरे कृष्ण पाल

11. श्री एन० डी० मुखर्जी (जिसमें दिनांक 3 मई, 1980 की अधिसूचना सं० 3284 (फा० सं० 22/ क० वा० अ०-पं० बं०/79-आ० क० म० क०) द्वारा संशोधन करके एन० के० मुखर्जी किया गया)

12. श्री शंकर नारायण गुह
13. श्री रणजीत मण्डल
14. श्री बिभूति भूषण सरकार
15. श्री सुरेश च० राय
16. श्री सतीश च० राय
17. श्री सुब्रत डे
18. श्री वेलुथक्कल केशवन नायर
19. श्री जैनेन्द्र कुमार राय
20. श्री रवीन्द्र नारायण
21. श्री कालीदास चटर्जी
22. श्री प्रबीर सेन गुप्ता

को, जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी हैं, उक्त अधिनियम के अन्तर्गत कर वसूली अधिकारियों की शक्तियों का प्रयोग करने के लिये, " शब्दों और अक्षरों के स्थान पर—

"1. श्री राजनारायण घोष
2. श्री ए० एल० दत्ता
3. श्री विद्युत् कुमार भट्टाचार्जी
4. श्री अशोक कुमार राय
5. श्री परिमल चन्द्र विस्वास
6. श्री सरत कुमार घोष
7. श्री तुलसीदास मुखर्जी
8. श्री सी० डी० शुक्ल
9. श्री वी० पी० त्यागी
10. श्री हरे कृष्ण पाल
11. श्री शंकर नारायण गुह
12. श्री रणजीत मण्डल
13. श्री बिभूति भूषण सरकार
14. श्री सुरेश च० राय
15. श्री सतीश च० राय
16. श्री सुब्रता डे
17. श्री वेलुथक्कल केशवन नायर
18. श्री जैनेन्द्र कुमार राय
19. श्री रवीन्द्र नारायण
20. श्री कालिदास चटर्जी
21. श्री प्रबीर सेन गुप्ता

को, जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी हैं, उक्त अधिनियम के अन्तर्गत कर वसूली अधिकारियों की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए" शब्द और अक्षर प्रतिस्थापित किए जाएगें ।

[सं० 3286/फा० सं० 404/22(क०व०अ०-प०बं०)79-आ०क०स० क०]

S.O. 1593.—In pursuance of sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income Tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby makes the following amendment in the notification of the Government of India in the Ministry of Finance, Department of Revenue No. 2784 [F. No. 404/22 (TRO-WB)/79-ITCC] dated 26-4-1979 namely ; in the said Notification for the words and letters."

1. "S/Shri Raj Narain Ghosh
2. A. L. Dutta
3 Bidyut Kr. Bhattacharjee
4. Ashoke Kr. Roy
5. Parimal Chander Biswas
6. Sarat Kr. Ghosh
7. Tulsidas Mukherjee
8. C. D. Shukla
9. V. P. Tyagi.
10. Harekrishna Pal
11. N. D. Mukherjee (Modified as N. K. Mukherjee vide Notification No. 3284 (F. No. 22/TRO-WB/79-ITCC) dated 3rd May, 1980
12. Sanker Narayan Guha
13. Ranjit Mondal
14. Bibhuti Bhushan Sarkar
15. Suresh Ch. Roy
16. Satish Ch. Roy
17. Subrata Dey
18. Veluthakkal Kesavan Nair
19. Janendra Kumar Roy
20. Rabindra Narayan
21. Kalidas Chatterjee
22. Prabir Sengupta

being gazetted officers of the Central Government to exercise the powers of Tax Recovery Officers under the said Act" the words and letters:

1. "S/Shri Raj Narain Ghosh
2. A. L. Dutta
3. Bidyut Kr. Bhattacharjee
4. Ashoke Kr. Roy
5. Parimal Chander Biswas
6. Sarat Kr. Ghosh
7. Tulsidas Mukherjee
8. C. D. Shukla
9. V. P. Tyagi
10. Harekrishna Paul
11. Sankar Narayan Guha
12. Ranajit Mondal
13. Bibhuti Bhushan Sarkar
14. Suresh Ch. Roy
15. Satish Ch. Roy
16. Subrate Dey
17. Veluthakkal Kesavan Nair
18. Janendra Kumar Roy
19. Rabindra Narayan
20. Kalidas Chatterjee
21. Prabir Sengupta

being gazetted Officers of the Central Government, to exercise the powers of Tax Recovery Officers under the said Act" shall be substituted.

[No. 3286/F. No. 404/22 (TRO-WB)/79-ITCC]

नई दिल्ली, 15 मई, 1980

आयकर

का० आ० 1594.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उप-खण्ड (iii) का अनुसरण करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा, श्री वी० के० बालकृष्णन् को, जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी है, उक्त अधिनियम के अन्तर्गत कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के प्राधिकृत करती है ।

2. 20 नवम्बर 1979 की अधिसूचना सं० 3007 (फा० सं० 404/97-क० व० अधि०-तमिलनाडु/79—आ० क० स० क०) के अन्तर्गत की गई श्री एम० वीरस्वामी की नियुक्ति को एतद्द्वारा रद्द किया जाता है ।

3. यह अधिसूचना श्री वी० के० बालकृष्णन् द्वारा कर वसूली अधिकारी के पद का कार्य भार ग्रहण करने की तारीख से लागू होगी ।

[सं० 3303 (फा० सं० 398/6/80-आ० क० स० क०)]

New Delhi, the 15th May, 1980

INCOME-TAX

S.O. 1594.—In pursuance of sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby authorises Shri V. K. BALAKRISHNAN being a Gazetted Officer of the Central Government, to exercise the powers of a Tax Recovery Officer under the said Act.

2. The appointment of Shri M. VEERASAMY made under Notification No. 3007 (F. No. 404/97-TRO-TN/79-ITCC) dated 20-9-79 is hereby cancelled.

3. This Notification shall come into force with effect from the date Shri V. K. Balakrishnan takes over charges as Tax Recovery Officer.

[No. 3303(F. No. 398/6/80-ITCC)]

का० आ० 1595.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उप-खण्ड (iii) का अनुसरण करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा, श्री एस० वैद्यनाथन् को, जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी हैं, उक्त अधिनियम के अधीन कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करती है ।

2. 21 जनवरी, 1977 की अधिसूचना सं० 1628 (फा० सं० 404/7/77-आ० क० स० क०) के अन्तर्गत की गई श्री एस० कण्णन की नियुक्ति को एतद्द्वारा रद्द किया जाता है ।

3. यह अधिसूचना श्री एस० वैद्यनाथन् द्वारा कर वसूली अधिकारी के पद का कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से लागू होगी ।

[सं० 3301 (फा० सं० 398/6/80-आ० क० स० क०)]

S.O. 1595.—In pursuance of sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby authorises Shri S. VAIDYANATHAN, being a gazetted Officer of the Central Government, to exercise the powers of a Tax Recovery Officer under the said Act.

2. The appointment of Shri S. KANNAN made under Notification No. 1628 (F. No. 404/7/77-ITCC) dated 21-1-77 is hereby cancelled.

3. This Notification shall come into force with effect from the date Shri S. VAIDYANATHAN takes over charge as Tax Recovery Officer.

[No. 3301 (F. No. 398/6/80-ITCC)]

नई दिल्ली, 20 मई, 1980

का० आ० 1596.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उप-खण्ड (iii) का अनुसरण करते हुए और भारत सरकार के राजस्व विभाग की दिनांक 14 जून, 1979 की अधिसूचना संख्या 2859 [फा० सं० 404/113 (क० व० अ०-रोहतक)/79-आ० क० स० क०] का अधिलंघन करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री एच० एल० चानना को, जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी है, उक्त अधिनियम के अधीन कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करती है ।

2. यह अधिसूचना श्री एच० एल० चानना के कर वसूली अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से लागू होगी ।

[सं० 3391 (फा० सं० 398/13/80-आ० क० स० क०)]

एच० वेंकटरामन, उप सचिव

New Delhi, the 20th May, 1980

S.O. 1596.—In pursuance of sub-clause (iii) of clause (44) of section 2 of Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), and in supersession of Notification of the Government of India in the Department of Revenue No. 2859 [F. No. 404/113-(TRO-Rohtak)/79-ITCC] dated 14-6-79 the Central Government hereby authorises Shri H. L. Chanana being a gazetted officer of the Central Government to exercise the powers of a Tax Recovery Officer under the said Act.

2. This Notification shall come into force with effect from the date Shri H. L. Chanana takes over charge as Tax Recovery Officer.

[No. 3391 (F. No. 398/13/80-ITCC)]

H. VENKATARAMAN, Dy. Secy.

(आर्थिक कार्य विभाग)

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, 29 अक्तूबर, 1979

का०आ० 1597:—भारतीय रिजर्व बैंक एक्ट, 1934 की धारा 53(2) के अनुसार गवर्नर भारतीय रिजर्व बैंक बोर्ड ने, 30 जून, 1979 को समाप्त हुए वर्ष के बारे में, भारतीय बैंक व्यवसाय की प्रवृत्ति तथा प्रगति पर यह वार्षिक रिपोर्ट, भारत सरकार को प्रस्तुत की है।

अध्याय 1

प्रस्तावना

1978-79 में बैंकिंग क्षेत्र में तीन महत्वपूर्ण विशेषताएं पायी गयीं। उक्त विशेषताएं इस प्रकार थी : जमाराशियों और ऋणों में निरंतर वृद्धि होती रही, कमजोर वर्गों को ऋण उपलब्ध कराने में बैंकों का योगदान अधिकाधिक रहा और विशेष रूप से क्षेत्रीय असंतुलनों को कम करने के लक्ष्य के साथ तीन वर्षों के लिए शाखा विस्तार की नीति शुरू की गयी। मार्च 1979 तक सरकारी क्षेत्र के बैंकों को पहले निर्धारित दो राष्ट्रीय लक्ष्यों की पूर्ति करनी थी : पहला लक्ष्य यह था कि बैंकों को इस बात की कोशिश करनी चाहिए कि उनके बकाया ऋण के एक-तिहाई से अन्यून मात्रा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को उपलब्ध हो। दूसरा लक्ष्य यह था कि कि ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों से बैंकों ने जो जमाराशि जुटायी उसका 60 प्रतिशत उन्हीं क्षेत्रों में काम में लाया जाए। इन बातों में भी 1978-79 में उल्लेखनीय प्रगति हुई।

1.2 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की कुल जमाराशियों में 1978-79 (जुलाई-जून) में 4,556 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई; यह वृद्धि 1977-78 में हुई 4,410 करोड़ रुपयों की वृद्धि की तुलना में थोड़ी सी अधिक थी। किन्तु वृद्धि की दरों की दृष्टि से कुल जमाराशियों की वृद्धि दर 1977-78 के 23.3 प्रतिशत के मुकाबले घटकर 19.5 प्रतिशत हो गयी। इसका प्राथमिक कारण यह था कि जहां 1977-78 में राष्ट्रीय आय में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई वहां 1978-79 में उसमें केवल 4 प्रतिशत से 4.5 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई।

1.3. 1978-79 के दौरान ऋण की प्रवृत्तियों के दो अलग-अलग चरण पाये गये। पहला चरण इस वर्ष के प्रारंभिक भाग में पाया गया जब चलनिधि काफी अधिक जमा हो चुकी थी; उसके बाद दूसरे चरण में ऋण में तीव्र वृद्धि पायी गयी। विशेष रूप से 17 नवंबर 1978 को समाप्त आठ सप्ताहों के दौरान खाद्येतर बैंक ऋण में असाधारण रूप से प्रति सप्ताह लगभग 100 करोड़ रुपयों की उच्च दर पर वृद्धि हुई। वृद्धिशील ऋण-जमा अनुपातों की दृष्टि से इन आठ सप्ताहों का अनुपात लगभग 100 प्रतिशत था। बैंक ऋण में असाधारण वृद्धि की स्थिति के बाद भारतीय रिजर्व बैंक ने वृद्धिशील (सकल) खाद्येतर ऋण जमा अनुपात को 1 दिसम्बर 1978 से मार्च 1979 के अंत तक की अवधि के लिए 40 प्रतिशत तक सीमित करने की नीति निर्धारित की। वास्तव में जनवरी 1979 के अंतिम सप्ताह तक ऐसे ऋण में काफी अधिक वृद्धि हुई। खाद्येतर (सकल) बैंक ऋण में 1978-79 के पूरे वर्ष में 17.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह वृद्धि पिछले वर्ष हुई लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि के अनिरियत थी। 1978-79 में लगभग 7.6 प्रतिशत का औद्योगिक विकास हुआ जबकि 1977-78 में उक्त प्रतिशत 3.9 था और साथ ही चीनी जैसे उद्योग क्षेत्रों में भारी मात्रा में स्टाक जमा रखने की आवश्यकता थी। यदि इन सब के लिए अपेक्षित ऋण की मात्रा को स्वीकार कर भी लिया जाए तो भी 1978-79 में खाद्येतर (सकल) बैंक ऋण का विस्तार अपेक्षा से अधिक था। इस अवधि में ऋण नीति संबंधी जो कार्रवाइयां की गयी उनपर इस पृष्ठभूमि में विचार करना होगा।

1.4 पिछले वर्ष के अनुभव से ऋण के आकड़ों/सूचनाओं अथवा आम तौर पर बैंकिंग संबंधी निर्देशकों का अनुशीलन करने के वर्तमान तंत्र में पायी गयी कमियों में तीव्र सुधार आया। व्यापक स्तर पर बकायी जाने वाली ऋण आयोजना के लिए अलग-अलग बैंक के स्तर पर सूचना तंत्र की व्यवस्था द्वारा काफी सहायता मिलनी चाहिए। इससे उक्त बैंक अपनी शाखाओं की कार्य प्रणाली का तत्काल सफलतापूर्वक अध्ययन कर सकता है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए अलग-अलग बैंक के स्तर पर अनुशीलन तंत्र में सुधार लाने की कार्रवाई की जा चुकी है।

1.5 भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार सरकारी क्षेत्र के वाणिज्य बैंकों द्वारा कृषि, लघु उद्योग और छोटे ऋणकर्ता जैसे प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को दिये जानेवाले अग्रिमों की राशि मार्च 1979 तक उनके बकाया ऋण के एक तिहाई अंश से कम नहीं होनी चाहिए। मार्च 1979 के अंत में 50 बैंकों द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को दिये गये अग्रिमों का अंश, जो कुल बैंक ऋण का लगभग 95 प्रतिशत था, कुल बैंक ऋण (शुद्ध) में 30.5 प्रतिशत था जबकि एक वर्ष पहले उक्त अंश 28.2 प्रतिशत था। बढ़ते हुए कुल ऋण (शुद्ध) में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को प्राप्त ऋण का अंश 1978-79 (अप्रैल-मार्च) में 13.0 प्रतिशत था जो 1977-78 के 46.9 प्रतिशत के तदनुरूप अंश के मुकाबले कम था।

1.6 किन्तु ग्रामीण क्षेत्र को ऋण प्रदान करने के संबंध में निर्धारित लक्ष्य के मामले में बैंकिंग तंत्र को अभी और बहुत कुछ करना है। सरकारी क्षेत्र के बैंकों से यह आशा की गयी थी कि वे अपनी ग्रामीण और अर्ध शहरी शाखाओं के संदर्भ में कम से कम 60 प्रतिशत के ऋण-जमा अनुपात के अलग-अलग लक्ष्य की पूर्ति मार्च 1979 तक कर देंगे। समग्र देश की दृष्टि से ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों के मामले में उक्त अनुपात जून 1978 के अंत में क्रमशः 52.5 और 47.4 प्रतिशत थे। प्रस्थिल भारतीय अनुपात कम जरूर है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि सभी क्षेत्रों/जिलों में उक्त अनुपात निर्धारित लक्ष्य से बहुत कम रहा है। वस्तुतः दक्षिणी प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में यह अनुपात 76.3 प्रतिशत था जो लक्ष्य से काफी अधिक था और उसके अर्ध शहरी क्षेत्रों में यह अनुपात निर्धारित लक्ष्य तक पहुंच गया है। अर्ध शहरी क्षेत्रों में यह अनुपात 59.7 प्रतिशत था। इसी प्रकार ग्रामीण बैंक शाखाएं तथा अर्ध शहरी बैंक शाखाएं जिन जिलों में कार्यरत हैं उनके क्रमशः 38 प्रतिशत और 33 प्रतिशत जिलों में ऋण-जमा अनुपात 60 प्रतिशत और अधिक थे। इससे यह विदित होता है कि ऋण-जमा अनुपात की दृष्टि से विभिन्न क्षेत्रों और यहां तक कि जिलों में भी असमान प्रगति हुई है।

1.7 ऋण प्रदान करने के क्षेत्र में वाणिज्य बैंकों का जो दृष्टिकोण इन राष्ट्रीय लक्ष्यों के माध्यम से प्रकट होता है उससे कुछ वर्षों में ऋण विन्यास में महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है। उदाहरण के लिए कुल बैंक ऋण में बड़े और मझौले उद्योगों का अंश पिछले कुछ वर्षों में कम हुआ है; किन्तु कृषि जैसे प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों का अंश काफी बढ़ गया है। भारत सरकार द्वारा अक्तूबर 1978 में गठित पांच कार्यकारी दलों की सिफारिशों के आधार पर हाल ही में बैंकों को जारी किये गये कुछ मार्ग-दर्शी सिद्धान्तों के परिणामस्वरूप शायद उक्त परिवर्तन की गति में तीव्रता आ सकती है। इसके अलावा खण्ड विकास योजनाओं और अभी हाल ही में जिला उद्योग केन्द्रों में भी बैंकों का योगदान बढ़ता रहा है। इन नये और जटिल कार्यों को पूरा करने में बैंकिंग तंत्र की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वे कितनी जल्दी इन नये कार्यों के अनुरूप ऋण प्रदान करने से संबंधित अपने दृष्टिकोणों, क्रियाविधियों और क्षमता को नयी दिशा प्रदान कर सकते हैं।

1.8 क्षेत्रीय असंतुलनों को कम करने और ग्रामीण ऋण के क्षेत्र में बहु एजेंसी दृष्टिकोण को मजबूत बनाने के स्थान सिद्धांत को लेकर सितंबर 1978 में 1979—81 के तीन वर्षों के लिए एक व्यापक शाखा विस्तार नीति घोषित की गयी। बहु एजेंसी दृष्टिकोण का मूलभूत उद्देश्य यह है कि ग्रामीण ऋण के क्षेत्रों में योगदान प्रदान करने वाली सभी एजेंसियां अर्थात वाणिज्य बैंकों, क्षेत्रीय बैंकों और सहकारी बैंकों का कार्य अपेक्षाकृत अधिक कारगर हो, विषमता पूर्ण नीतियों को हटाया जाए और ग्रामीण क्षेत्र को अधिकाधिक संस्थागत ऋण उपलब्ध हो। शाखा लाइसेंसीकरण नीति बैंकिंग तंत्र का सुव्यवस्थित स्वरूप तैयार करने और बैंकिंग विकास

में विद्यमान क्षेत्रीय असंतुलनों को कम करने के मूलभूत सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए बनायी गयी है। 1979—81 के तीन वर्षों के दौरान ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में लगभग 6,500 शाखाएं खोलने का कार्यक्रम बनाया गया है। इस कार्य के लिए जिलावार योजनाएं तैयार की जा रही हैं। परिस्थिति की अपेक्षानुसार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थापना के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं।

अध्याय 2

वाणिज्य बैंक व्यवसाय

शाखा विस्तार : नीति और प्रगति

2.1 चौदह प्रमुख वाणिज्य बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने के बाद पहले दशक में देश भर में 21,900 नये बैंक कार्यालय खोले गये; इससे कार्यरत कार्यालयों की कुल संख्या जून 1969 के 8,262 से बढ़कर जून 1979 के अंत में 30,202 हो गयी। नये कार्यालयों में से आधे से अधिक (11,476) कार्यालय ऐसे केन्द्रों में खोले गये जहां पहले वाणिज्य बैंक कार्यालय नहीं थे। प्रति बैंक कार्यालय औसत जनसंख्या जून 1969 के 65,000 से घटकर जून 1979 में लगभग 18,000 हो गयी। कुछ क्षेत्रों में बैंकिंग से संबंधित मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता में कमियां होने के बावजूद यह उल्लेखनीय प्रगति हुई। जून 1979 के अंत में प्रति बैंक कार्यालय जनसंख्या 13 राज्यों संघशासित क्षेत्रों में औसत से भी अधिक थी (सारणी 2.1)।

सारणी 2.1—जून 1977, जून 1978, दिसम्बर 1978 और जून 1979 के अंत में बैंक कार्यालयों का राज्यवार वितरण

राज्य/संघशासित क्षेत्र	निम्नलिखित वर्षों के अंत में कार्यालयों की संख्या				1977-78 के दौरान खोले गये केन्द्र (जुलाई 1977 से जून 1978 तक)	उनमें से बैंक रहित	1978-79 के दौरान खोले गये केन्द्र (जुलाई 1978 से जून 1979 तक)	उनमें से बैंक रहित	प्रति बैंक कार्यालय जनसंख्या (हजारों में) निम्नलिखित वर्षों के अंत में		
	जून 1977	जून 1978	दिसम्बर 1978	जून 1979					जून 1978	दिसम्बर 1978	जून 1979
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
आन्ध्र प्रदेश	1,844	2,134	2,314	2,366	289	218	232	162	20	19	18
असम	354	414	437	446	60	44	32	24	35	33	33
बिहार	1,176	1,397	1,498	1,594	222	162	198	151	30	38	35
गुजरात	1,883	2,077	2,143	2,162	194	143	85	43	13	12	12
हरियाणा	604	674	695	720	71	50	46	32	15	14	14
हिमाचल प्रदेश	253	292	311	313	39	32	21	14	12	11	11
जम्मू और काश्मीर	285	337	356	371	52	41	34	30	14	13	12
कर्नाटक	2,138	2,339	2,480	2,531	204	135	193	132	13	12	12
केरल	1,705	2,011	2,059	2,098	306	238	87	59	11	10	10
मध्य प्रदेश	1,247	1,465	1,578	1,626	218	175	162	122	28	26	26
महाराष्ट्र	2,671	2,913	3,062	3,113	243	123	200	98	17	16	16
मणिपुर	23	32	33	35	9	9	3	1	34	33	31
मेघालय	41	49	53	53	8	6	4	4	21	19	19
नागालैंड	22	29	32	33	7	5	4	3	18	16	16
उड़ीसा	529	660	698	718	131	104	59	46	33	31	31
पंजाब	1,271	1,425	1,461	1,469	154	118	44	22	10	9	9
राजस्थान	1,022	1,150	1,277	1,317	128	94	167	136	22	20	20
तमिलनाडु	2,307	2,552	2,635	2,675	246	181	123	87	16	16	15
त्रिपुरा	49	67	69	69	17	11	2	2	23	23	23
उत्तर प्रदेश	2,714	3,055	3,246	3,369	342	221	313	239	29	27	26
पश्चिम बंगाल	1,626	1,804	1,866	1,910	179	97	106	52	25	24	23
अंदमान और निकोबार द्वीपसमूह	7	12	12	12	5	4	—	—	10	10	10
अरुणाचल प्रदेश	11	13	17	17	2	2	4	3	36	28	28
चंडीगढ़	71	74	75	76	3	1	2	1	3	3	3
दादरा और नागर हवेली	4	4	4	4	—	—	—	—	19	19	19
दिल्ली	709	768	810	820	60	7	54	2	5	5	5
गोवा, दमण और दीव	190	216	223	225	26	21	9	7	4	4	4
लक्षद्वीप	5	5	5	5	—	—	—	—	6	6	6
मिजोरम	4	6	12	12	2	—	6	6	55	28	28
पांडिचेरी	37	42	43	13	5	3	1	—	11	11	11
जोड़	24,802	28,016	29,504	30,202	3,222	2,245	2,191	1,478	20	19	18

टिप्पणी : (1) जुलाई 1977 से जून 1978 तक की अवधि के दौरान 8 कार्यालय बंद किये गये।
(2) जुलाई 1978 से जून 1979 तक की अवधि के दौरान 5 कार्यालय बंद किये गये।
(3) सिक्किम से संबंधित आंकड़े तत्काल उपलब्ध नहीं हैं।
(स्रोत : बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक)

2.2 सितम्बर 1978 में 1979-81 के तीन वर्षों की अवधि के लिए एक नयी शाखा लाइसेंसीकरण नीति बनायी गयी; यह इस वर्ष की महत्वपूर्ण गतिविधि थी । इस नीति का समग्र उद्देश्य यहां पहले की तरह कम बैंक सुविधायुक्त क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार करना तथा इस संबंध में राज्यों और जिलों के बीच विद्यमान असमानताओं को कम करना है, वहां दूसरे निम्नलिखित तत्वों को भी ध्यान में रखा गया है: ग्रामीण विकास पर जोर दिया गया था; विकासपरक कार्यकलापों के लिए आवश्यक समर्थन दिया गया था तथा दांतवाला समिति, जेम्स राज समिति और कामथ कार्यकारी दल ने कई महत्वपूर्ण सिफारिशें की थीं । यह नीति बहु एजेंसी दृष्टिकोण पर आधारित है और इसमें वित्तीय संस्थाओं अर्थात् वाणिज्य बैंकों, सहकारी समितियों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के बीच समन्वयन पर बल दिया गया है ताकि निरर्थक प्रतियोगिता न हो और अलग अलग संस्थायें एक ही प्रकार के प्रयास न करें । इस नीति की रूपरेखा नीचे दी गयी है:

(1) ऐसे क्षेत्रों—राज्यों और जिलों—का पता लगाया गया है जहां प्रति कार्यालय जनसंख्या जून 1978 के अंत में 20,000 के राष्ट्रीय औसत से अधिक होने के कारण वाणिज्य बैंकिंग सेवाओं की कमी विदित हुई है । इन क्षेत्रों को राष्ट्रीय औसत के बराबर लाने के लिए ग्रामीण तथा अर्ध शहरी केन्द्रों में 1979-81 की अवधि में लगभग 6,500 नये कार्यालय खोलना आवश्यक समझा गया है । समस्त बैंकों को राज्य/जिलावार उन कार्यालयों की सूचियां भेजी गयी हैं जहां बैंक कार्यालय खोले जाने की आवश्यकता है । इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक राज्य सरकारों तथा संबंधित बैंकों के साथ परामर्श कर शाखा विस्तार की जिलावार योजनाएं बना रहा है । विभिन्न राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में केन्द्रों के आबंटन का कार्य प्रारम्भ किया गया है तथा 30 जून, 1979 तक विभिन्न बैंकों को तीन वर्षों की अवधि में कार्यालय स्थापित करने के लिए लगभग 2,000 ग्रामीण/अर्ध शहरी केन्द्रों का आबंटन किया गया है । इस अवधि में शाखाएं खोलने के लिए किये गये केन्द्रों के कुल आबंटन में वस्तुतः 76 प्रतिशत अंश बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल के पिछड़े राज्यों का था ।

(2) इस नीति में देश के समस्त सामुदायिक विकास खण्डों के मुख्यालयों को सरकार की विकासात्मक प्रशासन संबंधी योजना में प्राप्त विशेष स्थान को देखते हुए बैंक शाखाएं खोलने के मामले में उन्हें उच्च प्राथमिकता दी गयी है । ऐसे खंडों के मुख्यालयों में जून 1979 के अंत तक बैंक कार्यालय की सुविधाएं उपलब्ध हों—इस उद्देश्य से एक समयबद्ध कार्यक्रम बनाया गया है ।

(3) कतिपय जिलों में प्रति बैंक कार्यालय विद्यमान औसत जनसंख्या अक्सर जिले के ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में बैंक व्यवसाय का विस्तार करने के लिए पर्याप्त मानदंड सिद्ध नहीं हो सकतीं; क्योंकि शहरी केन्द्रों में बैंक कार्यालयों के संकेन्द्रीकरण से पक्षपातपूर्ण स्थिति पायी जाती है । ऐसे मामलों में असंतुलन को कम करने के निमित्त ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में शाखाएं खोलने के लिए अतिरिक्त लाइसेन्स प्रदान किये जायेंगे ।

(4) यह स्वीकार कर लिया गया है कि शहरी और महानगरीय केन्द्रों और पत्तन शहरों में शाखा विस्तार के कार्य को पूर्णतः रोकना वांछनीय नहीं होगा । ये केन्द्र ऐसे कारोबार की संभावनाएं प्रस्तुत करेंगे जो विशेष रूप से पिछड़े इलाकों में ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर शाखा विस्तार करने से बैंकों की कार्यक्षमता पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम करने में सहायता कर सकता है । अतः नयी नीति में अत्यधिक रूप से चुने हुए आधार पर शहरी/महानगरीय क्षेत्रों में कुछ और विस्तार करने का कार्य सम्मिलित किया गया है । इस प्रयोजन के लिए शहरी सहकारी बैंकों के कार्यरत कार्यालयों को भी हिसाब में लिया जाएगा ।

(5) ग्रामीण क्षेत्र के वित्तपोषण में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी है । नये क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थापना तथा कार्यरत क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की शाखाओं के विस्तार को प्रोत्साहन दिया जायेगा । जिन क्षेत्रों में नये क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थापना की जा सकती है उनका पता लगाने के उद्देश्य से जिलावार अध्ययन किया जा रहा है तथा ऐसे अध्ययन में उन जिलों को प्राथमिकता दी जा रही है जहां वाणिज्य और सहकारी बैंकिंग तंत्र विद्यमान हैं । क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को अब तक केवल वाणिज्य बैंक प्रायोजित करते रहे हैं । शिखर सहकारी बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के बीच निकटतर संपर्क स्थापित हो—इस उद्देश्य से जहां कहीं संभव हो वहां शिखर बैंकों तथा वाणिज्य बैंकों द्वारा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के संयुक्त प्रायोजन को प्रोत्साहन दिया जायगा । उपयुक्त मामलों में केवल शिखर सहकारी बैंकों द्वारा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का प्रायोजन किये जाने पर भी विचार किया जाएगा । संप्रति क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक वर्तमान विधान के अन्तर्गत गठित किये जाते रहेंगे । क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के परिचालन क्षेत्र का जहां तक संबंध है, कोई कठोर मानदंड निर्दिष्ट करने का प्रस्ताव नहीं है और इस संदर्भ में लचीला दृष्टिकोण अपनाया जायेगा । ग्रामीण क्षेत्रों में शाखा विस्तार के मामले में उन जिलों को, जहां क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक स्थापित किये गये हैं अथवा स्थापित किये जायेंगे, प्राथमिकता दी जाएगी । जिन मामलों में कृषि के वित्तपोषण की विशेष योजनाएं विद्यमान हैं और जहां क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तत्काल विस्तार करने की स्थिति में नहीं हैं, जिले के संबंधित अग्रणी बैंक को सामान्यतः शाखाएं खोलने की अनुमति दी जाएगी । परन्तु इससे वाणिज्य बैंकों पर जहां कहीं आवश्यक समझा जाए वहां नई शाखाएं (कृषि विकास शाखाओं सहित) खोलने अथवा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के अधिकार क्षेत्रों में उनकी वर्तमान शाखाओं को जारी रखने के मामले में कोई प्रतिबन्ध नहीं होगा । जिन क्षेत्रों में कोई क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कार्यरत नहीं हैं अथवा उनकी स्थापना करने का प्रस्ताव नहीं है, उन क्षेत्रों में अग्रणी बैंकों को अपने अग्रणी जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यालय खोलने के लिए प्राथमिकता दी जाएगी ।

(6) फिलहाल कतिपय अग्रणी बैंकों ने अपने अग्रणी जिलों में कारगर ढंग से अपने अग्रणी दायित्व को निभाने के लिए पर्याप्त मात्रा में शाखा विस्तार नहीं किया है । भविष्य में केन्द्रों का आबंटन करते समय संबंधित अग्रणी बैंकों से यह कहा जाएगा कि वे पूर्व निर्धारित समग्र उद्देश्य के भीतर अपने अग्रणी जिलों में अधिकाधिक कार्यालय खोलें । बैंकों के क्षेत्रीय स्वरूप के परिप्रेक्ष्य में अग्रणी दायित्व में अदला-बदली करने की भी अनुमति है ।

---

1 यहां निम्नलिखित के प्रति संकेत हैं :

(क) सरकारी क्षेत्र के बैंकों की कार्य प्रणालियों का अध्ययन करने के लिए गठित समिति (जेम्स राज समिति), 1977

(ख) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से संबंधित समिति (दांतवाला समिति), 1977

(ग) कृषि के वित्तपोषण में बहु एजेंसी दृष्टिकोण अपनाने से उभरनेवाली समस्याओं का अध्ययन करने के लिए गठित कार्यकारी दल (कामथ कार्यकारी दल), 1976

सारणी 2.2—वर्ष 1977-78 और 1978-79 के दौरान खोले गये कार्यालयों का बैंक समूहवार ब्यौरा

	वाणिज्य बैंकों द्वारा खोले गये नये कार्यालय						निम्नलिखित तारीखों को बैंक कार्यालय			निम्नलिखित तारीखों को बैंकों की संख्या		
	1977-78			1978-79								
	जुलाई-दिसंबर 1977	जनवरी-जून 1978	जुलाई-जून 1977-78	जुलाई-दिसंबर 1978	जनवरी-जून 1979	जुलाई-जून 1978-79	30 जून 1978	31 दिसम्बर 1978	30 जून 1979	30 जून 1978	31 दिसंबर 1979	30 जन 1979
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1. भारतीय स्टेट बैंक	309 (200)	145 (93)	454 (293)	168 (84)	73 (43)	241 (127)	4,813	4,979	5052	1	1	1
2. भारतीय स्टेट बैंक के सहायक बैंक	142 (92)	51 (22)	193 (114)	105 (69)	38 (22)	143 (91)	2,192	2,297	2335	7	7	7
3 14 राष्ट्रीयकृत बैंक	820 (553)	385 (254)	1,205 (807)	566 (316)	224 (151)	790 (467)	13,745	14,309	14533	14	14	14
4 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	394 (346)	233 (214)	627 (560)	318 (298)	343 (226)	561 (524)	1,405	1,723	1965	48	51	56
5. अन्य अनुसूचित वाणिज्य बैंक	519 (350)	203 (104)	122 (454)	334 (195)	116 (68)	450 (263)	5,659	6,010	6126	38	39	39
6. विदेशी बैंक	1 (—)	—	1 (—)	—	—	—	129	129	129	14	14	14
7. समस्त अनुसूचित वाणिज्य बैंक	2,185 (1,541)	1,017 (687)	3,202 (2,228)	1,491 (962)	694 (510)	2185 (1472)	27,943	29,447	30140	122	126	131
8. गैर अनुसूचित वाणिज्य बैंक	13 (12)	7 (5)	20 (17)	1 (1)	5 (5)	6 (6)	73	57+	62	6	5	5
9. समस्त वाणिज्य बैंक	2,198 (1,553)	1,024 (692)	3,222 (2,245)	1,492 (963)	699 (518)	2191 (1478)	28,016	29,504	30202	128	131	136

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े उन बैंक रहित केन्द्रों की संख्या है, जहां कार्यालय खोले गये ।

(स्रोत : बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक)

(7) जिन बैंकों का स्वरूप क्षेत्रीय है, उनसे सामान्यतः सुदूर इलाकों में शाखाएं खोलने के लिए नहीं कहा जाएगा ; परन्तु उन्हें अपने ही परिचालन क्षेत्र में प्रयासों को केन्द्रित करने अथवा निकटवर्ती कमी के क्षेत्रों में चुने हुए आधार पर विस्तार करने के लिए कहा जाएगा ।

2.3 वर्ष 1978-79 (जुलाई-जून) के दौरान शाखा विस्तार की नीति का प्रमुख उद्देश्य पहले की तरह यही बना रहा कि जिन क्षेत्रों में पर्याप्त बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं उन क्षेत्रों में बैंक कार्यालय खोले जाएं । चूंकि जनवरी 1978 में रिजर्व बैंक ने यह निर्णय किया कि शाखा विस्तार की गति को कम कर वर्तमान विन्यास का समेकन करने एवं उसे मजबूत बनाने पर जोर दिया जाए अतः आलोच्य वर्ष के दौरान खोले गये कार्यालयों की संख्या 2,191 थी जो पिछले वर्ष (3,222) की अपेक्षा कम थी । फिर भी बैंक रहित केन्द्रों में बैंक कार्यालय खोलने के कार्य में तीव्रता लायी गयी और 1,478 कार्यालय (अथवा कुल नये कार्यालयों का 67 प्रतिशत) ऐसे क्षेत्रों में खोले गये । इन नये बैंक रहित केन्द्रों में से अधिकांश केन्द्र (44.2 प्रतिशत) उत्तर पूर्वी क्षेत्र के पिछड़े राज्यों और संघशासित क्षेत्रों—बिहार, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में थे ।

सारणी 2.3—वाणिज्य बैंक कार्यालयों का जनसंख्या समूहवार वितरण

(महीने के अंत में बैंक कार्यालयों की संख्या)

	जून 1975	जोड़ में प्रतिशत	दिसम्बर 1975	जोड़ में प्रतिशत	जून 1976	जोड़ में प्रतिशत	दिसम्बर 1976	जोड़ में प्रतिशत
	1	2	3	4	5	6	7	8
ग्रामीण	6,806	36.3	7,385	36.1	7,687	36.2	8,839	37.4
अर्ध शहरी	5,569	29.7	6,164	30.1	6,387	30.1	7,024	29.7
शहरी	3,267	17.5	3,589	17.6	3,739	17.6	4,135	17.5
महानगरीय/पत्तन शहरी	3,088	16.5	3,308	16.2	3,407	16.1	3,657	15.4
जोड़	18,730	100.0	20,446	100.0	21,220	100.0	23,655	100.0

	जून 1977	जोड़ में प्रतिशत	दिसम्बर 1977	जोड़ में प्रतिशत	जून 1978	जोड़ में प्रतिशत	दिसम्बर 1978	जोड़ में प्रतिशत	जून 1979	जोड़ में प्रतिशत
	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18
ग्रामीण	9,532	38.4	11,092	41.0	11,802	42.1	12,806	43.4	3,333	44.1
अर्ध शहरी	7,211	29.1	7,493	27.8	7,586	27.1	7,778	26.4	7,845	26.0
शहरी	4,263	17.2	4,445	16.5	4,542	16 2	4,668	16.8	4,777	15.6
महानगरीय/पत्तन शहरी	3,796	15.3	3,966	14.7	4,083	14.6	4,252	14.4	4,307	14.3
जोड़	24,802	100.0	26,996	100.0	28,016	100.0	29,504	100.0	30,202	100.0

टिप्पणी : ग्रामीण केन्द्र : 10,000 से अधिक जनसंख्यायुक्त स्थान । अर्ध शहरी केन्द्र : 10,000 से अधिक परन्तु 1,00,000 तक की जनसंख्यायुक्त स्थान । शहरी केन्द्र : 1,00,000 से अधिक परन्तु 10,00,000 तक की जनसंख्यायुक्त स्थान । महानगरीय केन्द्र : 10,00,000 से अधिक जनसंख्यायुक्त स्थान ।

(स्रोत : बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक)

विदेशों में भारतीय वाणिज्य बैंकों के कार्यालय

2.4 आलोच्य वर्ष के दौरान चार भारतीय बैंकों ने विदेशों में निम्न प्रकार 10 कार्यालय खोले : चार कार्यालय ब्रिटेन में, दो कार्यालय अमेरिका में और एक-एक कार्यालय हांगकांग, केमन द्वीप, चैनल द्वीप और बहामास में । विदेशों में भारतीय बैंकों के कार्यालयों की कुल संख्या जून 1979 के अंत में 123 थी । विदेशों में 11 भारतीय बैंकों के कार्यालय कार्यरत थे और इनमें से बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ इंडिया के क्रमशः 54 और 23 कार्यालय थे । यदि देश-वार देखा जाए तो सर्वाधिक भारतीय बैंक कार्यालयों की संख्या ब्रिटेन में (41) थी ; तदनंतर हांगकांग (14), फिजी द्वीपसमूह (10), केन्या (9), सिंगापुर (7) और मारिशस (6) का स्थान था ।

2.5 विदेश स्थित भारतीय बैंक कार्यालयों की कुल जमाराशियां दिसम्बर 1977 के अंत में 1,226 करोड़ रुपये थीं और वे जून 1978 के अंत में बढ़कर 1,396 करोड़ रुपये हो गयी । इन कार्यालयों द्वारा प्रदत्त ऋणों की राशि जहां दिसम्बर 1977 के अंत में 850 करोड़ रुपये थी वहां जून 1978 के अंत में बढ़कर 977 करोड़ रुपये हो गयी ।

जमा वृद्धि

2.6 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के जमा साधनों में वर्ष 1978-79 (जुलाई-जून) के दौरान उल्लेखनीय वृद्धि हुई । अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की कुल जमा राशियों में वर्ष 1978-79 के दौरान 4,556 करोड़ रुपयों की वृद्धि पायी गयी और समग्र रूप से उनकी राशि पिछले वर्ष (24 जून 1977 से 30 जून 1978 तक) हुई वृद्धि (4,410 करोड़ रुपये) के मुकाबले सीमान्त वृद्धि की द्योतक थी (सारणी 2.4) । फिर भी, आलोच्य वर्ष के दौरान जमाराशियों में पायी गयी 19.5 प्रतिशत की वृद्धि दर पिछले वर्ष की दर (23.3 प्रतिशत) के मुकाबले कम ही थी । यदि वर्गवार देखा जाए तो मांग और मीयादी जमा राशियों में 1978-79 के दौरान क्रमशः 1,162 करोड़ रुपयों (12.6 प्रतिशत) और 3394 करोड़ रुपयों (24.1 प्रतिशत) की बढ़ोतरी हुई जबकि 1977-78 के दौरान उनमें क्रमशः 1,929 करोड़ रुपयों (26.5 प्रतिशत) और 2,481 करोड़ रुपयों (21.4 प्रतिशत) की बढ़ोतरी हुई थी ।

2.7 वृद्धिशील जमाराशियों में मीयादी जमाराशियों का अंश 74.5 प्रतिशत था जब कि पिछले वर्ष उक्त अंश 56.3 प्रतिशत था । मीयादी जमाराशियों में हुई अपेक्षाकृत भारी वृद्धि अंशतः सांख्यिकीय थी क्योंकि बचत जमाराशियों के मांग/मीयादी अंश का निर्धारण करने से संबंधित क्रियाविधि में परिवर्तन किया गया ।[1]

सारणी 2.4—अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के आंकड़े

(करोड़ रुपये)

	निम्नलिखित तारीखों को बकाया			निम्नलिखित वर्षों के दौरान घट-बढ़*	
	24 जून 1977	30 जून 1978	29 जून 1979*	1977-78 (2-1)	1978-79* (3-2)
	1	2	3	4	5
1. कुल जमाराशियां	18,903	23,313	27,869	+ 4410	+ 4556
(क) मांग जमाराशियां	7,290	9,219	10,381	+ 1929	+ 1162
(ख) मीयादी जमाराशियां	11,613	14,094	17,488	+ 2481	+ 3394
2. कुल बैंक ऋण	13,491	15,694	18,538	+ 2203	+ 2844
(क) उनमें से खाद्यान्नों की वसूली के लिए	2,536	2,525	2,996	— 11	+ 471
(ख) खाद्य ऋण को छोड़कर बैंक ऋण	10,955	13,169	15,542	+ 2214	+ 2373
3. रिजर्व बैंक में पुनः भुनाये गये बिल	116	101	77	— 15	— 24
4. सकल बैंक ऋण (2+3)	13,607	15,795	18,615	+ 2188	+ 2820
5. सरकारी और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश	6,180	7,552	9,418	+ 1372	+ 1866
(क) सरकारी प्रतिभूतियां	4,352	5,497	6,908	+ 1145	+ 1411
(ख) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां	1,828	2,055	2,510	+ 227	+ 455
6. रिजर्व बैंक में नकदी और जमा रकम	1,563	2,755	3,457	+ 1192	+ 702
7. रिजर्व बैंक से लिये गये उधार	563	335	659	— 228	+ 324
8. ऋण-जमा अनुपात	71	67	67		
9. सकल ऋण-जमा अनुपात	72	68	67		
10. ऋण (खाद्य ऋणों को छोड़कर)—जमा अनुपात	58	56	56		
11. सकल ऋण (खाद्य ऋणों को छोड़कर)—जमा अनुपात	59	57	56		
12. निवेश—जमा अनुपात	33	32	34		

[1]क्रियाविधि में हुए परिवर्तन का संकेत 'बैंकिंग विधान और विनियम' खंड में किया गया है ।

*अनंतिम

(स्रोत : भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(2) के अधीन प्राप्त विवरणियां)

2.8 दोनों प्रकार की अनिवासी जमाराशियों में उल्लेखनीय वृद्धि पायी गयी (सारणी 2.5) । विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खाता योजना के अंतर्गत जमाराशियों पर लागू न्यूनतम एक वर्ष और अधिकतम पांच वर्षों की अवधि की शर्त को 5 जून 1979 से हटा दिया गया है और इस प्रकार ऐसी जमाराशियों को बैंकों द्वारा स्वीकार की जानेवाली अन्य समस्त जमाराशियों की तरह बना दिया गया ।

सारणी 2.5—अनिवासी (विदेशी) रुपया खातों और विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खातों के अधीन विद्यमान खातों की संख्या और बकाया जमा रकम

अनिवासी (विदेशी) रुपया खाते

निम्नलिखित वर्षों के अंत में	खातों की संख्या (1)	राशि (करोड़ रुपयों में) (2)
मार्च 1978	248621	325
मार्च 1979	366574	484

विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खाते

निम्नलिखित वर्षों के अंत में	विदेशी मुद्रा (1)	खातों की संख्या (2)	जमाराशि (हजारों में) (3)
दिसंबर 1978	पौंड स्टार्लिंग	7445	12936
दिसंबर 1977*	पौंड स्टर्लिंग	4496	7296
दिसंबर 1978	अमरिकी डालर	29690	142406
दिसंबर 1977*	अमेरिकी डालर	23048	120705

*संशोधित आंकड़े

(स्रोत : सांख्यिकीय विभाग, और विदेशी मुद्रा नियंत्रण विभाग भारतीय रिजर्व बैंक)

ऋण की प्रवृत्तियां

2.9 जमाराशियों के साथ-साथ ऋणों में भी आलोच्य वर्ष के दौरान उच्च वृद्धि दर पायी गयी । परन्तु वृद्धि की गति समान नहीं थी और आलोच्य वर्ष के दौरान ऋण के विस्तार में दो स्पष्ट चरण पाये गये—प्रारंभिक महीनों में कमी पायी गयी और तदनंतर बैंक कर्मचारियों द्वारा चलाये गये आंदोलन के कारण आयी बाधाओं के परिणामस्वरूप ऋणों में काफी अधिक वृद्धि हुई । वर्ष के अंत में प्रतिबन्धक नीति संबंधी उपायों के प्रभाव के कारण वृद्धि की गति में गिरावट आयी ।

2.10 जून के अंत से अक्तूबर 1978 के अंत तक के चार महीनों की अवधि में, जो कि संयोगवश परंपरागत कम कामकाज के समय का परवर्ती भाग भी था, सकल बैंक ऋण में हुई वृद्धि की मात्रा केवल 428 करोड़ रुपये थी । इसमें से लगभग 417 करोड़ रुपयों की वृद्धि अक्तूबर 1978 के महीने के दौरान हुई । इस चरण के दौरान बैंकों ने रिजर्व बैंक से लिये गये अपने ऋण चुका दिये; रिजर्व बैंक में पुनः भुनाये गये बकाया बिलों में भी गिरावट आयी । इस प्रकार चार महीनों की इस अवधि के दौरान हुए ऋण विस्तार की वित्तीय व्यवस्था मुख्य रूप से बैंकों के अपने ही साधनों में से की गयी, इसके बावजूद बैंकिंग तंत्र के पास काफ़ी अधिक चलनिधि विद्यमान थी, जैसा कि अक्तूबर 1978 के अंत में विद्यमान 35 प्रतिशत से अधिक के चलनिधि अनुपात से विदित होता है ।

2.11 अक्तूबर 1978 के अंत और जून 1979 के अंत के बीच हुए सकल बैंक ऋण के विस्तार की मात्रा लगभग 2,392 करोड़ रुपये थी । बैंक कर्मचारियों द्वारा दिसम्बर 1978 के मध्य से जनवरी 1979 के तीसरे सप्ताह तक की लम्बी अवधि के लिए आन्दोलन चलाये जाने के कारण देशभर में समाशोधन संबंधी कार्यकलाप अस्तव्यस्त हो गये और इसका आंशिक परिणाम यह हुआ कि ऋण राशि में असाधारण बढ़ोतरी पायी गयी । इस संकट के समय में बैंकों की सहायता करने के उद्देश्य से रिजर्व बैंक ने ऋण उपलब्ध कराने की अपनी शर्तों को उदार बनाया ।

2.12 रिजर्व बैंक से बैंकों द्वारा लिये गये उधारों की राशि नवंबर 1978 (अंतिम शुक्रवार) में 247 करोड़ रुपये थी और वह दिसंबर 1978 में बढ़कर 357 करोड़ रुपये और जनवरी 1979 में और बढ़कर 548 करोड़ रुपये हो गयी । रिजर्व बैंक द्वारा पुनः भुनाये गये बकाया बिलों की राशि नवंबर 1978 के 55 करोड़ रुपयों से बढ़कर जनवरी 1979 में 89 करोड़ रुपये हो गयी । पुनर्वित्त संबंधी उच्चतर सीमाओं की उपलब्धता तथा इन सीमाओं के अपेक्षाकृत अधिक उपयोग के कारण इस अवधि के दौरान पुनर्वित्त सहायता में यह तीव्र वृद्धि हुई । उदाहरण के लिए खाद्य ऋणों के स्तर में वृद्धि होने के परिणामस्वरूप बैंकों की खाद्य ऋणों से संबंधित पुनर्वित्त की पात्रता की राशि नवंबर 1978 में स्थित 146 करोड़ रुपयों से बढ़कर जनवरी 1979 में 225 करोड़ रुपये हो गयी और प्रयुक्त राशि का अनुपात 11 प्रतिशत से बढ़कर 69 प्रतिशत हो गया । "समाशोधन संबंधी असंतुलनों" को संभालने के लिए अस्थायी पुनर्वित्त की सीमा (जिनकी आहरण की तारीख से तीन दिन के भीतर चुकौती करनी पड़ती है) तथा विवेकाधीन पुनर्वित्त की सीमा दोनों में थोड़े समय के लिए बढ़ोतरी करनी पड़ी ताकि समाशोधन संबंधी व्यवस्थाओं के अस्तव्यस्त हो जाने के कारण बैंकों द्वारा अनुभव की जानेवाली कठिनाइयां दूर हो सकें तथा वे निधियों की वास्तविक मौसमी मांग की पूर्ति कर सकें । इस प्रकार, विवेकाधीन पुनर्वित्त की सीमा को नवंबर 1978 के 69 करोड़ रुपयों से बढ़ाकर जनवरी 1979 में 130 करोड़ रुपये कर दिया गया ।

2.13 बैंकिंग उद्योग में धीरे-धीरे सामान्य स्थिति आने के कारण फ़रवरी 1979 में ऋणों में गिरावट आयी । परंतु तदनंतर ऋणों में पुनः बढ़ोतरी आयी । विवेकाधीन पुनर्वित्त की सीमाओं को जहां मार्च 1979 के दौरान कम कर 56 करोड़ रुपये और जून 1979[1] के दौरान और कम कर 33 करोड़ रुपये कर दिया गया वहां बैंक विशेष रूप से खाद्य और निर्यात के पुनर्वित्त के संबंध में स्वयमेव उपलब्ध पात्रता के संदर्भ में बराबर भारी मात्रा में उधार लेते रहे । 'छोटे कृषकों के लिए सुविधा' के अंतर्गत प्राप्त किये गये पुनर्वित्त की राशि जुलाई से नवंबर 1978 तक की अवधि के दौरान 3 करोड़ रुपयों से बढ़कर 5 करोड़ रुपये हो गयी ; परंतु उक्त राशि मार्च 1979 में बढ़कर 22 करोड़ रुपये और जून 1979 के अंत में और बढ़कर 53 करोड़ रुपये हो गयी । बैंकों के लिए उपलब्ध कुल पुनर्वित्त सीमाओं[2] की राशि जून 1978 के 435 करोड़ रुपयों के मुकाबले जून 1979 के अंत में 751 करोड़ रुपये थी; इसी प्रकार इन सीमाओं के संदर्भ में वास्तव में लिये गये पुनर्वित्त की राशि खाद्यान्न निर्यात और छोटे कृषकों के लिए सुविधा के अंतर्गत पुनर्वित्त की मात्रा में वृद्धि होने के कारण जून 1979 के अंत में 600 करोड़ रुपये थी जो एक वर्ष पूर्व के 187 करोड़ रुपयों के मुकाबले काफ़ी अधिक थी । इसके विपरीत बिलों की पुनर्भुनाई से संबंधित

[1] जून 1979 के अंत तक बकाया पुनर्वित्त/पुनः भुनाये गये बिलों के आंकड़े अनंतिम हैं ।

[2] इसमें पूंजी गत वस्तुओं के आयात के लिए दिया गया पुनर्वित्त, नयी जहाजरानी ऋण योजना के अंतर्गत विदेशों के प्राप्त जहाज, शुष्क वापसी और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को दिया गया पुनर्वित्त शामिल है ।

सीमाओं की जून 1979 में विद्यमान 118 करोड़ रुपयों की राशि जून 1978 की सीमाओं (187 करोड़ रुपये) से कम थी । जून 1979 के अंत में विद्यमान बकाया राशि (77 करोड़ रुपये) भी जून 1978 (101 करोड़ रुपये) की अपेक्षा कुछ कम ही थी । बैंकों द्वारा लिये गये पुनर्वित्त की औसत लागत की मात्रा जून 1979 के अंत में (9.24 प्रतिशत) एक वर्ष पहले (9.06 प्रतिशत) की अपेक्षा थोड़ी सी उच्चतर थी ; क्योंकि इस वर्ष ऋण सीमाओं का अधिक मात्रा में उपयोग किया गया । परंतु रिजर्व बैंक में पुनः भुनाये गये बिलों के मामले में ब्याज की औसत दर जून 1978 के मुकाबले सीमान्त रूप से कम थी।

2.14 पुनर्वित्त सीमाओं का अधिक उपयोग करने के अलावा, दिसंबर 1978 से बैंकों ने अपनी चल आस्तियों को कम कर दिया; इससे चल-निधि अनुपात नवंबर 1978 के 35.7 प्रतिशत से गिरकर जून 1979 में 34.1 प्रतिशत हो गया । इसके अतिरिक्त बैंकों ने ऋण का विस्तार करने के लिए मांग मुद्रा और सहभागिता प्रमाणपत्रों के निर्गम के रूप में गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं का काफी अधिक प्रश्रय लिया ।

2.15 एक वर्ष की अवधि में सकल ऋण में समग्र रूप से हुई वृद्धि की राशि 2,820 करोड़ रुपये (17.9 प्रतिशत) थी जबकि उक्त राशि पिछले वर्ष 2,188 करोड़ रुपये (16.1 प्रतिशत) थी । खाद्यान्नों की वसूली के लिए दिये गये अग्रिमों की राशि में 1978-79 में 471 करोड़ रुपयों (18.7 प्रतिशत) की बढ़ोतरी हुई जबकि पिछले वर्ष उसमें 11 करोड़ रुपयों की गिरावट आयी थी । सकल खाद्येतर ऋणों की राशि जून 1978 के अंत में जहां 13,270 करोड़ रुपये थी वहां अगस्त के अंत से दिसंबर के अंत तक की अवधि में उसमें तीव्र वृद्धि पायी गयी और वह 13,082 करोड़ रुपयों से बढ़कर 15,515 करोड़ रुपये हो गयी, परंतु तत्पश्चात् फ़रवरी 1979 के अंत तक उक्त राशि घटकर 15,347 करोड़ रुपये रह गयी । तत्पश्चात् सकल खाद्येतर ऋणों में थोड़ी-सी बढ़ोतरी हुई और उनकी राशि बढ़कर 29 जून 1979 को 15,619 करोड़ रुपये हो गयी जो एक वर्ष की अवधि में हुई 2,349 करोड़ रुपयों (17.7 प्रतिशत) की वृद्धि की द्योतक थी; इसके विपरीत पिछले वर्ष उसमें 2,199 करोड़ रुपयों (19.9 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी । पहली दिसंबर 1978 से दिसंबर 1978 के अंत तक का वृद्धिशील खाद्येतर (सकल) ऋण-जमा अनुपात 93.9 प्रतिशत था जबकि मार्च 1979 के अंत तथा जून 1979 के अंत में उक्त अनुपात घटकर क्रमशः 73.5 प्रतिशत और 48.9 प्रतिशत हो गया । जून 1979 के अंत में विद्यमान 66.8 प्रतिशत का सकल ऋण-जमा अनुपात एक वर्ष पहले के स्तर (67.8 प्रतिशत) की अपेक्षा एक प्रतिशत न्यून था।

ऋण नीति

2.16 1976-77 तथा 1977-78 के दो क्रमिक वर्षों में मुद्रा उपलब्धि में भारी मात्रा में हुई वृद्धि को देखते हुए तथा 1978-79 में राष्ट्रीय आय में सामान्य वृद्धि होने की संभावना के परिप्रेक्ष्य में 1978-79 के दौरान रिजर्व बैंक की ऋण नीति का उद्देश्य पहले की तरह यही बना रहा कि ऋण विस्तार को रोका जाए और उसे उत्पादन, आर्थिक कार्यकलाप तथा रोजगार के निर्माण में वृद्धि के अनुरूप बनाया जाए। आलोच्य वर्ष के दौरान किये गये प्रतिबन्धक उपायों में निम्नलिखित शामिल थे: सांविधिक चलनिधि अनुपात में वृद्धि की गयी, बैंकों के लिए निर्देशक सिद्धान्त के रूप में सकल वृद्धिशील खाद्येतर ऋण-जमा अनुपात निर्धारित किया गया, सांविधिक चलनिधि अनुपात और प्रारक्षित नकदी अनुपात बनाये रखने में चूक करने पर दंड लागू किया गया तथा बैंकों को रिजर्व बैंक से लिये जानेवाले उधारों, मांग मुद्रा बाजार और सहभागिता प्रमाण-पत्रों के प्रश्रय जैसे बाहरी स्रोतों पर अपनी निर्भरता को न्यूनतम रखने के लिए कहा गया । साथ ही, समाज के कमजोर वर्गों को अधिक मात्रा में ऋण उपलब्ध कराने की नीति का भी पालन किया गया ।

मई 1978 के मध्य में लिए गए उपाय

2.17 अप्रैल 1978 के पूरे महीने में वाणिज्य बैंकों के पास असामान्य रूप से उच्च चलनिधि अनुपात (लगभग 36 प्रतिशत) पाया गया । अतः रिजर्व बैंक ने 15 मई 1978 को 1978 के कम कामकाज के समय के लिए जो ऋण नीति घोषित की उसका उद्देश्य यह था कि बैंकिंग तन्त्र के पास विद्यमान इस अत्यधिक चलनिधि को कम किया जाए । रिजर्व बैंक से उपलब्ध पुनर्वित्त सुविधाओं को सीमित करने के लिए खाद्य ऋण के जिस मूलभूत स्तर पर पुनर्वित्त उपलब्ध होता है, उसे पहली जून 1978 से 1,500 करोड़ रुपयों से बढ़ाकर 2,000 करोड़ रुपये कर दिया गया । स्वतः पुनर्वित्त सुविधा के अंतर्गत बैंक मार्च 1977 के अंतिम शुक्रवार को विद्यमान अपनी मांग और मीयादी देयताओं के एक प्रतिशत के बराबर की मात्रा तक पुनर्वित्त के लिए पात्र थे बशर्ते कि संबंधित उधार सरकारी अथवा अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों पर लिये गये हों; पहली जून 1978 से उक्त सुविधा को भी वापस ले लिया गया । परंतु समाशोधन संबंधी असंतुलनों को दूर करने के निमित्त बैंक दर पर उपलब्ध विवेकाधीन अथवा अस्थायी व्यवस्थाओं के अधीन अस्थायी वित्तीय सहायता प्रदान की गयी । इसके अलावा अनिवासी (विदेशी) रुपया खाता और विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खाता योजना के माध्यम से विदेशों से प्राप्त होनेवाले साधनों से मुद्रा उपलब्धि पर होनेवाले प्रभाव को कम करने के लिए बैंकों से यह कहा गया कि वे इन दोनों वर्गों के खातों के अंतर्गत प्रत्येक बैंक में 1 जून 1978 के बाद प्राप्त होनेवाली शुद्ध कुल राशि के आधे अंश को रुपयों में जमा करें[1]। इन विशेष जमाराशियों पर वार्षिक 6.5 प्रतिशत की दर पर ब्याज देने की व्यवस्था थी । न्यूनतम सांविधिक अनुपात (10 प्रतिशत वृद्धिशील प्रारक्षित निधि अनुपात के अंतर्गत रखी गयी जमा रकम सहित) के अतिरिक्त रिजर्व बैंक के पास रहने वाली बैंकों की प्रारक्षित नकदी निधियों पर देय ब्याज को भी 1 जून 1978 से 6.0 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया ।

नवम्बर 1978 के उपाय

2.18 31 मार्च 1978 से 10 नवंबर 1978 तक की अवधि में काफी अधिक मुद्रा विस्तार पाया गया जो पिछले दो वर्षों में पायी गयी भारी वृद्धि के अतिरिक्त था । वस्तुतः 22 सितंबर 1978 से प्रारंभ होने वाले आठ क्रमिक सप्ताहों के दौरान प्रति सप्ताह औसतन 100 करोड़ रुपयों की दर से ऋण विस्तार हुआ । ऋण में हुआ यह तीव्र विस्तार विशेष रूप से इसलिए चिंता का विषय बन गया कि 1978-79 में राष्ट्रीय आय में लगभग 3 से 4 प्रतिशत की वृद्धि प्रत्याशित थी । अतः यह आवश्यक समझा गया कि ऋण विस्तार की संभावनाओं को रोक दिया जाए । इस उद्देश्य को ध्यान में रखकर नवंबर 1978 में दो अतिरिक्त उपाय किये गये; इनमें से पहला उपाय यह था कि वृद्धिशील ऋण-जमा अनुपात निर्धारित किया गया और दूसरा उपाय यह था कि सांविधिक चलनिधि अनुपात में बढ़ोतरी की गयी । बैंकों को अपने खाद्येतर ऋणों का विस्तार इस प्रकार करने के लिए सूचित किया गया कि पहली दिसंबर 1978 से मार्च 1979 के अंत तक की अवधि के लिए वृद्धिशील सकल खाद्येतर ऋण-जमा अनुपात 40 प्रतिशत के भीतर हो । उनसे यह भी आग्रह किया गया कि उनके द्वारा प्रदान किया जानेवाला ऋण उत्पादन में वृद्धि, आर्थिक कार्यकलाप और रोजगार निर्माण से संबद्ध हो । दूसरी बात यह है कि पहली दिसंबर 1978 से सांविधिक चलनिधि

[1] इस शर्त को 5 जून 1979 से वापस ले लिया गया ।

अनुपात को 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 34 प्रतिशत कर दिया गया; इस प्रतिशत को अतिरिक्त जमाराशियों पर कड़ाई से लागू करना था, भले ही पहली दिसम्बर 1978 को किसी विशिष्ट बैंक के सांविधिक चलनिधि संबंधी अनुपात की अतिरिक्त मात्रा कुछ भी क्यों न हो। बैंकों को यह भी सूचित किया गया कि अत्यंत विशेष स्थिति में अथवा अत्यावश्यकता की स्थिति में विवेकाधीन पुनर्वित उपलब्ध होगा और रिज़र्व बैंक से यदा-कदा और अन्तिम उपाय के रूप में प्रश्रय लेना चाहिए । बैंकों को यह भी स्पष्ट किया गया कि जहां प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों पर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जुटायी गयी जमाराशियों के काफी अधिक अंश का उसी क्षेत्र में उपयोग करने पर पहले की तरह बल दिया जाता रहेगा वहां यह सुनिश्चित कर लिया जाना चाहिए कि प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भी उनके लाभ विशेष रूप से कमजोर अथवा निर्धन वर्गों तक जिनमें अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लोग शामिल हैं, पहुंचते हैं । इस बात पर भी बल दिया गया कि ऋणकर्ताओं द्वारा किये जानेवाले बैंक ऋण के उपयोग पर बैंकों को पहले की अपेक्षा अधिक ध्यान देना चाहिए तथा टंडन समिति द्वारा निर्धारित मानदंडों को कार्यान्वित करना चाहिए । उन्हें विशेष रूप से अपेक्षाकृत बड़े ऋणकर्ताओं को ब्याज दरों में रियायत नहीं देनी चाहिए; क्योंकि इस प्रकार करने से बैंकों की लाभप्रदता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा । निधियों की चुकौती पर भी उन्हें सावधानी से निगरानी रखनी चाहिए । बैंकों से कहा गया कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि सामाजिक दृष्टि से अवांछनीय क्षेत्रों को बड़े अथवा छोटे ऋणकर्ताओं से ऋण अंतरित नहीं किये जाते तथा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों से इतर क्षेत्रों के बजाय वे प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को ऋण प्रदान करने पर अधिक ध्यान दें।

मार्च 1979 के उपाय

2.19 मार्च 1979 के मध्य में रिज़र्व बैंक ने अर्थ व्यवस्था में निर्मित हो रही मुद्रास्फीतिगत संभावनाओं की ओर बैंकों का ध्यान दिलाया तथा उन्हें यह सूचित किया कि चूंकि 1978-79 में मुद्रा विस्तार में योगदान देनेवाला प्रमुख तत्व वाणिज्य क्षेत्र को दिये गये ऋणों का विस्तार रहा है, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि ऋणों में की जानेवाली और वृद्धि को कठोरतापूर्वक उत्पादन में वृद्धि की आवश्यकताओं के साथ संबद्ध किया जाता है । चूंकि खाद्यान्न, चीनी, दाई, चाय और तमाखू जैसे पण्यों के लिए मौसमी मांग बनी रहेगी तथा आगामी महीनों में उनमें वृद्धि भी हो सकती है, यह और भी आवश्यक है कि जिन ऋणकर्ताओं ने बैंकिंग तंत्र से भारी मात्रा में राशि उधार ले ली थी, उन्हें दिये जाने वाले ऋणों को इस प्रकार विनियमित किया जाए कि केवल अत्यावश्यक अपेक्षाओं की पूर्ति हो । इस संदर्भ में बैंकों को निम्नप्रकार सूचित किया गया : (क) आंकड़ों के संकलन तथा उनके विश्लेषण के अपने आंतरिक तंत्र को वे मजबूत बनाये ताकि वे प्रति सप्ताह होनेवाले ऋण विस्तार पर बारीकी से ध्यान रख सकें, (ख) 50 लाख रुपयों तथा उससे अधिक की ऋण सीमाओं का पुनरीक्षण करें तथा जिन पार्टियों के मामलों में वर्तमान नकदी ऋण सीमाओं का 60 से 65 प्रतिशत अंश प्रयुक्त किया जा चुका है, उन मामलों में और ऋण प्रदान करने से पहले अत्यंत कड़ाई से जांच की जानी चाहिए तथा ऐसे ऋणों को अत्यंत सुस्पष्ट प्रयोजनों, जैसे उत्पादन वृद्धि अथवा वर्तमान बायवों की पूर्ति, से संबद्ध करना चाहिए, तथा (ग) मांग मुद्रा बाजार से लिये जानेवाले उधारों तथा सहभागिता प्रमाणपत्रों की बिक्री जैसे बाहरी स्रोतों पर अपनी निर्भरता को वे न्यूनतम रखें ।

2.20 यह भी पाया गया कि बैंकों को पहली दिसम्बर 1978 से सांविधिक चलनिधि अनुपात को 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 34 प्रतिशत कर देने का निदेश दिये जाने के बावजूद बैंकों ने सरकारी निवेशों में अपनी मात्रा में वृद्धि तो नहीं की थी परंतु वे अपने ऋणों में विस्तार करते रहे और इस प्रकार उन्होंने न केवल अपने ही वित्तीय साधनों का पूरा उपयोग किया परंतु मांग मुद्रा बाजार और सहभागिता प्रमाणपत्रों जैसे बाहरी स्रोतों के प्रश्रय को मात्रा में भी वृद्धि की । जिन बैंकों ने निर्धारित सांविधिक चलनिधि अनुपात और प्रारक्षित नकदी निधि अनुपात को बनाये रखने में चूक की थी उन बैंकों से यह कहा गया कि वे ऐसी कमी को पूर्ति करने के लिए तत्काल कदम उठायें । यह सुनिश्चित करने के लिए कि बैंक इस प्रकार के कदम उठाते हैं, सांविधिक चलनिधि अनुपात तथा प्रारक्षित नकदी निधि अनुपात का पालन न करने पर दंड लागू किया गया । 30 मार्च 1979 से जिन बैंकों ने मांग और मीयादी देयताओं के 34 प्रतिशत का सांविधिक चलनिधि अनुपात बनाये नहीं रखा था और/या जिन्होंने निर्धारित प्रारक्षित निधी संबंधी अनुपातों के संदर्भों में चूक की थी, उन्हें उस समय तक पुनर्भुनाई सुविधाएं उपलब्ध नहीं करायी जाएंगी जब तक उन्होंने ऐसी कमियों की पूर्ति नहीं की । उपर्युक्त प्रकार से चूक करने के अतिरिक्त यदि बैंकों ने 30 मार्च, 1979 तक पुनर्वित/पुनर्भुनाई सुविधाओं का उपयोग किया हो तो सांविधिक चलनिधि अनुपात और प्रारक्षित नकदी निधि अनुपात में कमी के बराबर की पुनर्वित/पुनर्भुनाई सहायता के अंश पर 3 प्रतिशत का अतिरिक्त ब्याज लेना था ।

1979 के कम कामकाज के समय के लिए ऋण नीति

2.21 इसके अलावा, मई 1979 में बैंकों को यह सूचित किया गया कि 1979-80 में उनके ऋण विस्तार की मात्रा सापेक्ष तथा समग्र रूप से पूर्व वर्ष के मुकाबले काफ़ी कम होनी चाहिए । चूंकि यह आशा की जाती थी कि आगामी महीनों में खाद्यान्नों की वसूली के लिए वितरित किये जानेवाले ऋणों की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक होगी, इस बात पर बल दिया गया कि बैंक खाद्येतर ऋणों की मात्रा को सीमित रखें । उन्हें यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि चीनी, वस्त्र उद्योगों जैसे मौसमी उद्योगों द्वारा, जिन्होंने इसके पूर्व भारी मात्रा में उधार लिये थे, निधियों की चुकौती तेजी से की जाती है । शाखा स्तर पर ऋणों पर पर्याप्त नियंत्रण रखने के उद्देश्य से बैंकों से यह कहा गया कि वे निम्नलिखित आधार पर आंतरिक मार्गदर्शी सिद्धांत बनायें : (1) नयी ऋण सीमाएं निर्धारित करते समय अथवा वर्तमान ऋण सीमाओं में वृद्धि करते समय प्रस्तावों की पूरी तथा ब्यौरेवार जांच की जानी चाहिए तथा इस जांच में अतिरिक्त मूल्य वृद्धि की प्रत्याशा के कारण आवेदित ऋण वृद्धि पर विचार नहीं किया जाना चाहिए । यदि ऋण में कोई अतिरिक्त वृद्धि की जाती है तो उसे कड़ाई से उत्पादन में वृद्धि अथवा अनुमत बिलों के साथ संबद्ध किया जाना चाहिए । (2) 50 लाख रुपयों से अधिक की वर्तमान ऋण सीमाओं को संशोधित करने के लिए विवेकाधिकार का प्रयोग किया जाना चाहिए। यदि बड़े ऋणकर्ता कार्यकारी पूंजीगत प्रयोजनों के लिए बैंक ऋणों पर ही निरंतर काफ़ी अधिक निर्भर रहे तो ऐसी प्रवृत्ति को प्रोत्साहन नहीं देना चाहिए । (3) संवेदनशील पण्यों के संदर्भ में ऋण मंजूर करते समय तथा उसके उपयोग का अनुशीलन करते समय विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए और विशेष रूप से व्यापारियों के संदर्भ में ऐसे ऋण की मात्रा को सीमित रखा जाना चाहिए ।

2.22 बैंकों द्वारा सहभागिता प्रमाणपत्रों का अत्यधिक मात्रा में प्रश्रय लिया जाना कुछ चिंता का विषय था; अतः भारतीय रिज़र्व बैंक ने अप्रैल 1979 के प्रारंभ में बैंकों द्वारा लिये जानेवाले सहभागिता प्रमाणपत्रों तथा वित्तीय संस्थाओं से मांग मुद्रा बाजार में लिये जानेवाले उधारों का पुनरीक्षण करने के लिए एक कार्यकारी दल गठित किया । कार्यकारी दल ने अन्य बातों के साथ-साथ, यह सिफ़ारिश की कि सह-भागिता प्रमाणपत्रों के माध्यम से जुटायी गयी निधियों पर प्रारक्षित नकदी निधि अनुपातों और सांविधिक चलनिधि अनुपात की शर्तें लागू की जाएं । उक्त दल की सिफ़ारिशें जहां विचाराधीन हैं वहां रिज़र्व बैंक ने यह निश्चय किया कि वाणिज्य बैंकों को भारी मात्रा में सहभागिता

प्रमाणपत्रों का प्रश्रय लेने से निरुत्साहित करने के लिए कार्रवाई प्रारंभ की जाए। परंतु यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से कि इस संबंध में की गयी कार्रवाई से बैंकों के कार्यकलाप प्रभावित नहीं होते तथा इससे अन्य वित्तीय संस्थाओं के लिए अन्य प्रकार के अल्पावधि निवेश करने में कठिनाई नहीं होती, रिज़र्व बैंक ने सहभागिता प्रमाणपत्रों को क्रमिक रूप से सांविधिक चलनिधि अनुपात/प्रारक्षित नकदी निधि अनुपात की शर्तों के अंतर्गत लाने का निश्चय किया ।

2.23 समस्त अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को 21 जून, 1979 को यह सूचित किया गया कि जुलाई 1979 के अंतिम शुक्रवार से तथा उसके बाद उनके द्वारा जारी किये गये बकाया सहभागिता प्रमाणपत्रों को आकस्मिक देयताओं के रूप में नहीं परंतु जमाराशियों के रूप में माना जाएगा तथा उन पर सांविधिक चलनिधि अनुपात तथा 6 प्रतिशत के प्रारक्षित नकदी निधि अनुपात की शर्तें निम्नलिखित चरणों में लागू होंगी —जुलाई 1970 के अंतिम शुक्रवार से 50 प्रतिशत, अगस्त 1979 के अंतिम शुक्रवार से 75 प्रतिशत और सितम्बर 1979 के अंतिम शुक्रवार से 100 प्रतिशत अर्थात् बकाया सहभागिता प्रमाणपत्रों की पूरी राशि। इसके अतिरिक्त, इन बैंकों से यह भी अपेक्षा की गयी कि वे भारतीय रिज़र्व बैंक के पास जुलाई 1979 के अंतिम शुक्रवार को विद्यमान बकाया जमा स्तर के मुकाबले सहभागिता प्रमाणपत्रों में हुई किसी वृद्धि के 10 प्रतिशत के बराबर से अन्यून राशि की अतिरिक्त औसत दैनिक जमा रकम बनाये रखें । जारी किये गये सहभागिता प्रमाणपत्रों की राशि को अब तक की पद्धति के अनुसार, उनके कुल अग्रिमों की राशि में से कम नहीं करना चाहिए; और खरीदे गये सहभागिता प्रमाणपत्रों की राशि को कुल अग्रिमों की राशि में शामिल नहीं किया जाना चाहिए; परंतु उन्हें बैंकों को दिये गये अग्रिमों के रूप में वर्गीकृत जाना चाहिए। सहभागिता प्रमाणपत्र जारी करने से जमा होनेवाली राशियों को रिज़र्व बैंक के ब्याज दर संबंधी निदेश से छूट प्राप्त होगी । जिस अधिकतम ब्याज दर पर सहभागिता प्रमाणपत्र जारी किये जा सकते हैं वह पहले की तरह वार्षिक 10 प्रतिशत बनी रहेगी ।

ब्याज दरों में परिवर्तन

2.24 आलोच्य वर्ष के दौरान वाणिज्य बैंकों का समग्र ब्याज दर विन्यास जहां बिना किसी परिवर्तन के पूर्ववत् बना रहा, वहां उसमें कुछ समायोजन किये गये जिनका उद्देश्य ब्याज दरों को अन्य वित्तीय संस्थाओं की ब्याज दरों के अनुरूप बनाया था ।

2.25 वाणिज्य बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा सहकारी समितियों को प्रदान किये गये ऋणों पर ली जानेवाली ब्याज दरों को भी संशोधित किया गया जिससे कि उन्हें सहकारी बैंकों द्वारा ली जानेवाली दरों के अनुरूप बनाया जाए । पहली मार्च 1979 से वाणिज्य बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को यह निदेश दिया गया कि वे प्राथमिक समितियों तथा कृषक सेवा समितियों को दिये जानेवाले निर्दिष्ट ऋणों पर 9 प्रतिशत की दर पर ब्याज लें । छोटे कृषकों को लघु सिंचाई भूमि विकास के लिए तथा विविध प्रयोजनों के लिए दिये जानेवाले मीयादी ऋणों के संबंध में ब्याज की दर 15 मार्च 1979 से घटाकर 8 प्रतिशत कर दी गयी । इससे सहकारी समितियां मीयादी ऋणों के मामले में 1/2 प्रतिशत और अल्पावधि ऋणों के मामले में 2 प्रतिशत अथवा अधिक का मार्जिन रख सकेंगी और वे अंतिम ऋणकर्ताओं को उसी दर पर ऋण उपलब्ध करा सकेंगी जिस दर पर कृषक वाणिज्य बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से सीधे ही उधार लेते हैं ।

2.26 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा अपनी पुनर्वित्त दरों में कमी लाने तथा ऋण प्रदान करनेवाली संस्थाओं द्वारा अंतिम ऋणकर्ताओं से ली जानेवाली अधिकतम ब्याज दरों में 15 मार्च, 1979 से कमी लाये जाने के परिणामस्वरूप बैंकों को यह सूचित किया गया कि वे तीन वर्षों से अन्यून अवधियों के ऋणों के लिए कृषकों से निम्नप्रकार ब्याज लें: (i) लघु सिंचाई तथा भूमि विकास के लिए 9.5 प्रतिशत की अनधिक दर पर (इसके पहले की दर 10.5 प्रतिशत थी) और (ii) विविध प्रयोजनों के लिए (क) लघु कृषकों से 9.5 प्रतिशत से अनधिक दर पर तथा (ख) अन्य ऋणकर्ताओं से 10.5 प्रतिशत की दर पर (इसके पहले दोनों के लिए ऐसी दर 11 प्रतिशत थी । कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की पुनर्वित्त दरें (i) और (ii) (क) के लिए 6.5 प्रतिशत तथा (ii) (ख) के लिए 7.5 प्रतिशत होंगी । संशोधित दरें, 15 मार्च 1979 से प्रदान किये गये समस्त नये ऋणों पर लागू हैं भले ही ऐसे ऋण कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम से पुनर्वित्त प्राप्त करने के लिए अत्यंत कम हों अथवा नहीं और चाहे संबंधित बैंक ने वास्तव में पुनर्वित्त सुविधा का लाभ उठाया हो अथवा नहीं ।

चयनात्मक ऋण नियंत्रण

2.27 चयनात्मक ऋण नियंत्रण के सामान्य स्वरूप में जहां कोई परिवर्तन नहीं किया गया वहां कतिपय पण्यों की पूर्ति संबंधी स्थिति तथा मूल्यों की प्रवृत्तियों को ध्यान में रखते हुए उन पर दिये जाने वाले अग्रिमों से संबंधित विनियमों में समायोजन किये गये । अग्रिमों की न्यूनतम ब्याज दरों में कोई परिवर्तन नहीं किये गये तथा वे 14 प्रतिशत और 15 प्रतिशत के बीच अलग-अलग रहीं ।

(i) चीनी

2.28 चीनी के मूल्यों, उसकी आवाजाही तथा उसके वितरण पर से 16 अगस्त 1978 से नियंत्रण हटा दिये जाने के परिप्रेक्ष्य में तथा सरकार के इस निर्णय को ध्यान में रखते हुए कि परिवहन की अवधि के दौरान स्टाकों के मूल्यांकन के आधार में कोई परिवर्तन करने की आवश्यकता नहीं है, 29 अगस्त 1978 को बैंकों को यह सूचित किया गया कि वे चीनी का निर्माण करनेवाली पार्टियों को चीनी के जिन स्टाकों पर अग्रिम प्रदान किये गये हों, उनके मूल्यांकन में कोई परिवर्तन न करें । उन्हें यह भी सूचित किया गया कि लेवी स्टाकों और मुक्त बिक्री के स्टाकों के बीच का अंतर—(क) बिक्री के लिए न निकाली गयी और (ख) बिक्री के लिए निकाली गयी चीनी-काल्पनिक रूप से बना रहेगा तथा अग्रिमों के लिए 15 प्रतिशत अथवा 65 प्रतिशत के संबंधित मार्जिन, यथास्थिति, पहले की तरह लागू किये जाएं । चीनी का निर्माण करने वाली पार्टियों से इतर पार्टियों को चीनी पर दिये जाने वाले अग्रिमों के संबंध में स्टाकों के मूल्यांकन और मार्जिन संबंधी शर्तें बिना किसी परिवर्तन के जारी रहीं । रुग्ण चीनी मिलों के कार्य पर चीनी के गिरते हुए मूल्यों के प्रभाव तथा चीनी उद्योग की वास्तविक (अस्थायी) ऋण संबंधी आवश्यकताओं को देखते हुए बैंकों को सितम्बर 1978 में यह सूचित किया गया कि वे हर योग्य चीनी मिल को सीमित मात्रा तक कतिपय शर्तों पर 25 लाख रुपयों से अनधिक अस्थायी निर्बाध ऋण प्रदान करने पर विचार कर सकते हैं । ऐसे ऋण 30 नवम्बर 1978 तक प्रदान किये जा सकते हैं, जिन्हें 1978-79 के मौसम के प्रारम्भ होते ही, परन्तु किसी भी मामले में 31 मई 1979 तक चुकाना होगा ।

2.29 तदनन्तर 14 अक्तूबर, 1978 से चीनी के लेवी स्टाकों और मुक्त बिक्री के स्टाकों के बीच विद्यमान काल्पनिक अंतर को समाप्त कर दिया गया । चीनी की पूर्ति की संतोषजनक स्थिति और 1978-79 के मौसम में गन्ने के उत्पादन की अच्छी संभावनाओं को देखते हुए चीनी का निर्माण करने वाली पार्टियों को चीनी के स्टाकों पर दिये जाने वाले अग्रिमों के न्यूनतम मार्जिन को समान रूप से बैंकों में जमानत के रूप में रखे गये समस्त स्टाकों के मूल्य का 15 प्रतिशत निर्धारित किया गया और चीनी का निर्माण करने वाली पार्टियों से इतर पार्टियों को प्रदान किये जाने वाले अग्रिमों के संबंध में न्यूनतम मार्जिन तथा न्यूनतम ब्याज दर पहले की तरह क्रमशः 65 प्रतिशत और 15 प्रतिशत बनी रही । चीनी का उत्पादन करने वाली पार्टियों को चीनी के स्टाक पर दिये जाने वाले अग्रिमों के लिए जहां ब्याज की कोई न्यूनतम दर निर्धारित नहीं

की गयी यहां उन पर अग्रिमों की सामान्य न्यूनतम ब्याज दर (वार्षिक 12-1/2 प्रतिशत) की शर्त लागू की गयी ।

2.30 आमतौर पर मूल्यों में हाल ही में हुई वृद्धि तथा विशेष रूप से कतिपय संवेदनशील पण्यों (चीनी सहित) के मूल्यों में हुई वृद्धि के परिप्रेक्ष्य में पूर्ति संबंधी स्थिति संतोषजनक होने के बावजूद बैंकों को 29 जून, 1979 को यह सूचित किया गया कि वे इन पण्यों की जमाखोरी के लिए बैंक वित्त का उपयोग करने की किसी प्रवृत्ति को नियंत्रित करने के लिए ऐसे अग्रिमों पर कड़ाई से ध्यान रखें । तिलहनों, तेलों और वनस्पति तेलों पर दिये जाने वाले अग्रिमों के संदर्भ में जारी किये गये अनुदेश संबंधित खंडों में दिये गये हैं । चीनी पर दिये जाने वाले अग्रिमों के संबंध में बैंकों को यह सूचित किया गया कि (क) चीनी निर्माता यूनिटों को पहले स्वीकृत 25 लाख रुपयों की निर्बंध सीमाओं को वापस ले लिया जाए तथा ऋणों की शीघ्रतापूर्वक चुकौती की जाए, (ख) चीनी के स्टाक रखने के लिए चीनी कारखानों द्वारा लिये गये ऋणों को कारखानों से निकाले गये स्टाकों के अनुरूप कम किया जाए और (ग) चीनी पर दिये जाने वाले समस्त अग्रिमों के संदर्भ में मार्जिन संबंधी अपेक्षाओं को बढ़ाकर 10 प्रतिशत कर दिया जाए । परन्तु सरकार की सार्वजनिक वितरण योजना के अन्तर्गत स्टाक धारित करने वाली उपभोक्ता सहकारी समितियों को इस अपेक्षा से छूट दी गयी ।

(ii) रूई और कपास

2.31 वस्त्र मिलों द्वारा धारित रूई के स्टाकों की सीमाओं में वस्त्र आयुक्त द्वारा हाल ही में घोषित छूट को ध्यान में रखते हुए रिजर्व बैंक ने मिलों को कच्ची रूई और कपास पर दिये जाने वाले अग्रिमों से संबंधित ऋण नियंत्रण उपायों में 29 मार्च 1979 को संशोधन किया । स्टाकों के जिन स्तरों के संदर्भ में मिलों को अमल में रहने वाले न्यूनतम मार्जिनों के साथ अग्रिम प्रदान किए जा सकते हैं, उन्हें बम्बई और अहमदाबाद में स्थित मिलों के लिए चार सप्ताहों की खपत से बढ़ाकर तीन महीनों की खपत कर दिया गया तथा बिहार और पश्चिम बंगाल में स्थित मिलों के लिए आठ सप्ताहों की खपत से बढ़ाकर साढे चार महीनों की खपत कर दिया गया, और भारत के अन्य भागों में स्थित मिलों के लिए चार सप्ताहों की खपत से बढ़ाकर छः सप्ताहों की खपत कर दिया गया और केवल धागे की कताई में लगी हुई मिलों के लिए ऐसी खपत की मात्रा को छः सप्ताहों से बढ़ाकर चार महीने कर दिया गया । परन्तु न्यूनतम मार्जिन और न्यूनतम ब्याज बिना किसी परिवर्तन के वही बने रहे; केवल बाद में किये गये परिवर्तन स्टाकों के स्तरों से संबंधित थे, मिलों से इतर पार्टियों को दिये जाने वाले अग्रिमों पर विद्यमान ऋण नियंत्रण में भी कोई परिवर्तन नहीं किया था ; परन्तु ऋण के स्तर को बढ़ाकर किसी पार्टी द्वारा 1975-76, 1974-75 और 1973-74 के बजाय 1977-78 1976-77 और 1975-76 के पिछले तीन वर्षों (नवम्बर-अक्तूबर) में से किसी एक वर्ष में प्रयुक्त ऋण के सर्वोच्च स्तर के 100 प्रतिशत के बराबर कर दिया गया ।

2.32 रिजर्व बैंक ने इस बात पर भी पुनः बल दिया कि उद्योगों के संदर्भ में स्टाकों के स्तर पर ऐसे मानदंड पहले की तरह लागू होते रहेंगे जो बैंक ऋण की अनुवर्ती कार्रवाई से संबंधित अध्ययन दल की सिफारिशों के अनुसरण में अथवा किसी दूसरे प्रकार से निर्धारित किये जाएं ।

(iii) दालें, तेल और तिलहन

2.33 29 जून, 1979 को अनुसूचित वाणिज्य बैंकों से यह कहा गया कि वे अभिसंस्करण यूनिटों तथा अन्यों को दालों पर दिये जाने वाले अग्रिमों के संबंध में पहले के क्रमशः 35 प्रतिशत और 50 प्रतिशत के न्यूनतम मार्जिन के बजाय क्रमशः 45 प्रतिशत और 60 प्रतिशत का मार्जिन रखें । गोदाम रसीदों पर दिये जाने वाले अग्रिमों को अभिसंस्करणकर्ताओं के लिए 40 प्रतिशत ही बनाये रखा गया जब कि अन्यों के लिए उसे 40 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया ।

2.34 बैंकों को यह भी सूचित किया गया कि वे सरकारी तथा सरकार से सहायता प्राप्त संगठनों से इतर पार्टियों को वनस्पति तेलों और तिलहनों पर अतिरिक्त ऋण सीमाएं मंजूर न करें ; ऐसे संगठनों के मामले में भी निकाली जाने वाली राशियों के मामले में कड़ी निगरानी रखने की आवश्यकता है ।

साख आयोजना

2.35 साख आयोजना का तंत्र पिछले कई वर्षों से क्रमन में है ; इससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि ऋण नीति संबंधी अपेक्षाओं का पालन किया जाता है और राष्ट्रीय विकास योजनाओं के लक्ष्यों के अनुरूप बैंक ऋण प्रदान किये जाते हैं । रिजर्व बैंक समय-समय पर निजी तथा सरकारी क्षेत्र के ऋण के प्रमुख उपयोगकर्ताओं के साथ पहले की तरह विचार-विमर्श करता रहा, ताकि ऋण की मांग के बारे में कुछ अनुमान हो । साख आयोजना संबंधी इन तकनीकों को जहां अल्पावधि साख आयोजना से सीधे संबंधित माना जा सकता है, वहां साख आयोजना संबंधी कतिपय उपायों का स्वरूप इस प्रकार बनाया गया है कि वाणिज्य बैंक के विन्यास में परिवर्तन लाया जाए । ऐसे तीन उपायों अर्थात् प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक ऋण प्रदान करने के मामले में राष्ट्रीय लक्ष्यों, ऋण प्राधिकरण योजना और अग्रणी बैंक योजना का हाल ही के वर्षों में उपयोग किया गया है, ताकि वाणिज्य बैंकों के ऋण विन्यास में वांछित परिवर्तन लाये जाएं ।

2.36 कुल बैंक ऋणों में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों का अंश जहां पिछले वर्षों के मुकाबले मार्च 1979 तक बढ़कर 30 प्रतिशत हो गया था, वहां इस बढ़ोतरी के साथ-साथ कुल ऋण में बड़े और मझौले उद्योगों के संबंधित अनुपातों में कुछ गिरावट आयी । अतः ऋण के क्षेत्रीय वितरण में लाये गये परिवर्तन की यह क्रमिक प्रक्रिया वाणिज्य बैंक ऋण के स्वरूप में आये परिवर्तन की द्योतक है ।

ऋण का क्षेत्रीय वितरण

2.37 सकल बैंक ऋण के क्षेत्रीय वितरण के संबंध में मई 1979 तक के आंकड़े उपलब्ध हैं । जून 1978 के अंत से मई 1979 के अंत तक की अवधि के दौरान सकल बैंक ऋण में 2,615 करोड़ रुपयों की वृद्धि (+16.4 प्रतिशत) हुई, जबकि 1977-78 की तदनुरूप अवधि के दौरान उसमें 1,768 करोड़ रुपयों (+13.0 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी (सारणी 2.6) खाद्यान्नों की सार्वजनिक वसूली के लिए दिये गये ऋणों में 59 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी जबकि पिछले वर्ष की उसी अवधि में उनमें 235 करोड़ रुपयों की गिरावट आयी थी । सकल खाद्येतर ऋण की राशि में उक्त अवधि में 2,556 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई, जबकि 1977-78 की उसी अवधि में उसमें 2,003 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी ।

2.38 प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को दिये गये अग्रिमों की राशि में 1,188 करोड़ रुपयों (+27.4 प्रतिशत) की बढ़ोतरी हुई जबकि उसके पूर्व उसमें 750 करोड़ रुपयों (+21.5 प्रतिशत) की बढ़ोतरी हुई थी । मई 1979 के अंत में सकल (शुद्ध) बैंक ऋण में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के अग्रिमों का अंश 30.5 प्रतिशत था, जब कि एक वर्ष पूर्व उक्त अंश 28.0 प्रतिशत था । परन्तु वृद्धिशील (शुद्ध) ऋणों में प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्रों के अग्रिमों का अंश 48.9 प्रतिशत था, जो एक वर्ष पहले के ऐसे अंश (45.9 प्रतिशत) की अपेक्षा उच्चतर था । प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्रों को प्रदत्त अतिरिक्त अग्रिमों में से कृषि और लघु उद्योगों को क्रमशः 477 करोड़ रुपये और 432 करोड़ रुपये दिये गये, जब कि वर्ष 1977-78 की तदनुरूप अवधि में उन्हें क्रमशः 274 करोड़ रुपयें और 263 करोड़ रुपये दिये गये थे । कृषि को प्रदत्त कुल अग्रिमों की राशि मई 1979 के अंत में 2,203 करोड़ रुपये थी और प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्रों को प्राप्त कुल अग्रिमों में उनका अंश 39.9 प्रतिशत (एक वर्ष पहले 39.1 प्रतिशत) था, जबकि प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्रों की कुल ऋण राशि

में लघु उद्योग क्षेत्र को प्राप्त 2,188 करोड़ रुपयों के अग्रिमों का अंश 39.6 प्रतिशत था और एक वर्ष पूर्व उक्त अंश 40.7 प्रतिशत था ।

2.39 भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अन्तर्गत सरकारी क्षेत्र के वाणिज्य बैंकों द्वारा प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्रों को प्रदत्त अग्रिमों की राशि मार्च 1979 तक उनके बकाया ऋणों के एक तिहाई अंश से अन्यून स्तर पर पहुंचनी चाहिए थी । मई 1979 के अंत तक के उपलब्ध आंकड़ों से यह विदित होता है कि इस लक्ष्य की पूर्ति की दिशा में बैंकों ने उल्लेखनीय प्रगति की थी ।

2.40. बड़े और मझौले उद्योगों को दिये गये अग्रिमों की राशि में जून 1978 के अन्त से मई 1979 के अंत तक की अवधि के दौरान 934 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई, जब कि जून 1977 के अंत से मई 1978 के अन्त तक की अवधि के दौरान उसमें 726 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी। मई 1979 के अंत में ऐसे बकाया ऋणों की राशि 7,183 करोड़ रुपये अथवा सकल ऋणों का 38.7 प्रतिशत थी; मई 1978 के अंत में बकाया ऋणों की राशि 6,098 करोड़ रुपये अथवा सकल ऋणों का 39.7 प्रतिशत थी। उद्योग क्षेत्र (बड़े मझौले और लघु उद्योग) को दिये गये कुल ऋणों की राशि में हुई 989 करोड़ रुपयों की वृद्धि के मुकाबले 1,366 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई । आलोच्य अवधि के दौरान हुई वृद्धि मुख्य रूप से निम्नलिखित उद्योगों के संदर्भ में हुई : इंजीनियरी (424 करोड़ रुपये) लोहा और इस्पात (61 करोड़ रुपये) सूती वस्त्र (84 करोड़ रुपये), रसायन (1.38 करोड़ रुपये) तथा नयी योजनाओं के अंतर्गत विदेशों से प्राप्त जहाज (129 करोड़ रुपये)। थोक व्यापार को दिये गये अग्रिमों में (खाद्यान्नों की वसूली के लिए दिये गये अग्रिमों को छोड़कर) जून 1977 से मई 1978 तक की अवधि में हुई 320 करोड़ रुपयों की वृद्धि के मुकाबले आलोच्य अवधि के दौरान 131 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई। थोक व्यापार के मामले में भारतीय रुई निगम, भारतीय जूट निगम और "अन्य व्यापार" को दिये गये अग्रिमों में क्रमशः 69 करोड़ रुपयों, 28 करोड़ रुपयों और 70 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई, परन्तु भारतीय खाद्य निगम को उर्वरक के लिए दिये गये ऋण में 36 करोड़ रुपयों की गिरावट आने के कारण उक्त वृद्धि अंशतः समायोजित हो गयी ।

ऋण वितरण का क्षेत्रीय और ग्रामीण/शहरी स्वरूप

2.41. ऋण वितरण का अन्य महत्वपूर्ण पहलू ऋण वितरण का क्षेत्रीय और ग्रामीण/शहरी स्वरूप है । जून 1978 के अंतिम शुक्रवार को जनसंख्या समूह के अनुसार बैंक कार्यालयों के राज्यवार ऋण-जमा अनुपात सारणी 2.7 में दर्शाये गये हैं । जैसा कि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में संकेत किया गया था, विश्लेषणात्मक प्रयोजनों के लिए इन अनुपातों की सीमाओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए । केवल इन्हीं आंकड़ों से यह विदित नहीं होता कि किसी राज्य में बैंकों द्वारा जुटायी गयी जमाराशियों को उस राज्य में किस सीमा तक विनियोजित किया गया है; क्योंकि इन जमाराशियों में राज्य सरकारों की प्रतिभूतियों, राज्य स्तर की संस्थाओं के डिबेंचरों आदि में किये गये बैंक निधियों के उन निवेशों को हिसाब में नहीं लिया जाता, जो विकासपरक और मूलभूत आवश्यकताओं से संबंधित परियोजनाओं के वित्तपोषण में योगदान देते हैं । इसके अलावा इस संदर्भ में "ऋण के स्थानांतरण" को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए अर्थात् बैंकों द्वारा किसी क्षेत्र विशेष में जो ऋण मंजूर किये गये हों तथा उनकी बहियों में बकाया हों और इस कारण उन्हें उस क्षेत्र से संबंधित कुल ऋण के आंकड़ों में शामिल किया गया हो, उनके बारे में इस बात की संभावना हो सकती है कि उस क्षेत्र के कार्यकलापों का वित्तपोषण करने के लिए उसका उपयोग न किया गया हो । इसी प्रकार कतिपय मामलों में हिसाब में ली गयी जमाराशियों की न्यून मात्रा के कारण ऐसे अनुपात काफी अधिक भी हो सकते हैं ।

सारणी 2.6—सकल बैंक ऋण का क्षेत्रीय वितरण

(करोड़ रुपये)

मद	बकाया		घटबढ़	बकाया		घटबढ़
	जून 1977	मार्च 1978	जून 1977 की तुलना में मई 1978 में	जून 1978	मई@ 1979	जून 1978 की तुलना में मई 1979 में
I. खाद्यान्नों की सार्वजनिक वसूली	2,536	2,301	—235	2,525	2,584	+59
II. (क) प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र	3,486	4,236	+750 (37.4)	4,334	5,522	+1188 (46.5)
(i) कृषि	1,381	1,655	+274 (13.7)	1,726	2,203	+477 (18.7)
(ii) लघु उद्योग	1,460	1,723	+263 (13.1)	1,756	2,188	+432 (16.9)
(iii) अन्य प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र	645	858	+213 (10.6)	852	1,131	+279 (10.9)
(ख) उद्योग (मझौले और बड़े)	5,372	6,098	+726 (36.3)	6,249	7,183	+934 (36.5)

@ अनंतिम

	1	2	3	4	5	6
(ग) थोक व्यापार (खाद्यान्नों की वसूली से इतर)	1,053	1,373	+ 320 (16.0)	1,424	1,555	+ 131 (5.1)
(1) भारतीय रूई निगम	135	150	+ 15	138	207	+ 69
(2) भारतीय खाद्य निगम (उर्वरक)	75	243	+ 168	250	214	— 36
(3) भारतीय जूट निगम	18	2	— 16	2	30	+ 28
(4) अन्य व्यापार	825	978	+ 153	1,034	1,104	+ 70
(घ) अन्य क्षेत्र	1,160	1,367	+ 207 (10.3)	1,428	1,731	+ 303 (11.9)
III. सकल खाद्येतर बैंक ऋण (क + ख + ग + घ)	11,071	13,074	+ 2003 (100.0)	13,435	15,991	+ 2,556 (100.0)
निर्यात ऋण (मद III के अन्तर्गत शामिल)	1,129	1,206	+ 77	1,142	1,447	+ 305
IV. सकल बैंक ऋण	13,607	15,375	+ 1,768	15,960	18,575	+ 2,615

@अनंतिम

टिप्पणी: 1. आंकड़े उन प्रमुख बैंकों से संबंधित हैं जिनका अंश सकल बैंक ऋण में लगभग 95 प्रतिशत है। इन आंकड़ों में रिजर्व बैंक में पुनः भुनाये गये बिलों को हिसाब में लिये जाने के अलावा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक में तथा अन्य अनुमोदित संस्थाओं में पुनः भुनाय गये बिल और सहभागिता प्रमाणपत्र भी शामिल हैं।

2. कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े सकल खाद्येतर बैंक ऋण में वृद्धि के प्रतिशत हैं।

(स्रोत: साख आयोजना और बैंकिंग विकास कक्ष, भारतीय रिजर्व बैंक)

सारणी 2.7—अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के कार्यालयों का जन संख्या समूह के अनुसार राज्यवार ऋण-जमा अनुपात

(जून 1978 के अंतिम शुक्रवार को)

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	ग्रामीण	अर्ध-शहरी	शहरी/ महानगरीय	जोड़
	1	2	3	4
उत्तरी क्षेत्र	37.2	47.4	107.9	89.5
हरियाणा	57.3	62.1	62.6	61.4
हिमाचल प्रदेश	25.3	24.3	—	24.8
जम्मू और काश्मीर	18.4	47.7	22.1	23.7
पंजाब	21.9	37.4	46.3	37.0
राजस्थान	84.4	64.5	52.3	60.8
चंडीगढ़	19.4	—	247.4	346.7
दिल्ली	456.6	—	117.2	117.5
पूर्वोत्तर क्षेत्र	29.6	34.5	50.1	38.0
असम	30.9	42.1	51.4	43.4
मणिपुर	42.9	7.1	35.4	36.6
मेघालय	16.6	15.9	—	16.0
नागालैण्ड	3.5	34.7	—	27.9
त्रिपुरा	67.3	34.8	—	41.1
अरुणाचल प्रदेश	6.8	—	—	6.8
मिजोरम	13.3	7.1	—	7.4
सिक्किम	—	6.3	—	6.3

	1	2	3	4
पूर्वी क्षेत्र	52.1	34.1	67.7	58.7
बिहार	70.1	38.0	41.2	43.1
उड़ीसा	72.7	64.7	54.5	60.7
पश्चिम बंगाल	33.3	24.2	72.9	63.9
अंदमान और निकोबार द्वीपसमूह	27.9	19.8	—	21.0
मध्यवर्ती क्षेत्र	52.0	52.0	46.4	48.8
मध्य प्रदेश	61.6	55.2	51.3	53.7
उत्तर प्रदेश	49.5	50.8	44.7	47.1
पश्चिमी क्षेत्र	41.0	42.1	73.4	65.9
गुजरात	30.0	34.5	66.3	50.4
महाराष्ट्र	66.9	50.6	74.9	72.5
दादरा और नागर हवेली	83.5	—	—	83.5
गोवा, दमन और दीव	25.3	48.3	—	40.5
दक्षिणी क्षेत्र	76.3	59.7	89.0	79.0
आंध्र प्रदेश	95.5	68.1	64.0	69.0
कर्नाटक	76.9	67.2	88.5	81.8
केरल	48.4	43.2	94.8	61.9
तमिलनाडु	90.5	66.5	104.1	94.2
लक्षद्वीप	6.6	—	—	6.6
पांडिचेरी	91.5	33.9	71.1	68.2
अखिल भारतीय	52.5	47.4	79.9	69.9

(स्रोत : कुल जमाराशियों और सकल बैंक ऋण से संबंधित विवरणी)

2.42 ऋण जमा अनुपातों में विभिन्न क्षेत्रों के बीच व्यापक अंतर पाया जाता है : जैसे इन अनुपातों की मात्रा सिक्किम के मामले में 6.3 प्रतिशत और चन्डीगढ़ के मामले में 346.7 प्रतिशत के बीच भिन्न-भिन्न थी। यदि क्षेत्रवार देखा जाए तो उक्त अनुपात उत्तरी क्षेत्र, पश्चिमी क्षेत्र और दक्षिणी क्षेत्र में 60 प्रतिशत से भी अधिक था। दो क्षेत्रों के बीच का न्यूनतम अधिकतम अन्तर मध्यवर्ती क्षेत्र को छोड़ कर अन्य क्षेत्रों के मामले में उल्लेखनीय था। मध्यवर्ती क्षेत्र में यह अनुपात मध्य प्रदेश के मामले में 53.7 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश के मामले में 47.1 प्रतिशत था। हालांकि यह कहना कठिन है कि क्या बाद में इन अनुपातों में किसी विशिष्ट स्तर तक वृद्धि करने का लक्ष्य निर्धारित किया जाना चाहिए, परन्तु इस तथ्य को नकारा नहीं जा सकता कि बैंकों को कई क्षेत्रों में इन अनुपातों को बढ़ाने में काफी प्रयास करने होंगे (सारणी 2.7)।

2.43 ऋण के वितरण का उतना ही महत्वपूर्ण पहलू एक ओर ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों और दूसरी ओर शहरी/महानगरीय क्षेत्रों के बीच विद्यमान असंतुलन है। कतिपय ग्रामीण क्षेत्रों में पाये गये असामान्य रूप से ऋण-जमा अनुपात से यह आशंका उभरती है कि वित्तीय साधनों को ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में अंतरित करने के संदर्भ में ग्रामीण शाखाएं सहायक हो सकती हैं। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए सरकारी क्षेत्र के बैंकों को यह सूचित किया गया कि मार्च 1979 तक उनकी ग्रामीण और अर्ध शहरी शाखाएं कम से कम 60 प्रतिशत का ऋण जमा-अनुपात बनायें।[1] इस दृष्टिकोण से देखने पर अनुपातों में विद्यमान असंतुलन और भी स्पष्ट हो जाते हैं। इस प्रकार, जून 1978 के अंत में समग्र देश के संदर्भ में ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों के लिए क्रमशः 52.5 प्रतिशत और 47.4 प्रतिशत का ऋण-जमा अनुपात विद्यमान था। केवल समग्र रूप से दक्षिणी क्षेत्र में ग्रामीण और अर्ध शहरी केन्द्रों में अपेक्षाकृत उच्च ऋण-जमा अनुपात (क्रमशः 76.3 प्रतिशत और 59.7 प्रतिशत) पाया गया। अन्य क्षेत्रों में उक्त अनुपात काफी कम थे। प्रत्येक क्षेत्र के भीतर भी अनुपात की मात्रा में काफी अंतर विद्यमान था। बैंकों के लिए यह आवश्यक है कि वे इसके पूर्व उल्लिखित राष्ट्रीय लक्ष्य की पूर्ति करने के लिए कठोर प्रयास करें।

2.44 ग्रामीण और अर्ध शहरी बैंक कार्यालयों के लिए ऋण-जमा अनुपातों के आधार पर जून 1978 में विद्यमान जिलों के वितरण से संबंधित आंकड़े सारणी 2.8 में प्रस्तुत किये गये हैं। इनके अनुसार जून 1978 के अंत में 388 जिलों में से 148 जिलों में ग्रामीण बैंक शाखाओं ने 60 प्रतिशत और उससे अधिक का ऋण-जमा अनुपात प्राप्त किया था। 346 जिलों में से 113 जिलों में अर्ध शहरी शाखाएं जून 1978 के अंत तक 60 प्रतिशत और उससे अधिक का ऋण जमा अनुपात प्राप्त कर सकीं। इस प्रकार, ग्रामीण बैंक शाखाओं तथा अर्ध शहरी बैंक शाखाओं के अन्तर्गत आने वाले क्रमशः 38 प्रतिशत और 33 प्रतिशत जिलों में जून 1978 के अंत में 60 प्रतिशत और उससे अधिक का ऋण-जमा अनुपात पाया गया।

2.45 ग्रामीण और अर्ध शहरी बैंक कार्यालयों के लिए जून 1978 के अंत में ऋण-जमा अनुपातों के आधार पर जिलों के वितरण के राज्यवार आंकड़े क्रमशः सारणी 2.9 और 2.10 में दर्शाये गये हैं। उनसे यह देखा जाएगा कि जिन 148 जिलों में ग्रामीण बैंक कार्यालयों ने 60 प्रतिशत और उससे अधिक का ऋण-जमा अनुपात प्राप्त किया था, उनमें से 19—19 जिले मध्य प्रदेश और आन्ध्र प्रदेश में, 18 जिले उत्तर प्रदेश में, 16 जिले राजस्थान में, 13 जिले कर्नाटक में और 11—11 जिले तमिलनाडु और महाराष्ट्र में थे। जिन 113 जिलों में अर्ध शहरी बैंक कार्यालयों ने 60 प्रतिशत और उससे अधिक का ऋण-जमा अनुपात प्राप्त किया, उनमें से 17 जिले आन्ध्र प्रदेश में, 13—13 जिले मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में 12—12 जिले बिहार और कर्नाटक में, 10 जिले राजस्थान में और 9 और 8 जिले क्रमशः तमिलनाडु तथा महाराष्ट्र में स्थित थे।

1. गैर सरकारी क्षेत्र के बैंकों को निर्दिष्ट समय के भीतर लक्ष्य की पूर्ति करनी होगी

सारणी 2.8—ऋण जमा अनुपात के आकार पर ग्रामीण और अर्ध-शहरी बैंक कार्यालयों में जिलों का वितरण

(जून 1978 के अंतिम शुक्रवार को)

(राशि करोड़ रुपयों में)

अनुपात की मात्रा (ऋण-जमा अनुपात)	ग्रामीण			अर्ध-शहरी		
	जिलों की संख्या	जमाराशियां@	अग्रिम	जिलों की संख्या	जमाराशियां@	अग्रिम
	1	2	3	4	5	6
20 प्रतिशत तक	72	4.45(6)	54	40	5,82(15)	92
20 प्रतिशत—30 प्रतिशत	53	4,91(9)	1,20	57	8,15(15)	1,95
30 प्रतिशत—40 प्रतिशत	49	3,03(6)	1,09	55	10,86(20)	3,73
40 प्रतिशत—50 प्रतिशत	29	1,37(5)	62	46	7,03(15)	3,24
50 प्रतिशत—60 प्रतिशत	37	2,69(7)	1,47	35	5,29(15)	2,80
60 प्रतिशत और उससे अधिक	148	7,34(5)	7,56	113	14,67(13)	11,93
	38.1£			32.7£		
जोड़	388	23,79	12,48	346	51,82	24,57

@कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े प्रत्येक आकार वर्ग के अन्तर्गत प्रति जिला जमाराशियों के द्योतक हैं (राशि करोड़ रुपयों में)।

£जिलों की कुल संख्या में प्रतिशत के रूप में।

(स्रोत : कुल जमाराशियों और सकल बैंक ऋण से संबंधित विवरणी)।

पांच कार्यकारी दल

2.46 आलोच्य वर्ष के दौरान जो नीतियां निर्धारित की गयीं उनसे सामाजिक आर्थिक उद्देश्यों की पूर्ति में बैंकों के योगदान में और वृद्धि हुई।

2.47 8 अक्तूबर 1978 को बैंकों और मीयादी ऋण देने वाली संस्थाओं के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के साथ हुई प्रधान मंत्री की बैठक के बाद पांच कार्यकारी दलों का गठन किया गया। इनका उद्देश्य (1) विभेदक ब्याज दरों (2) लघु उद्योग (3) कृषि ऋण (4) रोजगार विकास और (5) रुग्ण औद्योगिक यूनिटों की समस्याओं का गहराई से अध्ययन कर सिफारिशें करना था। इन कार्यकारी दलों की अधिकांश सिफारिशें भारत सरकार तथा रिजर्व बैंक द्वारा स्वीकार कर ली गयी हैं और उन पर जो कार्रवाई की जानी है उसके बारे में बैंकों को निम्नप्रकार सूचना दी गयी :

(1) विभेदक ब्याज दरें

2.48 बैंकों को सूचित किया गया कि (1) इस योजना के अन्तर्गत उत्पादक प्रयासों के लिए समाज के कमजोर वर्गों को दिये जाने वाले अग्रिमों के स्तर को कुल अग्रिमों के वर्तमाम ½ प्रतिशत से बढ़ाकर 1 प्रतिशत किया जाए तथा (2) अब तक के 33⅓ प्रतिशत के स्थान पर ऐसे अग्रिमों का कम से कम 40 प्रतिशत अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों को दिया जाए। अनुसूचित जनजातियों को अधिकाधिक निधियां उपलब्ध कराने के लिए बैंकों को सलाह दी गयी कि वे जनजातीय लोगों के लाभ के लिए विशेष रूप से गठित की गयी सहकारी समितियों/बड़े आकार की बहुउद्देशीय समितियों का उपयोग माध्यम के रूप में करें।

(2) लघु उद्योगों के लिए बैंक ऋण

2.49 बैंकों को सलाह दी गयी थी कि जिन कारीगरों और ग्रामीण तथा कुटीर उद्योगों के यूनिटों की अपनी आवश्यकता 25,000 रुपयों से अधिक नहीं है उनके लिए वे मिश्रित मीयादी ऋणों की योजना बनाएं, जिसमें उपकरण वित्त और कार्यकारी पूंजी दोनों शामिल हों तथा जिनकी चुकौती की अवधि 7 वर्ष से 10 वर्ष तक या इससे अधिक हो। इन मिश्रित ऋणों की ब्याज दर पिछड़े क्षेत्रों में 9.5 प्रतिशत और अन्य क्षेत्रों में 11 प्रतिशत होगी। अत्यन्त लघु क्षेत्र में स्थित यूनिटों तथा अन्य लघु उद्योगों को तीन वर्षों से अन्यून अवधि के लिए प्रदत्त मीयादी ऋणों पर भी इन दरों को लागू किया गया। 'अत्यन्त लघु क्षेत्र' में 1 लाख रुपयों तक की कार्यकारी पूंजी के लिए स्वीकृत ऋण सीमाओं पर 12.5 प्रतिशत से अनधिक ब्याज दर लागू होगी। 25 करोड़ रुपयों से कम देयताओं वाले छोटे बैंक 13.5 प्रतिशत से अनधिक ब्याज दर लगा सकते हैं।

(3) कृषि ऋण

2.50 बैंकों को सलाह दी गयी कि वे राज्य सरकार द्वारा चुने गये 2,000 खंडों में तथा योजना की शेष अवधि के दौरान प्रति वर्ष लिये जाने वाले 300 अतिरिक्त खंडों में समेकित ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में कारगर ढंग से सहयोग दें और यह सुनिश्चित करें कि 1982-83 तक उनके कुल कृषि अग्रिमों का कम से कम 50 प्रतिशत छोटे और सीमांत कृषकों को मिले। नये क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थापना में इन खंडों को प्राथमिकता दी जाएगी।

(4) रोजगार बढ़ाने में बैंकों की भूमिका

2.51 बैंकों को सलाह दी गयी कि उन्हें प्रति माह प्रति शाखा कम से कम दो अतिरिक्त उधारकर्ताओं को समग्र वार्षिक आधार पर ऋण प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। उन्हें चाहिए कि जिन खंडों के लिए विकास योजनाएं तैयार हैं उनमें निजी व्यवसायों की योजनाओं के कार्यान्वयन पर अपना ध्यान केन्द्रित करें और साथ-साथ दूसरे खंडों में अपनी योजनाएं धीरे-धीरे लागू करने का लक्ष्य निर्धारित करें। अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए निजी व्यवसाय की विशेष योजनाएं बनायी जानी चाहिए।

सारणी 2.9—ग्रामीण केन्द्रों में बैंक कार्यालयों से संबंधित ऋण—जमा

(जून 1978 के

अनुपात की मात्रा

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	20 प्रतिशत तक			20 प्रतिशत—30 प्रतिशत			30 प्रतिशत—40 प्रतिशत		
	जिला की संख्या	जमाराशियां	अग्रिम	जिला की संख्या	जमाराशियां	अग्रिम	जिलों की संख्या	जमाराशियां	अग्रिम
	1	2	3	4	5	6	7	8	9
I उत्तरी क्षेत्र	**19**	**218,54**	**25,94**	**11**	**93,91**	**21,56**	**5**	**35,61**	**12,79**
हरियाणा	—	—	—	—	—	—	2	18,20	6,66
हिमाचल प्रदेश	1	34,36	4,04	4	16,88	3,86	1	7 02	2,72
जम्मू और काश्मीर	7	20,87	2,53	2	11,12	2,49	—	—	—
पंजाब	1	161,05	19,02	2	63,15	14,51	1	9 15	3,00
राजस्थान	1	1,95	29	3	2,76	70	1	1,24	41
चंडीगढ़	1	31	6	—	—	—	—	—	—
दिल्ली	—	—	—	—	—	—	—	—	—
II पूर्वोत्तर क्षेत्र	**19**	**15,58**	**1,48**	**5**	**26,71**	**6,47**	**1**	**2,61**	**87**
असम	2	5,60	80	4	26,04	6,31	1	2,61	87
मणिपुर	2	29	—	—	—	—	—	—	—
मेघालय	3	2,64	40	—	—	—	—	—	—
नागालैंड	7	2,55	9	—	—	—	—	—	—
त्रिपुरा	—	—	—	—	—	—	—	—	—
अरुणाचल प्रदेश	4	4,35	17	1	67	16	—	—	—
मिजोरम	1	15	2	—	—	—	—	—	—
सिक्किम	—	—	—	—	—	—	—	—	—
III. पूर्वी क्षेत्र	**9**	**69,21**	**8,61**	**11**	**70,70**	**16,60**	**7**	**35,65**	**12,76**
बिहार	5	31,49	3,52	9	28,00	7,22	5	12,04	4,35
उड़ीसा	—	—	—	—	—	—	1	1,64	53
पश्चिम बंगाल	3	37,23	5,03	2	42,70	9,38	1	21,97	7,88
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	1	49	6	—	—	—	—	—	—
IV. मध्यवर्ती क्षेत्र	**15**	**66,32**	**9,78**	**15**	**100,00**	**25,72**	**20**	**51,84**	**17,91**
मध्य प्रदेश	5	12,32	1,67	1	1,98	45	12	20,44	7,05
उत्तर प्रदेश	10	54,00	8,11	14	98,02	25,27	8	31,40	10,86
V. पश्चिमी क्षेत्र	**8**	**74,19**	**8,25**	**10**	**178,26**	**43,22**	**8**	**74,73**	**27,58**
गुजरात	5	48,74	4,42	6	98,32	21,64	4	43,29	16,10
महाराष्ट्र	2	20,70	3,68	3	15,96	3,37	4	31,44	11,48
दादरा और नागर हवेली	—	—	—	—	—	—	—	—	—
गोवा, दमन और दीव	1	4,75	15	1	63,98	17,21	—	—	—
VI. दक्षिणी क्षेत्र	**2**	**85**	**5**	**1**	**21,47**	**6,17**	**8**	**102,50**	**37,37**
आंध्र प्रदेश	—	—	—	—	—	—	1	2,69	1 08
कर्नाटक	—	—	—	—	—	—	1	23,29	7,82
केरल	—	—	—	1	21,47	6,17	4	75,18	28,03
तमिलनाडु	1	9	—	—	—	—	—	—	—
लक्षद्वीप	1	76	5	—	—	—	—	—	—
पांडिचेरी	—	—	—	—	—	—	2	1,34	47
अखिल भारतीय	**72**	**444,69**	**54,11**	**53**	**491,05**	**119,74**	**49**	**302,94**	**109,28**

(स्रोत : कुल जमाराशियों और सकल बैंक ऋण से संबंधित विवरणी)

अनुपातों के आधार पर जिलों का राज्यवार वितरण

अंतिम शुक्रवार को)

(राशि लाख रुपया में)

(ऋण-जमा-अनुपात)

40 प्रतिशत-50 प्रतिशत			50 प्रतिशत—60 प्रतिशत			60 प्रतिशत और अधिक			जोड़		
जिलों की संख्या	जमाराशियां	अग्रिम	जिलों की संख्या	जमाराशियां	अग्रिम	जिलों की संख्या	जमाराशियां	अग्रिम	जिलों की संख्या	जमाराशियां	अग्रिम
10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21
7	**44,03**	**20,02**	**6**	**16,89**	**9,32**	**25**	**110,33**	**103,56**	**73**	**519,31**	**193,19**
2	8,66	3,65	3	10,17	5,82	4	28,66	21,49	11	65,69	37,62
—	—	—	—	—	—	2	7,14	5,91	12	65,40	16,53
1	2,97	1,40	—	—	—	—	—	—	10	34,96	6,24
2	25,22	11,88	—	—	—	2	18,06	12,07	12	276,63	60,48
2	7,18	3,00	3	6,72	3,50	16	54,51	55,11	26	74,36	63,13
—	—	—	—	—	—	—	—	—	1	31	6
—	—	—	—	—	—	1	1,96	8,95	1	1,96	8,95
3	**69**	**29**	**2**	**1,45**	**74**	**6**	**11,24**	**7,40**	**36**	**58,26**	**17,25**
1	23	10	13	—	—	2	7,50	4,88	10	41,98	12,96
1	31	13	2	1,45	74	1	1	1	6	2,06	88
1	13	6	—	—	—	—	—	—	4	2,77	46
—	—	—	—	—	—	—	—	—	7	2,55	9
—	—	—	—	—	—	3	3,73	2,51	3	3,73	2,51
—	—	—	—	—	—	—	—	—	5	5,02	33
—	—	—	—	—	—	—	—	—	1	15	2
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
9	**38,52**	**18,07**	**7**	**18,09**	**10,00**	**18**	**62,09**	**87,09**	**61**	**294,26**	**153,13**
4	8,92	3 75	4	12,69	7,14	4	18,07	51,92	31	111,21	77,90
1	3,12	1,36	2	5,09	2,70	9	26,70	21,98	13	36,55	26,57
4	26,48	12,96	—	—	—	5	17,32	13,19	15	145,70	48,44
—	—	—	1	31	16	—	—	—	2	80	22
5	**19,06**	**8,59**	**9**	**30,94**	**16,42**	**37**	**155,26**	**141,55**	**101**	**423,42**	**219,97**
2	5,06	2,34	6	14,24	7,63	19	31,35	33,45	45	85,42	52,59
3	13,97	6,25	3	16,70	8,79	18	123,91	108,10	56	338,00	167,38
2	**5,16**	**2,43**	**5**	**60,78**	**32,42**	**14**	**69,12**	**75,76**	**47**	**462,24**	**189,66**
—	—	—	2	41,02	21,35	2	15,16	10,40	19	246,53	73,91
2	5,16	2,43	3	19,76	11,07	11	53,17	64,70	25	146,19	97,73
—	—	—	—	—	—	1	79	66	1	79	66
—	—	—	—	—	—	—	—	—	2	68,73	17,36
3	**29,28**	**12,93**	**8**	**140,80**	**77,59**	**48**	**326,47**	**340,20**	**70**	**621,37**	**4,74,33**
1	13,01	5,90	—	—	—	19	123,94	126,35	21	139,64	133,30
1	11,70	4,79	4	86,32	47,38	13	68,36	85,90	19	189,67	145,89
1	4,57	2,26	1	14,62	8,01	4	47,10	34,41	11	162,94	78,88
—	—	—	3	39,86	22,20	11	84,64	90,56	15	124,59	112,76
—	—	—	—	—	—	—	—	—	1	76	5
—	—	—	—	—	—	1	2,43	2,98	3	3,77	3,45
29	**136,72**	**62,35**	**37**	**268,95**	**146,49**	**148**	**734,51**	**755,56**	**388**	**2378,86**	**1247,53**

तालिका 2.10—ग्रामीण शहरी केन्द्रों के बैंक कार्यालयों से संबंधित ऋण-जमा—

(जून 1978 के

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	अनुपात की मात्रा								
	20 प्रतिशत तक			20 प्रतिशत 30 प्रतिशत			30 प्रतिशत 40 प्रतिशत		
	जिलों की संख्या	जमाराशियां	ऋण	जिलों की संख्या	जमाराशियां	ऋण	जिलों की संख्या	जमाराशियां	ऋण
	1	2	3	4	5	6	7	8	9
I उत्तरी क्षेत्र	**8**	**136,14**	**1816**	**12**	**157,83**	**39,17**	**7**	**121,24**	**42,22**
हरियाणा	—	—	—	—	—	—	1	21,12	8,39
हिमाचल प्रदेश	1	4,42	51	4	43,43	10,34	—	—	—
जम्मू और कश्मीर	1	1,66	8	1	4,64	1,34	—	—	—
पंजाब	3	125,54	16,80	3	85,24	21,28	2	80,95	27,11
राजस्थान	2	4,46	77	4	24,52	6,21	4	19,17	6,72
चंडीगढ़	1	6	—	—	—	—	—	—	—
दिल्ली	—	—	—	—	—	—	—	—	—
II पूर्वोत्तर क्षेत्र	**7**	**43,02**	**5,99**	**5**	**42,56**	**11,12**	**5**	**40,24**	**13,87**
असम	1	1,04	8	5	42,56	11,12	1	17,15	5,49
मणिपुर	1	14	1	—	—	—	—	—	—
मेघालय	2	33,06	5,26	—	—	—	—	—	—
नागालैंड	1	1,44	15	—	—	—	1	7,57	2,98
त्रिपुरा	—	—	—	—	—	—	3	15,52	5,40
अरुणाचल प्रदेश	—	—	—	—	—	—	—	—	—
मिजोरम	1	3,38	24	—	—	—	—	—	—
सिक्किम	1	3,96	25	—	—	—	—	—	—
III पूर्वी क्षेत्र	**7**	**162,42**	**28,59**	**14**	**418,90**	**95,43**	**12**	**142,44**	**46,04**
बिहार	1	3,31	65	6	281,42	61,33	4	40,71	13,00
उड़ीसा	1	1,01	8	2	9,03	2,24	3	8,98	3,34
पश्चिम बंगाल	4	153,61	26,97	6	128,45	31,86	5	92,75	29 70
अंदमान और निकोबार द्वीपसमूह	1	4,49	89	—	—	—	—	—	—
IV मध्यवर्ती क्षेत्र	**10**	**55,76**	**9,59**	**22**	**133,60**	**33,87**	**12**	**128,27**	**46,60**
मध्य प्रदेश	1	2,31	27	9	26,14	6,46	4	23,84	8,38
उत्तर प्रदेश	9	53,45	9,32	13	107,46	27,41	8	104,43	3,822
V पश्चिमी क्षेत्र	**6**	**127,16**	**19,14**	**4**	**62,47**	**15,87**	**12**	**420,82**	**1,44,12**
गुजरात	5	124,38	18,88	3	46,97	11,55	5	285,04	98,13
महाराष्ट्र	—	—	—	1	15,50	4,32	7	135,78	45,99
दादरा और नागर हवेली	—	—	—	—	—	—	—	—	—
गोवा दमण और दीव	1	2,78	26	—	—	—	—	—	—
VI दक्षिणी क्षेत्र	**2**	**57,21**	**9,97**	—	—	—	**7**	**232,38**	**79,91**
आन्ध्र प्रदेश	—	—	—	—	—	—	—	—	—
कर्नाटक	—	—	—	—	—	—	2	31,70	10,69
केरल	1	57,07	9,95	—	—	—	3	154,20	54,01
तमिलनाडु	—	—	—	—	—	—	1	41,90	13,64
लक्षद्वीप	—	—	—	—	—	—	—	—	—
पांडिचेरी	1	14	2	—	—	—	1	4,58	1,57
अखिल भारतीय	**40**	**581,71**	**91,44**	**57**	**815,36**	**195,46**	**55**	**1085,39**	**372,76**

(स्रोत: कुल जमाराशियां और सकल बैंक ऋण से संबंधित जिलवारी)

अनुपातों के आधार पर जिलों का राज्यवार वितरण

अंतिम शुक्रवार को)

(राशि लाख रुपयों में)

(ऋण-जमा-अनुपात)

40 प्रतिशत 50 प्रतिशत			50 प्रतिशत 60 प्रतिशत			60 प्रतिशत और उससे अधिक			जोड़		
जिलों की संख्या	जमाराशियां	अग्रिम	जिलों की संख्या	जमाराशियां	अग्रिम	जिलों की संख्या	जमाराशियां	अग्रिम	जिलो की संख्या	जमा राशियां	अग्रिम
10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21
6	**65,58**	**30,69**	**10**	**169,68**	**83,89**	**18**	**209,33**	**187,32**	**61**	**859,70**	**407,45**
1	41,07	20,07	4	74,85	40,76	5	73,16	61,24	11	210,20	130,46
1	4,07	1,78	--	--	--	--	--	--	6	51,92	12,63
1	6,40	2,65	1	4,03	2,40	1	2,43	2,67	5	19,16	9,14
--	--	--	2	79 66	40,66	2	62,65	56,32	12	434,04	162,17
3	14,04	6,19	3	11,14	6,07	10	70,99	67,09	26	144,32	93,05
--	--	--	--	--	--	--	--	--	1	6	--
--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
1	**3,24**	**1,54**	--	--	--	**1**	**43,51**	**26,98**	**19**	**172,57**	**59,50**
1	3,24	1,54	--	--	--	1	43,51	26,98	9	107,50	45,21
--	--	--	--	--	--	--	--	--	1	14	1
--	--	--	--	--	--	--	--	--	2	33,06	5,26
--	--	--	--	--	--	--	--	--	2	9,01	3,13
--	--	--	--	--	--	--	--	--	3	15,52	5,40
--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
--	--	--	--	--	--	--	--	--	1	3,38	24
--	--	--	--	--	--	--	--	--	1	3,96	25
7	**52,69**	**24,56**	**3**	**28,36**	**15,23**	**16**	**105,44**	**100,76**	**59**	**910,25**	**310,61**
4	31,09	14,36	2	22,94	12,46	12	73,64	70,56	29	453,11	172,36
2	21,21	5,67	1	5,42	2,77	4	31,80	30,20	13	68,45	44,30
1	9,39	4,53	--	--	--	--	--	--	16	384,20	93,06
--	--	--	--	--	--	--	--	--	1	4,49	89
15	**157,41**	**69,89**	**10**	**57,26**	**30,69**	**26**	**232,66**	**207,05**	**95**	**764,26**	**397,69**
8	44,11	19,61	9	48,99	26,45	13	60,30	52,34	44	205,69	113,51
7	113,30	50,28	1	8,27	4,24	13	172,36	154,71	51	559,27	284,18
6	**188,26**	**90,37**	**6**	**137,69**	**72,76**	**11**	**172,60**	**124,42**	**45**	**1109,00**	**466,68**
--	--	--	2	71,58	36,72	3	37,09	29,37	18	565,06	194,65
5	56,46	25,60	4	66,11	36,04	8	135,51	95,05	25	409,36	207,00
--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
1	131,80	64,77	--	--	--	--	--	--	2	134,58	65,03
11	**235,96**	**107,16**	**6**	**135,86**	**71,59**	**41**	**703,63**	**546,63**	**67**	**1365,04**	**815,21**
3	55,23	23,62	1	18,62	10,00	17	238,63	179,37	21	312,48	212,99
2	52,62	24,68	3	41,19	22,89	12	135,06	116,93	19	260,57	175,19
3	87,82	40,07	1	49,10	24,71	3	72,71	53,21	21	420,90	181,95
3	40,29	18,79	1	26,95	13,99	9	257,23	197,14	14	366,37	243,56
--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
--	--	--	--	--	--	--	--	--	2	4,72	1,59
46	**703,14**	**324,21**	**35**	**528,85**	**280,16**	**113**	**1467,07**	**1193,18**	**346**	**5181,52**	**2457,21**

(5) रुग्ण औद्योगिक यूनिटों की समस्याएं

2.52 रुग्ण औद्योगिक यूनिटों की समस्याओं को हल करने के लिए बैंकों से यह कहा गया कि वे अन्य बातों के साथ-साथ (1) रुग्ण यूनिटों की पुनर्व्यवस्था की संभावनाओं का पता लगाएं तथा यदि वे अपेक्षित सहायता प्रदान करने में असमर्थ हों तो ऐसे मामले को भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की विचारार्थ भेजें । उक्त बैंक उस यूनिट को पुनर्व्यवस्थित करने के लिए आवश्यक सभी उपायों पर विचार करेगा तथा, (2) वे यह सुनिश्चित करें कि रुग्ण यूनिटों की कठिनाइयों को दंडस्वरूप ब्याज लगाकर बढ़ाया नहीं जाता ।

निजी क्षेत्र के बैंक

2.53 रिजर्व बैंक ने निजी क्षेत्र के वाणिज्य बैंकों को सूचित कर उनसे यह अपेक्षा की है कि वे प्राथमिकता प्राप्त और अपेक्षित क्षेत्रों को क्रमशः अधिक ऋण प्रदान करें जिससे कि 31 मार्च, 1980 तक कुल अग्रिमों का न्यूनतम 33-1/3 प्रतिशत अग्रिम उन्हें प्राप्त हो । ग्रामीण और अर्ध शहरी शाखाओं में अलग-अलग रूप से न्यूनतम 60 प्रतिशत के ऋण-जमा अनुपात के संबन्ध में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों पर लागू होने वाला लक्ष्य निजी क्षेत्र के बैंकों पर भी लागू किया गया। निजी क्षेत्र के बैंकों के लिए लागू किये गये अन्य सामाजिक एवं आर्थिक उद्देश्य इस प्रकार हैं :

1. कुल अग्रिम का एक प्रतिशत विभेदक ब्याज दर योजना के अन्तर्गत दिया जाए और उसका 40 प्रतिशत अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को उपलब्ध हो ।
2. प्रति शाखा प्रति माह कम से कम दो अतिरिक्त उधारकर्ताओं को समग्र वार्षिक आधार पर ऋण प्रदान किया जाए ।
3. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों पर पहले से लागू होने वाले अनुपात में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए पद आरक्षित किये जाएं ।

अग्रणी बैंक योजना

2.54 निरन्तर अग्रणी बैंक योजना की प्रगति की समीक्षा करने तथा उक्त योजना को कारगर ढंग से कार्यान्वित करने के लिए नीति विषयक मार्गदर्शी सिद्धांत जारी करने के उद्देश्य से रिजर्व बैंक में उच्च अधिकार प्राप्त समिति का गठन किया गया है । इस वर्ष के दौरान उक्त समिति की दो बैठकें हुईं । समिति ने अपनी बैठक में जिन महत्वपूर्ण विषयों पर विचार किया वे इस प्रकार हैं :

अग्रणी बैंक योजना के अंतर्गत क्षेत्र का विस्तार

2.55 अग्रणी बैंक योजना के अन्तर्गत गोवा, दमन और दीव, तथा दिल्ली और चंडीगढ़ के संघ शासित क्षेत्रों के ग्रामीण क्षेत्रों को शामिल किया गया । दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों में अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी भारतीय स्टेट बैंक को तथा चंडीगढ़ की जिम्मेदारी पंजाब नेशनल बैंक को सौंपी गयी । देश में स्थित समस्त 390 जिलों (इनमें दिल्ली और चंडीगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र, पश्चिम बंगाल के 24-परगनों के विभाजित जिले और मणिपुर राज्य में निर्मित छ जिले, जिन्हें पहले एक ही जिले के रूप में समझा गया था, शामिल हैं) के लिए ऋण संबंधी योजनाओं का कार्यान्वयन प्रारम्भ किया गया है ।

जिला ऋण योजनाएं

2.56 यह महसूस किया गया कि ऋण योजनाएं तैयार करने के लिए एक समान पद्धति अमल में लायी जा सकती है और तदनुसार मार्गदर्शी सिद्धांत बनाये गये । यह निश्चय किया गया कि जो ऋण योजनाएं इस समय प्रचलित हैं उन्हें दिसम्बर 1979 में समाप्त कर दिया जाए । अग्रणी बैंकों से जनवरी 1980 से दिसम्बर 1982 तक की अवधि के लिए नयी ऋण योजनाएं बनाने के लिए कहा गया, ताकि नयी ऋण योजनाओं की अवधि पंचवर्षीय योजनाओं की अवधि के बराबर हो । इसके अतिरिक्त अग्रणी बैंक द्वारा हर वर्ष दिसम्बर में वार्षिक कार्रवाई योजनाएं तैयार की जानी चाहिएं और उनमें कुल ऋण परिव्यय को क्षेत्रवार, योजनावार और संस्थाओं के समूहवार आंकड़े दिये जाने चाहिएं। अग्रणी बैंकों को यह सलाह दी गयी कि वे अपने अग्रणी जिलों में ऋण योजनाओं के कार्यान्वयन का आवधिक मूल्यांकन करने के लिए अपनी प्रणाली का विकास करें । उच्च अधिकार प्राप्त समिति द्वारा इन विषयों पर लिये गये निर्णयों के अनुसरण में सभी अग्रणी बैंकों और इतर बैंकों को उपयुक्त अनुदेश/मार्गदर्शी सिद्धांत जारी किये गये ।

2.57 ग्रामीण क्षेत्रों में बहुएजेंसी पद्धति के उचित कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए रिजर्व बैंक में "ग्रामीण आयोजना और साख कक्ष" नामक एक कक्ष स्थापित किया गया है । जनवरी 1979 से इस कक्ष ने अपना कार्य प्रारम्भ किया तथा उसे क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, जिला और खंड स्तरों की ऋण योजनाओं तथा कृषि ऋण गहन विकास योजना से संबन्धित वे सभी कार्य सौंप दिये गये हैं जो पहले बैंक के बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग तथा कृषि ऋण विभाग द्वारा किये जाते थे ।

2.58 रिजर्व बैंक के ग्रामीण आयोजना और साख कक्ष ने 1980-82 की अवधि के लिए नयी जिला ऋण योजनाएं तथा 1980 के लिए वार्षिक कार्रवाई योजना तैयार करने के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत बनाये ताकि सभी अग्रणी बैंक एक समान पद्धति से योजनाएं तैयार करें तथा उन्हें जिला विकास योजनाओं के अनुरूप बनाकर जनवरी 1980 में लागू करें । ये मार्गदर्शी सिद्धांत सभी अग्रणी बैंकों एवं राज्य सरकारों को भेजे गये । अग्रणी बैंकों को सलाह दी गयी कि यदि वर्तमान योजनाएं यथार्थ न मानी गयीं तो 1979 के लिए भी वार्षिक कार्रवाई योजनाएं तैयार करें ।

जिला ऋण योजनाओं का कार्यान्वयन

2.59 जिला परामर्श समिति की बैठकों में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति से ऋण योजनाओं पर कारगर ढंग से तथा तेजी से अमल करने का रास्ता साफ हो जाता है और निर्णय करने में भी सहायता मिलती है, इसलिए अग्रणी बैंकों और इतर बैंकों को सूचित किया गया कि वे जिला परामर्श समिति की बैठकों में, विशेषकर उन बैठकों में जहां ऋण योजनाओं की छमाही और वार्षिक समीक्षा की जाती है तथा वार्षिक कार्रवाई योजनाओं को अंतिम रूप दिया जाता है, भाग लेने के लिए, जहां तक व्यवहार्य हो, अपने क्षेत्रीय/प्रभागीय/विकास प्रबन्धकों को भेजें ।

2.60 सभी अग्रणी बैंकों का ध्यान भारत सरकार द्वारा तैयार की गयी 'मार्जिन धन योजना' की ओर दिलाया गया, जिसका उद्देश्य लघु यूनिटों को मार्जिन धन प्रदान करने हेतु राज्य सरकारों/संघशासित प्रदेशों को वित्तीय सहायता प्रदान करना था । ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए इस योजना को सफलतापूर्वक लागू करने के उद्देश्य से उन्हें बताया गया कि जिला परामर्श समितियों, विकास एजेंसियों और वाणिज्य बैंकों के बीच कारगर समन्वय सुनिश्चित करें तथा समितियों की आवधिक बैठकों में योजना के पहलुओं पर निश्चित रूप से बातचीत हो । बैंकों को यह भी सूचित किया गया कि वे संभाव्य उद्यमियों के लिए उपयुक्त स्तरों पर मार्गदर्शन देने के लिए तकनीकी दृष्टि से प्रशिक्षित विकास कर्मचारियों की व्यवस्था करें ।

2.61 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को सलाह दी गयी कि वे लघु उद्योग, रोजगार विकास योजना, विभेदक ब्याज दर योजना और कृषि वित्त संबंधी कार्यकारी दलों की रिपोर्टों में दी गयी सिफारिशों को कार्यान्वित करें । चूंकि सिफारिशों का मुख्य उद्देश्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों तथा समाज के कमजोर वर्गों को आसानी से तथा उचित ढंग से ऋण उपलब्ध कराना है, इसलिए बैंकों को सूचित किया गया कि जिला परामर्श समिति समान समस्याओं पर विचार करने (मूल वस्तुओं की पूर्ति, बिजली, विपणन व्यवस्थाएं आदि सहित) तथा अनुदेशों के तेजी से कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के निमित्त उन समस्याओं के समाधान के लिए हल ढूंढ निकालने का उपयुक्त मंच होगा ।

अग्रणी जिलों में ऋण योजनाओं के कार्यान्वयन का नमूना सर्वेक्षण

2.62 अग्रणी बैंकों तथा अन्य सहभागी संस्थाओं/एजेंसियों द्वारा की गयी प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए रिजर्व बैंक ने उन जिलों में मोटे तौर पर नमूना सर्वेक्षण किया जहां ऋण योजनाएं दो वर्षों से अधिक अवधि तक चली थीं। नमूना सर्वेक्षण के लिए विभिन्न अग्रणी बैंकों वाले तीन राज्यों अर्थात् उ० प्र० (फर्रुखाबाद) म० प्र० (सिवनी) और राजस्थान (जैसलमेर) में से एक-एक जिला चुना गया। सर्वेक्षण के लिए क्षेत्रीय जांच की गयी तथा सम्बंधित रिपोर्टें तैयार की जा रही हैं।

जिला उद्योग केन्द्र

2.63 लघु, कुटीर और ग्रामीण उद्योग के संवर्धन को सर्वाधिक महत्व देने के लिए भारत सरकार ने जिला उद्योग केन्द्रों की स्थापना करने का निश्चय किया। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों तथा निजी क्षेत्र के दो बैंकों, जिन्हें अग्रणी का उत्तरदायित्व सौंपा गया, से कहा कि जिला उद्योग केन्द्र स्थापित करने के लिए चुने गये जिलों में अपने अधिकारियों को प्रबंधक (ऋण) के रूप में कार्य करने के लिए प्रतिनियुक्त करें।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

2.64 इस वर्ष के दौरान और आठ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक स्थापित किये गये। इसके साथ जून 1979 के अंत में 17 राज्यों में उनकी कुल संख्या 56 हो गयी। नये क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में से गुजरात में दो, बिहार में तीन और कर्नाटक, राजस्थान तथा मध्य प्रदेश में एक-एक बैंक खोले गये। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की कुल 560 शाखाएं खोली गयीं तथा यह संख्या जून 1978 के अंत में, 1,405 से बढ़कर जून 1979 के अंत में 1,965 हो गयी (सारणी 2.11)।

सारणी 2.11—क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के राज्यवार कार्यालय

(जून 1979 के अंत तक)

राज्य	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की संख्या	शाखाओं की संख्या
1. आन्ध्र प्रदेश	3	238
2. असम	1	34
3. बिहार	10	266
4. गुजरात	2	—
5. हरियाणा	2	64
6. हिमाचल प्रदेश	1	21
7. जम्मू और काश्मीर	1	43
8. कर्नाटक	4	156
9. केरल	2	118
10. मध्य प्रदेश	5	149
11. महाराष्ट्र	1	48
12. उड़ीसा	4	155
13. राजस्थान	4	166
14. तमिलनाडु	1	55
15. त्रिपुरा	1	24
16. उत्तर प्रदेश	10	326
17. पश्चिम बंगाल	4	102
जोड़	56	1,965

(स्रोत: ग्रामीण आयोजना और साख कक्ष और बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग भारतीय रिजर्व बैंक)

2.65 51 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से प्राप्त प्रगति रिपोर्टों के अनुसार मार्च 1979 के अंतिम शुक्रवार को उनकी कुल जमाराशियां और अग्रिम राशियां क्रमशः 80 करोड़ रुपये तथा 143 करोड़ रुपये थीं। छोटे/सीमान्त किसानों, भूमिहीन श्रमिकों और ग्रामीण कारीगरों को दिये गये अग्रिमों की राशि 134 करोड़ रुपये थी।

2.66 1 अक्तूबर, 1976 को रिजर्व बैंक द्वारा प्रारम्भ की गयी पुनर्वित्त योजना के अन्तर्गत क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक पुनर्वित्त सुविधा प्राप्त करते रहे। 31 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए मंजूर की गयी ऋण सीमाएं जून 1979 के अंत में 34 करोड़ रुपये थीं। इन सीमाओं से निकाली गयी तथा मार्च 1979 के अंतिम शुक्रवार को बकाया रहने वाली राशि 28 करोड़ रुपये थी।

2.67 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में नकदी आरक्षित निधि आदि रखने के संबन्ध में रिजर्व बैंक द्वारा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को दी गयी रियायतों और छूट का उल्लेख किया गया था। अन्य अनुसूचित वाणिज्य बैंकों पर लागू 6 प्रतिशत के मुकाबले उनकी कुल मांग और मीयादी देयताओं के 3 प्रतिशत का नकदी आरक्षित निधि अनुपात जारी है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को उस निदेश से मिली हुई छूट जारी है जिसके अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को किसी आधारभूत तारीख को विद्यमान वृद्धिशील मांग और मीयादी देयताओं का 10 प्रतिशत जमा रखना होता है। बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 24 के अन्तर्गत क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा रखी जाने वाली चल आस्तियों का प्रतिशत अन्य बैंकों पर लागू 34 प्रतिशत के मुकाबले पहले की तरह 25 प्रतिशत है।

2.68 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के संबंध में गठित समिति (दांतवाला समिति) की सिफारिश के अनुसरण में रिजर्व बैंक में एक संचालन समिति गठित की गयी और उसे निम्नलिखित कार्य सौंपे गये। (i) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थापना के लिए क्षेत्रों का पता लगाना तथा प्रबंध व्यवस्था में स्थानीय सहभागिता, बोर्डों का गठन, अध्यक्ष की नियुक्ति और कर्मचारियों की भर्ती और उनका प्रशिक्षण आदि संगठन संबंधी विषयों को देखना। (ii) ऋण प्रदान करने की नीतियां आदि परिचालन संबंधी विषय। (iii) चल निधि के मामलों में वर्तमान ढील और छूट की आवधिक समीक्षा करना। (iv) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की प्रगति पर निगरानी रखना तथा उसकी समीक्षा करना। (v) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के कार्यों का पर्यवेक्षण करना। (vi) दांतवाला समिति की रिपोर्ट पर अनुवर्ती कार्रवाई के लिए मार्गदर्शी सिद्धांतों से संबंधित सुझाव देना। इस वर्ष के दौरान संचालन समिति की तीन बैठकें हुईं।

कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम/अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ/अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक के कार्यक्रमों में वाणिज्य बैंकों की सहभागिता

2.69 आलोच्य वर्ष के दौरान कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की सामान्य योजनाओं तथा अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ/अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक द्वारा उक्त निगम के माध्यम से सहायता प्राप्त परियोजनाओं को कार्यान्वित करने में वाणिज्य बैंकों ने और प्रगति की है। 30 जून 1979 तक निगम ने वाणिज्य बैंकों के लिए 6,147 योजनाएं स्वीकृत कीं, इनके लिए कुल 1,206 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसमें निगम द्वारा वायदा की गयी सहायता राशि 974 करोड़ रुपये थी। निगम द्वारा वितरित राशियां जून 1978 के अंत में 341 करोड़ रुपयों के मुकाबले जून 1979 के अंत में 491 करोड़ रुपये थीं। योजनाओं में लघु सिंचाई एवं मशीनीकरण की योजनाओं का अंश पहले की तरह अधिक रहा तथा 3,375 योजनाओं के लिए 751 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गयी।

कृषक सेवा समितियां

2.70 वाणिज्य बैंकों, मध्यवर्ती सहकारी बैंकों और ग्रामीण सहकारी बैंकों द्वारा कृषक सेवा समितियों का गठन किया जाता है तथा उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इन समितियों के कार्य बहुउद्देश्यीय हैं और उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे एक सम्पर्क स्थान पर पूर्णतः कृषि ऋण तथा सम्बन्धित सेवाएं प्रदान करें। जून, 1978 के अन्त तक सार्वजनिक क्षेत्र के 18 तथा निजी क्षेत्र के 2 बैंकों द्वारा 13 राज्यों और दिल्ली के संघ शासित प्रदेश में 213 कृषक सेवा समितियां स्थापित की गयीं।

ग्राम अभिस्वीकरण योजना

2.71 बैंक क्षेत्रीय पद्धति का पालन करते रहे तथा बैंकों ने "ग्राम अभिस्वीकरण योजना" के अन्तर्गत ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था के सभी पहलुओं के क्रमशः समेकित विकास के उद्देश्य से वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए गांवों को अपनाया। दिसम्बर 1978 के अन्त में बैंकों ने 70,270 गांवों को अपनाया तथा 21 लाख किसानों को 449 करोड़ रुपयों की वित्तीय सहायता प्रदान की, जबकि दिसम्बर, 1977 के अन्त में क्रमशः 55,205 गांवों को अपनाया गया था तथा 15 लाख किसानों को 297 करोड़ रुपयों की सहायता दी गयी थी।

कृषि अग्रिमों की वसूली

2.72 सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा दिये जाने वाले प्रत्यक्ष कृषि अग्रिमों को चुकाने की जो मांग की जाती है, उसमें वसूली गयी राशि का अखिल भारतीय प्रतिशत जून, 1973 से क्रमशः बढ़ता रहा, किन्तु उसमें जून, 1977 के अन्त में गिरावट आयी और वह घटकर 48.8 हो गया था। लेकिन उसमें पुनः सुधार की प्रवृत्ति पायी गयी और वह जून, 1978 के अन्त में थोड़ा-सा बढ़कर 50.2 हो गया। अखिल भारतीय अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की वसूली की स्थिति जून, 1977 के अन्त में विद्यमान 50.0 प्रतिशत से बढ़कर जून, 1978 के अन्त में 51.2 प्रतिशत हो गयी। 1977-78 के दौरान सरकारी क्षेत्र के बैंकों की वसूली में जो सुधार आया वह पूर्वी और मध्यवर्ती क्षेत्रों को छोड़कर सभी क्षेत्रों में पाया गया।

ऋण प्राधिकरण योजना

2.73 1965 से अमल में रहने वाली ऋण प्राधिकरण योजना मुद्रास्फीति के दबावों को नियंत्रित करने की बैंक की नीति की पृष्ठभूमि में ऋण विनियमन के सफल साधन के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती रही है। बैंक ऋण सम्बन्धी अनुवर्ती कार्रवाई के लिए मार्गदर्शी सिद्धान्त बनाने के उद्देश्य से नियुक्त किये गये अध्ययन दल की सिफारिशों के अनुसार बैंक ने जो कदम उठाये हैं उनसे ऋणकर्ताओं की उत्पादन सम्बन्धी आवश्यकताओं के आधार पर ऋण वितरण करने का औचित्य सिद्ध हुआ है और इनसे ऋण सम्बन्धी अनुवर्ती कार्रवाई और पर्यवेक्षण में भी बैंकों को सहायता मिली है। ऋण का अध्ययन करने के क्षेत्र में भी बैंकों की प्रगति काफी धीमी रही है।

ऋण प्राधिकरण योजना की कार्यपद्धति

2.74 जुलाई, 1978 से जून, 1979 तक की अवधि के दौरान इस योजना के अधीन आने वाली पार्टियों की संख्या 979 से बढ़कर 1,059 हो गयी। इसमें जून, 1979 के अन्त में सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों की संख्या 187 थी, जबकि उक्त संख्या जून, 1978 के अन्त में 178 थी। इस योजना के अन्तर्गत आने वाली पार्टियों के नाम विद्यमान कुल ऋण राशि जून, 1979 के अन्त में 11,968 करोड़ रुपये थी। इस प्रकार उनमें पिछले वर्ष की उसी अवधि में हुई 802 करोड़ रुपयों की वृद्धि के मुकाबले इस वर्ष 1,327 करोड़ रुपयों की काफी अधिक वृद्धि हुई। सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों की ऋण सीमाओं में 670 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई, जबकि पिछले वर्ष उनमें 268 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी किन्तु बढ़ते हुए ऋण में निजी क्षेत्र का अंश 1977-78 में स्थित 534 करोड़ रुपयों की तुलना में इस वर्ष 657 करोड़ रुपये था।

2.75 इस वर्ष कुल चालू ऋण सीमाओं के प्रयोजनवार वितरण, के स्वरूप से पिछले वर्ष की उपलब्धि का पता चलता है। इस प्रकार जून, 1979 के अन्त में कुल ऋण सीमाओं का 88.2 प्रतिशत कार्यकारी पूंजी (बैंकिंग ऋण और बिलों सहित), 8.7 प्रतिशत मीयादी वित्त और 3.1 प्रतिशत आस्थगित अदायगी के आधार पर मशीनों की बिक्री के प्रयोजनों के लिए दिया गया था। जून, 1979 के अन्त में 11,968 करोड़ रुपयों की कुल ऋण सीमाएं विद्यमान थीं, उनमें व्यापार क्षेत्र का अंश लगभग 4,501 करोड़ रुपये (37.6 प्रतिशत) था। व्यापार क्षेत्र के अन्तर्गत केवल खाद्यान्नों की वसूली के लिए प्रदत्त ऋणों की राशि 3,151 करोड़ रुपये अथवा कुल ऋण का 26.3 प्रतिशत थी। उद्योग क्षेत्र का अंश 6,640 करोड़ रुपये (55.5 प्रतिशत) था। इसमें से इंजीनियरी वस्तुओं और सूती वस्त्रों के उद्योगों का अंश क्रमशः 1,881 करोड़ रुपये (15.7 प्रतिशत) और 834 करोड़ रुपये (7.0 प्रतिशत) था। सरकारी क्षेत्र के सम्बन्ध में 6,447 करोड़ रुपयों की जो ऋण सीमाएं विद्यमान थीं, उनमें व्यापार क्षेत्र का अंश 63.2 प्रतिशत था (जिसमें खाद्यान्नों की वसूली का अंश 48.9 प्रतिशत था)। इंजीनियरी क्षेत्र, बिजली प्रतिष्ठानों तथा मूल धातु और धातु से बनी वस्तुओं (लोहा और इस्पात) का अंश क्रमशः 9.1 प्रतिशत, 5.0 प्रतिशत और 3.2 प्रतिशत था।

योजना में परिवर्तन

2.76 रिजर्व बैंक उक्त योजना की कार्य पद्धति को लचीला बनाने के लिए समय-समय पर उसकी कार्य-प्रणाली का अध्ययन करता रहा है। पिछली रिपोर्ट के बाद योजना की कार्य-प्रणाली में कुछ रियायतें दी गयी हैं और कुछ परिवर्तन भी किये गये हैं। उसका मुख्य उद्देश्य यह है कि क्रियाविधियों को सरल बनाया जाए और बैंकों को अधिक अधिकार दिये जाएं जिससे कि वे ऋण के सम्बन्ध में शीघ्र निर्णय ले सकें। इन परिवर्तनों और वर्तमान अनुदेशों की व्याख्या को संक्षेप में आगे दिया जाता है।

क. रियायतें]

अधिकतम सीमा

2.77 बैंकों द्वारा पूंजीगत आस्तियों के अभिग्रहण के लिए मंजूर किये गये मीयादी ऋणों को ऋण प्राधिकरण योजना के अन्तर्गत ऋण प्रस्तावों के लिए निर्धारित अधिकतम सीमा का हिसाब लगाने के प्रयोजन के लिए शामिल नहीं किया गया है[1] इसके परिणामस्वरूप, कतिपय यूनिटों को योजना के कार्यक्षेत्र के बाहर जाने की अनुमति दी गयी है।

ख. संशोधन

साख पत्र, आस्थगित अदायगी की गारंटियां और स्वीकरण सीमाएं

2.78 (i) पूंजीगत आस्तियों के अभिग्रहण तथा अन्य प्रयोजनों के लिए खोले जाने वाले साख-पत्रों तथा (ii) बैंकों द्वारा ऋणकर्ताओं को पूंजीगत उपकरणों के क्रय के लिए मंजूर की जाने वाली आस्थगित अदायगी सम्बन्धी गारन्टियों तथा उनसे सम्बन्धित स्वीकरण सीमाओं को कतिपय छूट देते हुए योजना के कार्यक्षेत्र के भीतर लाया गया है। परन्तु उक्त सुविधाओं को पहले की तरह अधिकतम सीमा का हिसाब लगाने के प्रयोजन के लिए शामिल नहीं किया जाएगा।

1. सम्प्रति अधिकतम सीमा की राशि गैर-सरकारी क्षेत्र और सरकारी क्षेत्र के लिए क्रमशः 200 लाख रुपये और 300 लाख रुपये है।

स्पष्टीकरण :

1. **गारंटियां**

2.79 वर्तमान अनुदेशों के अन्तर्गत अग्रिम धन की जमाराशि, निष्पादन गारन्टियों आदि के स्थान पर गारन्टियां जारी करने के लिए बैंकों द्वारा मंजूर की गयी सीमाओं को पूर्व प्राधिकरण से छूट प्राप्त है। यह स्पष्ट किया गया कि यदि गारन्टी जारी कर कोई बैंक इस उद्देश्य से वित्तीय दायित्व ग्रहण करे कि उसके घटक पूंजीगत आस्तियों का अभिग्रहण कर सकें, तो उसे कतिपय निर्दिष्ट शर्तों पर रिजर्व बैंक का पूर्व प्राधिकरण प्राप्त करना होगा।

2. **भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (भाऔवि बैंक) की बिल पुनर्भुनाई योजना**

2.80 भाऔवि बैंक की बिल पुनर्भुनाई योजना के अन्तर्गत (तथा योजना के बाहर परन्तु निर्दिष्ट शर्तों पर) देशी बिक्रियों के सन्दर्भ में आस्थगित बिलों का वित्तपोषण करने के लिए बैंकों द्वारा मंजूर की गयी सीमाओं के लिए पूर्व प्राधिकरण अपेक्षित नहीं है। बैंक किसी वर्ष (जुलाई-जून) में 100 लाख रुपयों की निर्दिष्ट सीमा (यह सीमा सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणकर्ताओं के लिए उच्चतर है) तक किसी खरीदार की ओर से स्वीकरण सीमाएं जारी कर सकते हैं। यह निश्चय किया गया कि भाऔवि बैंक की बिल पुनर्भुनाई योजना के अन्तर्गत तथा योजना के बाहर बैंकों द्वारा मंजूर की जाने वाली स्वीकरण सीमाओं के लिए ऋण प्राधिकरण योजना के अन्तर्गत पूर्व प्राधिकरण अपेक्षित नहीं होगा, बशर्ते कि ऐसी सीमाएं भाऔवि बैंक के नियमों और शर्तों के अनुरूप हों तथा भारतीय रिजर्व बैंक के अनुदेशों का सुनिश्चित रूप से पालन किया जाए।

3. **पूंजीगत वस्तुओं के आयातों की सहायता के लिए रुपया वित्त की योजना**

2.81 वर्तमान अनुदेशों के अन्तर्गत पूंजीगत वस्तुओं के आयातों की सहायता के लिए रुपया वित्त की योजना के अधीन बैंकों द्वारा दिये जाने वाले रुपया ऋणों के लिए ऋण प्राधिकरण योजना के अन्तर्गत उस हालत में पूर्व प्राधिकरण अपेक्षित नहीं है जब ऐसे ऋण, मशीनों की कतिपय विशिष्ट मदों के सदर्भ आयात के लिए हों और साथ ही इस प्रकार के आयात बैंक द्वारा वित्तपोषित समग्र परियोजना अथवा विस्तार/आधुनिकीकरण योजना का अंश न हों। बैंकों को यह सूचित किया गया कि उन्हें पहले से प्रदान की गयी छूटों को छोड़कर अन्य मामलों में मीयादी ऋणों के लिए पूर्व प्राधिकरण अपेक्षित होगा।

4. **कार्यकारी पूंजीगत मीयादी ऋण**

2.82 बैंकों द्वारा मंजूर किये गये कार्यकारी पूंजीगत मीयादी ऋणों को ऋण प्राधिकरण योजना के अन्तर्गत अनुशासन के प्रयोजन के लिए 'कार्यकारी पूंजीगत' सीमाओं के रूप में माना जाना चाहिए। इस प्रकार ऋण प्राधिकरण योजना के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली पार्टियों के सन्दर्भ में यदि कार्यकारी पूंजीगत मीयादी ऋणों की राशि रिजर्व बैंक द्वारा पहले से प्राधिकृत वर्तमान कार्यकारी पूंजीगत सीमाओं में से निकाली जाती है तो रिजर्व बैंक को पुनः लिखने की आवश्यकता नहीं है, भले ही कार्यकारी पूंजीगत मीयादी ऋण की राशि और/या उसकी चुकौती की अवधि कुछ भी क्यों न हो। यदि कार्यकारी पूंजीगत मीयादी ऋण के लिए वर्तमान कार्यकारी पूंजीगत सीमाओं की मंजूरी/वृद्धि अपेक्षित हो तो पूर्व प्राधिकरण आवश्यक होगा। ऋण प्राधिकरण योजना के अन्तर्गत आने वाली पार्टियों से इतर पार्टियों के मामले में केवल उन्हीं सन्दर्भों में बैंक को लिखने की आवश्यकता होगी, जहां किसी कार्यकारी पूंजीगत मीयादी ऋण (टण्डन अध्ययन दल द्वारा निर्धारित किये गये निर्देशक सिद्धान्तों के अनुसार निकाले गये) की मंजूरी से ऋणकर्ता द्वारा समस्त बैंकिंग तन्त्र से प्राप्त कुल कार्यकारी पूंजीगत सीमाओं की राशि 2 करोड़ रुपये अथवा अधिक (सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणकर्ताओं के लिए 3 करोड़ रुपये) हो जाए। चयनात्मक ऋण नियंत्रण सम्बन्धी उपायों के अन्तर्गत आने वाले पण्यों पर दिये जाने वाले अग्रिमों के लिए उक्त रियायत लागू नहीं होगी।

5. **सीमाओं की सूचना देने के लिए अधिकतम सीमा**

2.83 ऋण प्राधिकरण योजना के अन्तर्गत आने वाले ऋणकर्ताओं से इतर ऋणकर्ताओं को मंजूर की जाने वाली ऐसी सीमाओं की सूचना रिजर्व बैंक को देने समय, जिनसे बैंकिंग तन्त्र से उपलब्ध कुल ऋण सीमाओं की राशि निजी क्षेत्र के मामले में 1 करोड़ रुपये और अधिकतम 2 करोड़ रुपयों तक तथा सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणकर्ताओं के मामले में 3 करोड़ रुपये हो जाए, ऐसे ऋणकर्ताओं को पूंजीगत आस्तियों के अभिग्रहण के प्रयोजन के लिए मंजूर किये गये मीयादी ऋणों की कुल ऋण सीमाओं का हिसाब लगाने के निमित्त शामिल न किया जाए। दूसरे शब्दों में रिजर्व बैंक को सूचना देने के उद्देश्य से 1 करोड़ रुपयों की अधिकतम सीमा का हिसाब लगाने के लिए ऋणकर्ताओं को मंजूर की गयी केवल कार्यकारी पूंजीगत सीमाओं (कार्यकारी पूंजीगत मीयादी ऋणों सहित) पर ध्यान देना चाहिए।

वाणिज्य बैंकों द्वारा प्रदत्त मीयादी ऋण

2.84 रिजर्व बैंक द्वारा लागू किये गये कतिपय नीतिगत उपायों के परिणामस्वरूप मीयादी ऋण प्रदान करने के संदर्भ में वाणिज्य बैंक क्रमिक रूप से अधिकाधिक योगदान दे रहे हैं। वाणिज्य बैंकों द्वारा प्रदत्त मीयादी ऋणों से संबंधित आंकड़े केवल जून 1977 के अंत तक ही उपलब्ध हैं। मीयादी ऋण खातों की कुल संख्या जून 1976 के अंत में 196 हजार से बढ़कर जून 1977 के अंत में 237 हजार हो गयी और इस प्रकार समस्त खातों की कुल संख्या में उसका अनुपात 30.5 प्रतिशत से बढ़कर 32.5 प्रतिशत हो गया (सारणी 2.12)। मीयादी ऋणों के संदर्भ में स्वीकृत कुल सीमाओं की राशि उसी अवधि के दौरान 1,840 करोड़ रुपयों से बढ़कर 2,337 करोड़ रुपये हो गयी अर्थात् उसमें पूर्व वर्ष में हुई 18.3 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में इस वर्ष 27.0 प्रतिशत की वृद्धि पायी गयी। बकाया मीयादी ऋणों की राशि में भी जून 1976 के अंत में स्थित, 1,516 करोड़ रुपयों से बढ़कर जून 1977 के अंत में 1,964 करोड़ रुपये हो गयी, जो पूर्व वर्ष हुई 32.1 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले 29.6 प्रतिशत की वृद्धि की द्योतक थी। कुल बैंक ऋणों में जून 1977 के अंत में विद्यमान बकाया मीयादी ऋणों का अंश 16.3 प्रतिशत था, जबकि एक वर्ष पूर्व उक्त अंश 14.4 प्रतिशत था।

चीनी उद्योग को ऋण

2.85 जैसा कि चयनात्मक ऋण नियंत्रण के खंड में उल्लेख किया गया है, भारतीय रिजर्व बैंक से पूर्व अनुमति लिये बिना प्रति ऋण-कर्ता 25 लाख रुपयों तक की अवधि निर्बाध ऋण सुविधा कतिपय शर्तों पर 30 नवंबर 1978 तक जारी रखी गयी। यह अभिवेदन किया गया कि बैंक ऊपर उल्लिखित अनुदेशों के अनुसार मंजूर किये गये 25 लाख रुपयों के निर्बाध ऋणों का उपयोग चीनी कारखानों को मौसम के बाद मरम्मत करने अथवा अन्य अत्यावश्यक प्रयोजनों के लिये किये गये व्यय की पूर्ति करने के निमित्त उपलब्ध कराने के बजाय ऋण खातों में विद्यमान अनियमितताओं में सुधार लाने के लिए कर रहे थे। रिजर्व बैंक ने दिसंबर 1978 में बैंकों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि निर्बाध ऋणों का प्रयोग उसी प्रयोजन के लिए किया जाता है जिसके लिये वे प्रदान किये गये हों। उन्हें यह भी सूचित किया गया कि वे ऐसी चीनी मिलों की सहायता करें जो गन्ना उत्पादकों को देय राशियों की पूर्ति करने में असमर्थ हैं और चुने हुए आधार पर कतिपय शर्तों पर कार्यकारी पूंजीगत मीयादी ऋण प्रदान करते हुए उनके नकदी ऋण खातों में विद्यमान मार्जिन संबंधी कमी की पूर्ति करें। ऐसे ऋणों के लिए अचल आस्तियों और/अथवा राज्य सरकार/कंपनी/फर्म के निदेशकों/स्वामियों की गारंटियों द्वारा जमानत प्रदान करने की आवश्यकता थी।

2.86. 1978-79 के पेराई के मौसम में चीनी मिलों का वित्तपोषण करने के उद्देश्य से बैंकों को नवंबर 1978 में यह सूचित किया गया कि वे अलग-अलग चीनी मिलों को पिछले दो पेराई के मौसमों अर्थात् 1976-77 और 1978-79 की पूर्व प्राधिकरण के बिना मंजूर की गयी नियमित सीमाओं (इनमें नियमित सीमाओं के अतिरिक्त निकाली गयी राशि, यदि कोई हो, तथा अस्थायी आधार पर मंजूर की गयी सीमाएं शामिल नहीं है) के अंतर्गत अधिक बकाया राशि के औसत के बराबर की राशि तक परिस्थिति के अनुसार ऋण सीमाएं मंजूर कर सकते हैं । यदि बैंक किसी चीनी मिल के मामले में ऊपर उल्लिखित सीमा से अधिक ऋण सीमाएं मंजूर करना आवश्यक समझे और यदि ऋणकर्ता की वर्तमान कुल तथा प्रस्तावित अतिरिक्त सीमाओं की राशि ऋण प्राधिकरण की सीमा के अंतर्गत आये, तो बैंक ऐसी सीमा रिजर्व बैंक से पूर्व प्राधिकरण प्राप्त करने के बाद ही मंजूर कर सकता है ।

2.87 चीनी पर से नियंत्रण हटा दिये जाने के फलस्वरूप चीनी यूनिटों की ऋण संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए चीनी संबंधी नीति की और समीक्षा की गयी । पहले के अनुदेशों में संशोधन करते हुए फरवरी 1979 में बैंकों को यह सूचित किया गया कि वे 1978-79 के पेराई मौसम के लिए पूर्व प्राधिकरण प्राप्त किये बिना केवल पिछले पेराई मौसम अर्थात् (1977-78 के लिए यदि नियमित सीमाओं से अधिक कोई राशि निकाली गयी हो तो उसे और अस्थायी आधार पर प्रदत्त सीमाओं को छोड़कर) नियमित सीमाओं के अधीन बकाया अधिकतम राशि की सीमा तक अलग-अलग चीनी मिलों को योग्यता के आधार पर ऋण सीमाएं मंजूर कर सकते हैं ।

रुग्ण औद्योगिक उपक्रमों का वित्तपोषण

2.88. रिजर्व बैंक का रुग्ण औद्योगिक उपक्रम कक्ष रुग्ण यूनिटों का पता लगाने और आवश्यक मामलों में उपचारात्मक कार्रवाई करने में बैंकों की भूमिका का अध्ययन पूर्ववत् करता रहा । इस कक्ष ने रुग्ण यूनिटों की पुनर्व्यवस्था के संबंध में सरकार, बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के प्रयासों के बीच समन्वयन लाने का प्रयास किया । औद्योगिक पुनर्व्यवस्था में संस्थागत प्रयासों पर निगरानी रखते हुए जब कभी अलग-अलग मामलों में हस्तक्षेप करना या मार्गदर्शन देना आवश्यक हुआ, तब उक्त कक्ष ने कदम उठाये और चुने हुए रुग्ण यूनिटों की समस्याओं पर विचार विमर्श करने, उनका हल निकालने और उनमें समन्वयन लाने के लिए वित्तपोषक संस्थाओं की बैठकें आयोजित की । उक्त कक्ष ने ऐसी पांच बैठकें आयोजित कीं । इसके अलावा कक्ष के प्रतिनिधियों ने अन्य वित्तीय संस्थाओं द्वारा संबंधित बैंकों/संस्थाओं के प्रयासों को समन्वित करने के लिए आयोजित पन्द्रह बैठकों में भी भाग लिया ।

सारणी 2.12—अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के मीयादी ऋण (बकाया) 1972-77

(राशि करोड़ रुपयों में)

निम्नलिखित महीने के अंतिम शुक्रवार को	खातों की संख्या		ऋण सीमा		बकाया राशि		खातों की बसूली के लिए दिये गये अग्रिमों को छोड़कर कुल बैंक ऋण
	मीयादी ऋण	समस्त खातों का जोड़	मीयादी ऋण	कुल बैंक ऋण	मीयादी ऋण	कुल बैंक ऋण	
	1	2	3	4	5	6	7
दिसम्बर 1972	89,231	416,567	839	9702	601	5,051	4,892
	(21.4)		(8.6)		(11.9)		(12.3)
जून 1973	103,340	460,384	974	10,428	706	5,771	5,303
	(22.3)		(9.3)		(12.2)		(13.3)
दिसम्बर, 1973	119,385	509,424	1,067	11,370	832	6,396	6,044
	(23.4)		(9.4)		(13.0)		(13.8)
जून, 1974	129,894	535,204	1,280	12,881	924	7,289	6,766
	(24.3)		(9.9)		(12.7)		(13.7)
दिसम्बर 1974	141,701	550,330	1,354	12,362	1,021	7,359	7,150
	(25.7)		(11.0)		(13.9)		(14.3)
जून 1975	152,999	572,306	1,555	13,589	1,148	8,180	7,385
	(26.7)		(11.4)		(14.0)		(15.5)
दिसम्बर 1975	171,536	605,046	1,612	14,468	1,307	9,030	8,094
	(28.4)		(11.1)		(14.5)		(16.1)
जून 1976	196,123	643,382	1,840	16,740	1,516	1,0568	8,383
	(30.5)		(11.0)		(14.4)		(18.1)
दिसम्बर 1976	अनु.	अनु.	अनु.	अनु.	अनु.	अनु.	अनु.
जून 1977	237,278	733,578	2,337	18,503	1,964	12,064	9,528
	(32.4)		(12.6)		(16.3)		(20.6)

अनु०—अनुपलब्ध

टिप्पणी:— 1. ये आंकड़े रु. 10,000 से अधिक की ऋण सीमाओं से युक्त खातों से संबंधित हैं ।

2. स्तंभ 1, 3 और 5 के अंतर्गत कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े क्रमशः स्तंभ 2, 4 और 6 में सूचित जोड़ में मीयादी ऋणों के प्रतिशत को दर्शाते हैं ।

3 स्तंभ 7 के अंतर्गत कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े स्तंभ 7 के जोड़ में स्तंभ 5 के अंतर्गत दिये गये मीयादी ऋणों के प्रतिशत को दर्शाते हैं ।

(स्रोत : मूलभूत सांख्यिकीय विवरणियां)

2.89. रुग्ण यूनिटों की पुनर्व्यवस्था में बैंकों की भूमिका में सुधार लाने के उद्देश्य से जब कभी आवश्यक हुआ, उक्त कक्ष ने रुग्ण यूनिटों के संबंध में बैंकों को अनुदेश/मार्गदर्शी सिद्धांत जारी किये । जब इस बात का प्रतिवेदन किया गया कि बैंक मार्जिन संबंधी आवश्यकताओं में छूट देने से कतराते हैं तब सितम्बर 1978 में बैंकों को यह सूचित किया गया था कि वे मार्जिनों के प्रति लचीला दृष्टिकोण अपनायें और आवश्यक होने पर पात्र मामलों मे मार्जिनों मे संबंधित तब रिजर्व बैंक के निर्देशों से छूट देने के लिए उसे लिखें । साथ ही स्टाकों में सम्मिलित अप्रचलित और अनुपयोगी स्टाकों के संबंध में कुछ रियायतें देते समय बैंकों को रुग्ण यूनिटों के संदर्भ में स्टाकों/बिलों मे संबंधित उचित अनुशासन बनाये रखने की आवश्यकता के बारे में भी सूचित किया गया । उच्च अधिकार प्राप्त समिति (केन्द्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में) के निर्णयों के अनुसरण दिसम्बर 1978 मे बैंकों को निम्नलिखित बातों की सूचना दी गयी ।

(1) रुग्ण यूनिटों के लिए स्थापित विशेष कक्षों की कार्य-प्रणाली की समीक्षा करना और नियंत्रण व्यवस्थाओं को मजबूत बनाना,

(2) वाणिज्य बैंकों द्वारा भा. औ. वि. बैंक को रुग्ण यूनिटों के संदर्भ में भेजे गये मामलों में विभिन्न कार्रवाइयां करना,

(3) रुग्ण लघु यूनिटों की शिकायतों पर ध्यान देने के लिए बैंकों में उच्च स्तर पर एक अलग कक्ष स्थापित करना, ताकि उनकी समस्याओं को अधिक सावधानी और समझदारी से निबटाया जा सके,

(4) लघु यूनिटों को परामर्श सेवा प्रदान करना, और

(5) इस बात को सुनिश्चित करना कि रुग्ण यूनिटों की समस्याएं दंडस्वरूप ब्याज दर वसूल करने से जटिल नहीं हैं ।

2.90. जनवरी 1979 में बैंकों से यह भी कहा गया कि ऊपर लिखित उच्च अधिकार-प्राप्त समिति के विभिन्न निर्णयों के कार्यान्वयन के संबंध में वे प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें ।

2.91 रुग्ण यूनिटों के रूप में सूचित किये गये 334 यूनिटों के संदर्भ में बैंकों द्वारा सितम्बर 1978 के अन्त तक किये गये अध्ययनों से 137 सक्षम यूनिटों का पता लगा । पता लगा है कि इनमें से 8 यूनिट बैंकों द्वारा किये गए पुनर्व्यवस्था प्रयासों के कारण सक्षम हुए हैं । यह भी पता चला है कि वस्त्र भारी इंजीनियरी और लोहे व इस्पात के उद्योगों में अनुकूल प्रवृत्तियों के संकेत विद्यमान थे ।

2.92. रिजर्व बैंक के अनुदेशों के अनुसार बैंकिंग क्षेत्र से एक करोड़ रुपये और उससे अधिक राशि के कुल ऋण प्राप्त करने वाली सभी रुग्ण यूनिटों के संक्षिप्त विवरण देते हुए बैंक त्रैमासिक विवरण प्रस्तुत कर रहे हैं । त्रैमासिक विवरणों में दी गयी जानकारी से यह स्पष्ट हुआ है कि सितंबर 1978 के अंत में बैंकों द्वारा पता लगाये गये बड़े रुग्ण यूनिटों (एक करोड़ रुपये या उससे अधिक राशि के कुल बैंक ऋण प्राप्त) की संख्या बढ़कर 334 हो गयी और उनके संदर्भ में बैंकों द्वारा दिये गये वित्त की राशि 983 करोड़ रुपये थी, जबकि सितंबर 1977 के अंत में इस प्रकार के 270 यूनिटों के मामलों में बैंक वित्त की राशि 774 करोड़ रुपये थी (इनमें राष्ट्रीय वस्त्र निगम द्वारा अपने अधिकार में लिये गये यूनिट शामिल नहीं हैं) ।

प्राकृतिक विपत्तियों से प्रभावित लोगों की सहायता

2.93. देश के किसी भी भाग मे जब कभी बड़े पैमाने पर तूफान, बाढ़ आदि प्राकृतिक विपत्तियां आती रही हैं भारतीय रिजर्व बैंक व वाणिज्य बैंकों को यह सूचित करता रहा है कि वे रचनात्मक दृष्टिकोण के साथ प्रभावित पार्टियों को सत्काल सहानुभूतिपूर्वक वित्तीय सहायता प्रदान करें । जब सितंबर 1978 में पश्चिम बंगाल में तथा मई 1979 में आंध्र प्रदेश में अभूतपूर्व बाढ़ आयी थी तब इन अनुदेशों पर पुनः जोर दिया गया । बैंकों को जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्धान्तों का सारांश निम्न प्रकार है :

(क) संबंधित राज्य सरकार/प्रभावित क्षेत्रों के स्थानीय निकायों के साथ निकट संपर्क स्थापित किया जाए और विपत्ति से पीड़ित लोगों के आर्थिक पुनर्वास के लिए उनके सहयोग के साथ उपयुक्त योजनाएं बनायी जाएं ।

(ख) वर्तमान फसल ऋणों को मध्यावधि ऋणों में परिवर्तित किया जाए तथा उनकी चुनौती के लिए 3 से 5 वर्षों तक की अवधि निर्धारित की जाए । इसके अलावा प्राथमिकता के आधार पर नये नकदी ऋण प्रदान करने पर विचार किया जाए ।

(ग) प्रत्येक जिले में दिये जाने वाले वित्त की मात्रा यथासंभव एक समान हो और उनमें ऋणकर्ता की उपभोग संबंधी आवश्यकताओं को भी विचार में लिया जाए ।

(घ) स्थिति के संबंध में बैंक के मूल्यांकन के आधार पर ऐसी सहायता गैर जमानती आधार पर अथवा तीसरी पार्टी की गारंटी पर जोर दिये बिना ही प्रदान की जाए । साझेदारी के साथ फसल उगाने वाले कृषकों के मामले में ऐसी सहायता सामूहिक गारंटी के आधार पर प्रदान की जाए ।

(ङ) प्रभावित क्षेत्रों में क्षेत्र कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि की जाए और यदि आवश्यक हो तो दूसरे क्षेत्रों से अनुभव प्राप्त व्यक्तियों को वहां नियोजित किया जाए ।

2.94. भारतीय बैंक संघ और कृषि वित्त निगम प्रभावित क्षेत्रों में हानि का अनुमान लगाने के लिए और अपेक्षित राहत संबंधी उपायों पर विचार करने के लिए अध्ययन कर रहे हैं । प्रभावित व्यक्तियों/यूनिटों के पुनर्वास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के संदर्भ में बैंकों के लिए उन्होंने कतिपय मार्गदर्शी सिद्धान्त बनाये हैं । पश्चिम बंगाल में बाढ़ से प्रभावित व्यक्तियों/यूनिटों को बैंकों द्वारा प्रदत्त ऋणों के विवरण नीचे दिये गये हैं :

सारणी 2.13—प्राकृतिक विपत्तियों से प्रभावित व्यक्तियों के संबंध में बकाया बैंक ऋण

31 मार्च 1979

(राशि लाख रुपयों में)

श्रेणी	खाता की संख्या	बकाया राशि
1. कृषि और उससे संबद्ध कार्यकलाप	46,049	795.59
2. व्यापार और स्वनियोजित व्यक्ति	42	6.11
3. कुटीर और अत्यंत लघु क्षेत्र	26	1.30
4. मझोले और बड़े उद्योग	15	179.32
5. अन्य (लघु उद्योग)	375	140.33
जोड़	46,507	1,122.65

(स्रोत : बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक)

2.95 भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने विशेष पुनर्वास योजना, 1978 के अंतर्गत विभिन्न बैंकों से 98 लाख रुपयों के लिए प्राप्त 49 आवेदन पत्रों का निबटान किया और 15 मार्च 1979 तक 38.78 लाख रुपयों की राशि वितरित की ।

विभेदक ब्याज दर योजना

2.96 विभेदक ब्याज दर योजना के अधीन ऋण प्रदान करने में जनवरी 1978 से दिसम्बर 1978 तक की अवधि के दौरान और प्रगति

हुई। ऋण खातों में 2,28,096 की वृद्धि हुई और उनकी संख्या 13,91,440 से बढ़कर 16,19,536 हो गयी। बकाया ऋणों की राशि 68 करोड़ रुपयों से बढ़कर 90 करोड़ रुपये हो गयी अर्थात् उसमें 22 करोड़ रुपयों की वृद्धि पायी गयी। प्रति खाता ऋण की औसत राशि दिसम्बर 1977 के अंत में स्थित रु० 487 से बढ़कर दिसम्बर 1978 के अंत में रु० 556 हो गयी।

शुल्क वापसी ऋण योजना, 1976

2.97 उक्त योजना शुल्क वापसी के लिए सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा अनंतिम रूप से प्रमाणित जहाजरानी बिलों पर बैंकों से 90 दिन तक ब्याजमुक्त वित्त प्राप्त करने वाले निर्यातकों के लाभ के लिए है। इसके बदले में वित्तपोषक बैंक निर्यातकों के शुल्क वापसी दावों के अंतिम निपटान तक रिजर्व बैंक से ब्याजमुक्त वित्त प्राप्त करने के पात्र हैं। पहली नवंबर 1978 से 30 जून 1979 तक की अवधि के दौरान 29 बैंकों को कुल 19 करोड़ रुपयों की सीमा मंजूर की गयी, जिन्होंने 25 मई 1979 तक 14 करोड़ रुपयों तक का पुनर्वित्त प्राप्त किया।

2.98 बैंकों और निर्यातकों दोनों द्वारा अनुभव की गयी कुछ कठिनाइयों को दूर करने के लिए हाल ही में लेखा पद्धति को संशोधित किया गया। नयी पद्धति के अंतर्गत, जो मई 1979 से अमल में आयी, सीमा-शुल्क अधिकारी संबंधित बैंकों को अंतिम शुल्क वापसी की अदायगी चेक द्वारा करेंगे और उक्त बैंकों को बदले में इस योजना के अधीन उनके द्वारा लिये गये पुनर्वित्त के बराबर की राशि रिजर्व बैंक को सीमाशुल्क अधिकारियों से चेक प्राप्त होने के दिन से पांच दिन के भीतर चुकानी होगी। रिजर्व बैंक वाणिज्य मंत्रालय के साथ मिलकर इस योजना को बंगला देश को किये जाने वाले निर्यातों और अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ की ऋण व्यवस्था के अधीन वित्तपोषित निर्यातों पर लागू करने की संभाव्यता का अध्ययन कर रहा है।

निर्यात बिल

2.99 निर्यात वित्त से संबंधित सभी मामलों पर नीतियां बनाने के लिए 1975 में रिजर्व बैंक द्वारा गठित निर्यात वित्त से संबंधित स्थायी समिति की 1978-79 के दौरान दो बार बैठकें हुईं। निर्यातों को अधिक लाभप्रद बनाने के उद्देश्य से और विशेष रूप से पश्चिमी गोलार्ध के देशों के लिए लगनेवाली अधिक पोतलदान अवधि को देखते हुए यह निश्चय किया गया कि निर्यात के लिए पोतलदानोत्तर ऋण (एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए आस्थगित अदायगी पर दिये जानेवाले ऋणों से भिन्न) की अवधि को 1 फरवरी 1979 से इस समय प्रचलित 128 दिनों से बढ़ाकर 180 दिन कर दिया जाए। कांडला मुक्त व्यापार अंचल और बंबई में सांताक्रुज इलेक्ट्रोनिक्स निर्यात अभिसंस्करण अंचल में कार्यरत यूनिटों को अपने समस्त उत्पादन का निर्यात करना होगा और इस प्रयोजन के लिए यह निश्चय किया गया कि ऐसे यूनिटों को उच्चतम रियायती ब्याज दर पर कार्यकारी पूंजीगत वित्त प्रदान किया जाए और बैंकों से पोतलदान पूर्व ऋण प्राप्त करते समय निर्यात के लिए साख पत्र या ठोस आदेश प्रस्तुत करने से इन यूनिटों को छूट दी जाए।

2.100 आस्थगित अदायगी की शर्तों पर इंजीनियरी वस्तुओं के निर्यातकों को 1975 में जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्धांतों को संशोधित करने के लिए आलोच्य वर्ष में एक समिति स्थापित की गयी। निर्यात क्षेत्र की विभिन्न गतिविधियों और परियोजना निर्यातों और महत्वपूर्ण ठेकों से संबंधित कई प्रस्तावों की जांच से प्राप्त अनुभव के आधार पर उक्त संशोधन आवश्यक हो गया था। समिति ने हाल ही में अपना कार्य पूरा किया है और भारत सरकार से आवश्यक अनुमति प्राप्त होते ही संशोधित मार्गदर्शी सिद्धांत जारी किये जाएंगे।

निर्यात ऋण संबंधी उपाय

2.101 अमेरिका तथा कतिपय अन्य देशों में हीरे के बाजार में पायी गयी गतिविधियों के परिप्रेक्ष्य में हीरों के निर्यातक हाल ही में भारत से हीरों का निर्यात करने में मंदी की प्रवृत्ति का सामना कर रहे हैं। अतः हीरों के कुल क्रय में गिरावट आयी है जिसके परिणामस्वरूप निर्यातकों/हीरों की पालिश करने वाले यूनिटों के पास तैयार वस्तुयें संचित हो गयी हैं। इस स्थिति के कारण निर्यातकों के समक्ष चलनिधि संबंधी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हुई हैं और हीरों को तराशने तथा उनकी पालिश करने के उद्योग में कार्यरत सारी संख्या के कामगार इससे प्रभावित हुए हैं।

2.102 सामाजिक-आर्थिक प्रतिक्रियाओं के कारण तथा निर्यात व्यापार के निरंतर विकास को सुनिश्चित करने के निमित्त उसे अधिक ठोस आधार प्रस्तुत करने की आवश्यकता को देखते हुए बैंकों को यह सूचित किया गया है कि वे हीरों के निर्यातकों को प्रदान किये गये पोतलदानपूर्व और पोतलदानोत्तर वित्त की स्वीकृत सीमाओं का पुनरीक्षण करें और यह सुनिश्चित कर लें कि जहां कहीं आवश्यक हो, वे उनकी ऋण संबंधी वास्तविक अपेक्षाओं की पूर्ति करने के लिए अधिक मात्रा में वित्त प्रदान करते हैं। बैंकों को न केवल पोतलदानोत्तर ऋण की अधिक लंबी अवधि (अधिकतम 180 दिनों की अवधि की शर्त पर) स्वीकार करने के लिए सूचित किया गया है, परन्तु उनसे यह भी कहा गया है कि वे छोटे हीरे-निर्यातकों को बंधक-सुविधाएं (25 लाख रुपयों से कम निर्यात-कारोबार वाले परोक्ष धारक) प्रदान करें तथा इस प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान दें।

2.103 इसके अलावा, कतिपय देशों, अर्थात् नाइजीरिया, घाना, इजराइल, सूडान, सीरिया, ताईवान, तुर्की, वियतनाम, यमन अरब गणतंत्र, जैरे और जाम्बिया को वस्तुओं का पोतलदान करने वाले निर्यातक उन देशों में विद्यमान सुदागत कठिनाइयों के कारण निर्यात संबंधी राशि को इस देश में प्राप्त करने में विलंब का अनुभव कर रहे थे। उपर्युक्त समस्या को सुलझाने तथा ऐसे मामलों में निर्यातकों पर पड़नेवाले ब्याज के भार को कम करने के उद्देश्य से यह निश्चय किया गया है कि उपर्युक्त देशों पर आहरित निर्यात बिलों (मांग अथवा मीयादी) के मामले में ऋण प्रदान करने वाला बैंक बिल के रुपए/भुनाये जाने/वसूली के लिए भेजे गये बिल पर अग्रिम प्रदान करने की तारीख से भारत में उसकी राशि प्राप्त होने अथवा निर्यात ऋण तथा गारंटी निगम द्वारा अदायगी किये जाने की तारीख तक (इनमें से जो भी पहले हो) अधिकतम 180 दिनों के लिए ब्याज उपदान प्राप्त करने के लिए पात्र होगा, बशर्ते कि नियत तारीख को स्थानीय मुद्रा में बिल की अदायगी की जाए; इस संबंध में कतिपय अन्य शर्तों की भी पूर्ति की जानी चाहिए।

निर्यात ऋण (ब्याज उपदान) योजना

2.104 निर्यात ऋण (ब्याज उपदान) योजना, 1968 में निर्यात ऋण प्रदान करनेवाले बैंकों को उनकी ब्याज प्राप्ति में होनेवाली हानि की आंशिक पूर्ति के लिए क्षतिपूर्ति की व्यवस्था है। यह योजना 10 वर्षों से भी अधिक समय से अमल में है। उपदान की राशि एक वर्ष में 12 करोड़ रुपये के आसपास रहती है। यह विदित हुआ कि बैंकों के समक्ष आनेवाली कुछ परिचालनगत समस्याओं को ध्यान में रखना होगा। अतः योजना की उपयोगिता में सुधार लाने के लिए भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ और भारतीय बैंक संघ के परामर्श से अब उसकी समीक्षा की जा रही है।

2.105 पहली जुलाई 1978 से 30 जून 1979 तक की अवधि के दौरान 58 बैंकों को 13 करोड़ रुपयों की राशि ब्याज उपदान के रूप में दी गयी। इस राशि में से 7 करोड़ रुपये पोतलदान पूर्व ऋण के संदर्भ में और 6 करोड़ रुपये पोतलदानोत्तर ऋण के संदर्भ में थे। योजना के प्रारंभ से 30 जून 1979 तक इस योजना के अंतर्गत कुल 72 करोड़ रुपयों का उपदान वितरित किया गया।

2.106 वाणिज्य मंत्रालय की विपणन विकास सहायता निधि से वार्षिक 1.5 प्रतिशत और विदेश मंत्रालय द्वारा आवंटित निधि से 3.0 प्रतिशत की दर पर भारतीय बैंक, वि यूनाइटेड कमर्शियल बैंक और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया को ब्याज उपदान अदा किया जा रहा है। आलोच्य अवधि के दौरान उक्त तीनों संस्थाओं को 90 लाख रुपयों के कुल उपदान

वितरित किये गये। इसके अलावा भाग्रौवि बैंक और पंजाब नैशनल बैंक द्वारा बंगला देश को दिये गये क्रमशः 4 करोड़ रुपयों और 1 करोड़ रुपयों के वाणिज्य ऋण पर विपणन विकास सहायता निधि और विदेश मंत्रालय द्वारा आबंटित निधि में से हरेक में 1.5 प्रतिशत की दर पर 6 लाख रुपयों का ब्याज उपदान अदा किया गया।

निर्यात ऋण तथा गारंटी निगम लिमिटेड में डेटा बैंक

2.107 यह निश्चय किया गया है कि निर्यात ऋण तथा गारंटी निगम लिमिटेड को एक डेटा बैंक स्थापित करना चाहिए जो विभिन्न निर्यातकों और विदेशों में महत्वपूर्ण खरीदारों के संबंध में अद्यतन जानकारी एकत्र करेगा और जब कभी बैंकों को जरूरत हो तब उन्हें आंकड़े उपलब्ध करायेगा।

वायदा विनिमय दर संबंधी उतार-चढ़ाव के जोखिम से रक्षा

2.108 अब तक रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा विनिमय दर संबंधी उतार-चढ़ाव के जोखिम से लंबी अवधि तक रक्षा प्रदान की जाती थी और उससे यदि कोई हानि होती थी तो उसे वाणिज्य मंत्रालय की विपणन विकास सहायता निधि से वसूल किया जाता था। अब यह निश्चय किया गया है कि निर्यात ऋण संगठनों द्वारा विदेशों में चलायी जानेवाली इसी प्रकार की योजनाओं की तरह ही निर्यात ऋण तथा गारंटी निगम लिमिटेड आवश्यक रक्षा प्रदान करेगा और रिजर्व बैंक द्वारा चलायी जानेवाली वर्तमान योजना को हटाने के लिए एक योजना बनाएगा। रिजर्व बैंक अल्प अवधियों के लिए विदेशी मुद्रा विनिमय दर संबंधी उतार-चढ़ाव के जोखिम से रक्षा प्रदान करता रहेगा।

पूंजीगत वस्तुओं के आयात के लिए रुपया वित्त की योजना

2.109 भारत सरकार द्वारा अप्रैल 1978 में पूंजीगत वस्तुओं के आयात के लिए रुपया वित्त की जो योजना शुरू की गयी थी, उसे विशेष रूप से राज्य बिजली बोर्डों को गैस टर्बाइन जेनरेटिंग सेटों के आयात के लिए भी लागू किया गया। किन्तु यह ही सुविधा एक बार अपवाद स्वरूप दी गयी है और राज्य बिजली बोर्डों को दिये जानेवाले बैंक वित्त के संबंध में पहले ही लागू रिजर्व बैंक के नीति संबंधी मार्गदर्शी सिद्धांतों में अन्यथा कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। बैंक उक्त योजना के अधीन राज्य बिजली बोर्डों को दिये जानेवाले ऋणों के संदर्भ में रिजर्व बैंक से पुनर्वित्त के पात्र रहेंगे।

2.110 सरकारी क्षेत्र के चौदह बैंकों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार योजना के अधीन उनके द्वारा मार्च 1979 के अंत तक मंजूर की गयी सहायता की राशि 1,332 लाख रुपये थी।

बैंकिंग विधान/विनियमन

बैंकिंग विधि (संशोधन) विधेयक, 1978

2.111 बैंकिंग विधि (संशोधन) विधेयक, 1978 लोकसभा में उसके शीतकालीन अधिवेशन में प्रस्तुत किया गया। बैंकिंग आयोग द्वारा की गयी और सरकार द्वारा स्वीकृत सिफारिशों को वैधानिक रूप प्रदान करना उक्त विधेयक का उद्देश्य है। उक्त विधेयक में निम्नलिखित बातों में संशोधनों की व्यवस्था है: बैंकर्स बुक्स एवीडेंस एक्ट, 1891, भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934, बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955, भारतीय स्टेट बैंक (सहायक बैंक) अधिनियम, 1959, निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 और बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अभिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970।

भारतीय रिजर्व बैंक अनुसूचित बैंक विनियमावली, 1951 के विनियम 7 में संशोधन

2.112 भारतीय रिजर्व बैंक अनुसूचित बैंक विनियमावली, 1951 के विनियम 7 के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(2) के अधीन रिजर्व बैंक को प्रस्तुत की जाने वाली साप्ताहिक विवरणी के प्रयोजन के लिए बचत बैंक खातों की जमा रकम को 'मांग' और 'मीयादी' देयताओं में अनुभाजित करना होता है। उक्त विनियम में दी गयी क्रियाविधि के अनुसार यदि बैंक के बचत बैंक नियम किसी समय बिना पूर्व सूचना के खाते से अधिकतम राशि निकालने के लिए निर्दिष्ट करते हैं ऐसी प्रत्येक राशि के संदर्भ में, ऐसी अधिकतम राशि, या जहां खाते में जमा रकम इस अधिकतम राशि से अधिक नहीं है, संपूर्ण जमा रकम को मांग देयता के रूप में और अधिकतम राशि से अधिक राशि को मीयादी देयता के रूप में माना जाना चाहिए।

2.113 यह विदित हुआ कि उक्त क्रियाविधि इन जमाराशियों के 'मांग' देयता अंश का वास्तविक अनुमान नहीं दर्शाती, जिसके फलस्वरूप 'जनता के पास मुद्रा उपलब्धि' के आंकड़े उस सीमा तक काल्पनिक बन जाते हैं। अतः 'मीयादी' और 'मांग' देयताओं में बचत बैंक जमाराशि के वास्तविक अनुभाजन को दर्शाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 58 की उप धारा (1) और (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, 1978 में रिजर्व बैंक ने अनुसूचित बैंक विनियमावली, 1951 के विनियम 7 के उपबंधों को संशोधित किया, ताकि बचत खाते में मासिक न्यूनतम जमा रकम, जिस पर खाते में ब्याज जमा किया जाता है, के औसत को मीयादी देयता के रूप में और उक्त राशि से अधिक राशि को मांग देयता के रूप में माना जा सके। यह संशोधन 16 अगस्त 1978 से अमल में आया।

बैंकों का निरीक्षण

2.114 वाणिज्य बैंकों का समय-समय पर निरीक्षण करने के रिजर्व बैंक के कार्यक्रम के अनुसरण में बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35 के अधीन आलोच्य वर्ष के दौरान 19 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों, एक गैर अनुसूचित बैंक और 31 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के वित्तीय स्वरूप का निरीक्षण कार्य हाथ में लिया गया। पिछले तीन वर्षों (जुलाई-जून) में निरीक्षण किये गये बैंकों और बैंक कार्यालयों की संख्या की तुलनात्मक स्थिति नीचे दर्शायी गयी है।

सारणी 2.14—वाणिज्य बैंकों का निरीक्षण

	1976-77	1977-78	1978-79
	1	2	3
वित्तीय निरीक्षण			
निरीक्षण किये गये/निरीक्षण के लिए लिये गये बैंकों की संख्या	26	37*	51*
निरीक्षण किये गये कार्यालयों की संख्या	825	978*	1363*
केन्द्रवार निरीक्षण			
केन्द्रों की संख्या	1,476	1,058	750
कार्यालयों की संख्या	2,362	1,759	1264

*इनमें वार्षिक मूल्यांकन के प्रयोजन के लिए निरीक्षण किये गये बैंक/कार्यालय शामिल नहीं हैं।

(स्रोत : बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक)

2.115 आलोच्य अवधि के दौरान विदेश स्थित भारतीय बैंकों के संदर्भ में भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ बड़ौदा की क्रमशः पश्चिम जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम में स्थित एक-एक शाखा का निरीक्षण किया गया।

सारणी 2.15—अनुसूचित व निजी बैंक

	स्टेट बैंक समूह			राष्ट्रीयकृत बैंक		
	1976	1977	1978	1976	1977	1978
	1	2	3	4	5	6
I. कुल आय	543.38	675.49	801.56	1064.94	1263.59	1444.02
	(20.3)	(25.3)	(18.7)	(24.7)	(18.7)	(14.3)
उसमें से—						
ब्याज और बट्टा	449.24	563.41	668.30	946.31	1132.8	1299.68
	(21.3)	(24.4)	(18.6)	(24.1)	(19.7)	(14.7)
II. कुल व्यय	534.59	666.13	791.89	1045.34	1248.30	1428.16
	(20.4)	(24.7)	(18 8)	(24.7)	(19.4)	(14.4)
उसमें से—						
(क) जमाराशियों, उधारों आदि पर अदा किया गया ब्याज	317.77	409.84	490.88	684 18	829 81	938.24
	(37.5)	(28.9)	(19.8)	(37.9)	(21 3)	(13.1)
(ख) कर्मचारियों को वेतन, भत्ते, भविष्य निधि और बोनस/ अनुग्रह राशि की अदायगी	165.41	196.19	226.43	261 11	301.13	352.98
	(—2.7)	(18.6)	(15.4)	(—0.7)	(15.3)	(17.2)
III. कराधान और कर्मचारियों को देय बोनस/अनुग्रह राशि की अदायगी के लिए व्यवस्था करने के बाद विद्यमान लाभ	8.79	8.86	9.87	19.60	15.29	15.86
	(18.0)	(0.8)	(9.1)	(27.3)	(—22.0)	(3.7)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े वर्ष की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ को दर्शाते हैं; 1977 के आंकड़े संशोधित हैं।

@ ये आंकड़े 10 करोड़ रुपयों की और उससे अधिक जमाराशियुक्त गैर-सरकारी क्षेत्र के 28 तुलनीय भारतीय वाणिज्य बैंकों से संबंधित हैं।

(स्रोत : बैंकों के लाभ-हानि लेखे)

के कार्य परिणाम

(राशि करोड़ रुपयों में)

अन्य भारतीय अनुसूचित बैंक (6			विदेशी बैंक			जोड़		
1976	1977	1978	1976	1977	1978	1976	1977	1978
7	8	9	10	11	12	13	14	15
165.35 (30.6)	213.13 (28.9)	260 8 (2?.4)	125.75 (5 2)	130.16 (3.5)	137.07 (5.3)	1899.42 (22.4)	2282.37 (20.2)	2643.4 (15.9)
143.01 (29.3)	185.67 (29.8)	231.90 (24.9)	98 59 (1 9)	101.40 (2.9)	106.16 (4.7)	1637.16 (22.2)	1983.35 (22.11)	2306.04 (16.3)
161.35 (30.6)	209.92 (30.1)	256.76 (22.3)	118.36 (3 6)	126.87 (7.2)	131.29 (3.5)	1859.64 (22.3)	2251.72 (21.1)	2608.10 (15.9)
93.35 (39.5)	123.84 (32.7)	154.20 (24.5)	53.43 (7.9)	56.65 (6.0)	60.15 (6.2)	1148.78 (33.2)	1420.14 (23.6)	1643.47 (15.8)
44.34 (12.5)	56.06 (26.4)	67.87 (21.1)	23.22 (—1.8)	27.99 (20.5)	28.52 (1.9)	494.08 (—0.4)	581.37 (17.7)	675.80 (16.2)
4 (29 0)	3.21 (—19.8)	4.05 (26.2)	7.39 (40.3)	3.29 (—55.5)	5.78 (75.7)	39.78 (27.5)	30.65 (—23.0)	35.36 (15.4)

बैंकों का विलयन और परिसमापन

समामेलन

2.116 जैसा कि पिछली रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था, भारत सरकार ने बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 45 के अंतर्गत 49 बैंकों के संबंध में समामेलन की योजनाएं मंजूर की थीं। संबंधित योजनाओं की व्यवस्थाओं के अनुसार हस्तांतरी बैंकों को 6/12 वर्ष की अवधि के बाद या भारत सरकार द्वारा रिजर्व बैंक से परामर्श करके मंजूर की गयी उससे पहले की अवधि के बाद हस्तांतरक बैंकों की आस्तियों का अंतिम मूल्यांकन करना था। 31 बैंकों की आस्तियों का अंतिम मूल्यांकन पूरा किया गया और 9 बैंकों के मामले में रिपोर्टें विचाराधीन हैं। शेष नौ बैंकों के में पांच बैंकों के संबंध में अंतिम मूल्यांकन का कार्य किया जा रहा था।

परिसमापन

2.117 आलोच्य अवधि के दौरान नौ बैंकों को विघटित किया गया, जिनमें छः बैंक ऐसे थे जिनका विघटन तो पिछली अवधियों के दौरान ही हो चुका था, किन्तु जिनके संबंध में सूचनाएं 1978-79 की अवधि के दौरान प्राप्त हुईं। बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 44(1) के अधीन एक बैंक को स्वैच्छिक परिसमापन के लिए प्रमाण-पत्र जारी किया गया।

वाणिज्य बैंकों का लाइसेंसीकरण

2.118 जुलाई 1978 से 30 जून 1979 तक की अवधि के दौरान बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22 के अधीन निम्न-लिखित दो बैंकों को लाइसेंस दिये गये: नैनीताल बैंक लिमिटेड, नैनीताल और यूनाइटेड इंडस्ट्रियल बैंक लिमिटेड, कलकत्ता। इस प्रकार, लाइसेंसी-कृत वाणिज्य बैंकों की संख्या बढ़कर 50 हो गयी (इसमें नैशनल बैंक ऑफ पाकिस्तान शामिल है, जो शत्रु संपत्ति के अभिरक्षक के अधिकार में है)। नैनीताल बैंक लिमिटेड, नैनीताल का नाम भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची में शामिल कर लिया गया है।

2.119 30 जून 1979 को आठ बैंक (इनमें गैर सरकारी क्षेत्र के तीन भारतीय अनुसूचित वाणिज्य बैंक और एक विदेशी अनुसूचित बैंक अर्थात हबीब बैंक लिमिटेड जो शत्रु संपत्ति के अभिरक्षक के अधिकार में है, शामिल हैं) बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22 के अधीन बिना लाइसेंस के कार्य कर रहे थे। सरकारी क्षेत्र के 22 बैंकों को लाइसेंसों की आवश्यकता नहीं है।

समाशोधन गृह सुविधाएं

2.120 आलोच्य वर्ष के दौरान 47 नये समाशोधन गृहों की स्थापना की गयी, जिससे 30 जून 1979 तक समाशोधन गृहों की कुल संख्या बढ़कर 651 हो गयी, जबकि 30 जून 1978 को यह संख्या 604 थी। इनमें 11, 515, 124 और 1 समाशोधन गृहों का प्रबंध क्रमशः भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, भारतीय स्टेट बैंक के सहायक बैंकों और बैंक ऑफ इंडिया द्वारा किया जाता है।

ऋण सूचना

2.121 भारतीय रिजर्व बैंक का बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग अलग-अलग ऋणकर्त्ताओं को प्रदान की जाने वाली ऋण सुविधाओं से संबंधित जानकारी बैंकों और दूसरी अधिसूचित वित्तीय संस्थाओं को उपलब्ध कराकर उनकी सहायता करता रहा। जुलाई 1978 से जून 1979 तक के वर्ष के दौरान 1,049 आवेदन-पत्रों पर संबंधित आवेदक बैंकों/अधिसूचित वित्तीय संस्थाओं को ऋण सूचना प्रदान की गयी जबकि पिछले वर्ष के दौरान 890 आवेदन-पत्रों पर ऐसी सूचना प्रदान की गयी थी।

अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के कार्य परिणाम

2.122 62 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के वर्ष 1978 के लिए प्रकाशित लाभ-हानि लेखों से उनके जो कार्य परिणाम उपलब्ध है, उन्हें 1977 और 1976 के कार्य परिणाम के साथ सारणी 2.14 में दर्शाया गया है। 1978 के दौरान बैंक अपने लाभ-हानि लेखों में कर्मचारियों के लिए बोनस की व्यवस्था करने के संबंध में विभिन्न पद्धतियां अपनाते रहे। कुछ बैंकों ने इसको स्थापना व्यय की एक मद के रूप में माना है और इसे वेतन, पारिश्रमिक आदि के अधीन दर्शाया है, जबकि कुछ अन्य बैंकों ने यह सूचित किया कि जब बोनस वितरित किया जाएगा तब उस राशि को आकस्मिक निधियों में से दिया जायेगा, जिसके लिए वर्ष की लाभ राशि में व्यवस्था की गयी है। पिछले वर्ष की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि इस वर्ग की प्रारक्षित निधियों का एक अंश बोनस के भुगतान के सिवाय दूसरे प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त हो सकता है। अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के कार्य परिणामों के विश्लेषण हेतु, ऐसी सूचना के अभाव में, यह मान लिया गया है कि इस वर्ष के दौरान समस्त आकस्मिक प्रारक्षित निधि की व्यवस्था बोनस देने के लिए ही की गयी। 1978 के दौरान कर और स्टाफ को बोनस/अनुग्रह राशि की अदायगी की व्यवस्था करने के बाद बैंकों के लाभ 5 करोड़ रुपये से बढ़कर 35 करोड़ रुपये हो गये (अथवा 15.4 प्रतिशत बढ़े) जबकि वे 1976 के 40 करोड़ रुपयों से कम होकर 1977 में 30 करोड़ रुपये हो गये थे।

2.123 1978 के दौरान आय और व्यय दोनों में वृद्धि हुई। 1978 के दौरान बैंकों की कुल आय में 361 करोड़ रुपयों (+15.8 प्रतिशत) की वृद्धि हुई, जबकि 1977 में उसमें 383 करोड़ रुपयों (+20.2 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी। आलोच्य वर्ष के दौरान बैंकों के कुल व्यय में भी 356 करोड़ रुपयों (+15.8 प्रतिशत) की वृद्धि हुई, जबकि गत वर्ष के दौरान कुल व्यय में 392 करोड़ रुपयों (+21.1 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी। वर्ष 1977 के विपरीत 1978 में बैंकों की आय में व्यय की अपेक्षा अधिक वृद्धि हुई, जिससे बैंकों के लाभ बढ़ गये। जमाराशियों, उधारों आदि से संबंधित ब्याज की अदायगी 1977 के 23.6 प्रतिशत से कम होकर 1978 में 15.7 प्रतिशत और स्थापना व्यय 17.7 प्रतिशत से कम होकर 16.2 प्रतिशत हो जाने के कारण 1978 में बैंकों के व्यय में न्यून वृद्धि हुई। 5 वर्ष और उससे अधिक की सावधि जमाराशियों और अन्य अवधियों की दूसरी जमाराशियों की ब्याज दरों को कम कर देने से संभवतः ब्याज की अदायगियों (वृद्धि दर) में कमी आयी।

2.124 1978 के दौरान सभी बैंक समूहों के लाभ में वृद्धि हुई। सरकारी क्षेत्र के बैंकों में स्टेट बैंक और उसके सहायक बैंकों के लाभ में 9.1 प्रतिशत वृद्धि हुई, जबकि 1977 में उक्त वृद्धि दर 0.8 प्रतिशत थी। राष्ट्रीयकृत बैंकों के लाभ भी वर्ष 1978 के दौरान 3.7 प्रतिशत बढ़ गये, जबकि पिछले वर्ष उनके लाभ में 22.0 प्रतिशत की गिरावट आयी थी।

समितियां और कार्यकारी दल: नियुक्ति, सिफारिशें और अनुवर्ती कार्रवाई

सरकारी क्षेत्र के बैंकों की कार्यपद्धति का अध्ययन करने के लिए समिति (जेम्स राज समिति)

2.125 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सरकारी क्षेत्र के बैंकों की कार्यपद्धति का अध्ययन करने के लिए जेम्स एम० राज की अध्यक्षता में जून 1977 में नियुक्त समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। समिति ने शाखा विस्तार

की गति और दिशा, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की भूमिका, भारतीय स्टेट बैंक और उसके सहायक बैंकों के विन्यास तथा पूर्वोत्तर, पूर्वी और मध्यवर्ती क्षेत्रों में तीन नये बैंकों के गठन के संबंध में कई सिफारिशें कीं ।

2.126 समिति ने इस बात पर जोर दिया कि सरकारी क्षेत्र के बैंकों की तीव्र वृद्धि के कारण उनके प्रबन्ध तन्त्र पर अत्यधिक भार पड़ा है और इसके परिणामस्वरूप पर्यवेक्षी नियंत्रण ढीले पड़ गये हैं और इससे लागत पर प्रभाव पड़ने के कारण उनकी लाभप्रदता में भी बाधा पड़ी है । अतः अधिक संख्या की शाखाओं वाले बैंकों के लिए यह आवश्यक है कि तीन से पांच वर्ष की अवधि तक वे अपनी स्थिति को मजबूत बनायें । अतः उन्हें निर्दिष्ट सीमा से अधिक विस्तार की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए । इसके अतिरिक्त किसी भी बैंक को उसके मुख्य कार्यक्षेत्रों से दूर शाखाएं खोलने के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए तथा इस प्रकार की शाखाओं का स्वैच्छिक आदान-प्रदान हो जाना चाहिए । इस तरह, समिति के अनुसार वाणिज्य बैंकों को केवल जिला मुख्यालय/मंडी स्तर पर शाखाएं खोलने की अनुमति दी जानी चाहिए और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को ग्रामीण क्षेत्र का वित्तपोषण करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी चाहिए । क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को क्रमशः वाणिज्य बैंकों की वर्तमान ग्रामीण शाखाओं को अभिस्वीकार कर लेना चाहिए ।

2.127 जैसा कि पैराग्राफ 2.2 में उल्लेख किया जा चुका है, 1979—81 के लिए शाखा लाइसेन्सीकरण की नयी नीति निर्धारित करते समय जेम्स राज समिति तथा कामथ कार्यकारी दल और वांतवाला समिति द्वारा की गयी सिफारिशों को ध्यान में रखा गया है ।

2.128 भारतीय स्टेट बैंक और उसके सहायक बैंकों को पुनर्गठित करने तथा पूर्वोत्तर, पूर्वी और मध्यवर्ती क्षेत्रों में तीन नये बैंक गठित करने से संबंधित सिफारिश बैंकिंग तन्त्र के स्वरूप से अभिप्राय रखती है और ये सिफारिशें रिजर्व बैंक के विचाराधीन हैं।

2.129 आंतरिक संगठन, शक्तियों के प्रत्यायोजन, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को ऋण देने की शर्तों आदि से संबंधित अन्य सिफारिशों को कार्यान्वयन के लिए बैंकों को सूचित किया जा चुका है ।

गृह निर्माण योजनाओं के वित्तपोषण में

वाणिज्य बैंकिंग तंत्र की भूमिका से संबंधित अध्ययन के लिए कार्यकारी दल

2.130 गृह निर्माण योजनाओं के वित्तपोषण में बैंकिंग तंत्र की भूमिका का अध्ययन करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा गठित कार्यकारी दल की रिपोर्ट प्रस्तुत होने का उल्लेख पिछले वर्ष की रिपोर्ट में किया गया था । इस कार्यकारी दल की सिफारिशों पर आधारित निम्नलिखित मार्गदर्शी सिद्धांत भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वाणिज्य बैंकों को जारी किये गये ।

2.131 गृह निर्माण कार्यों के वित्तपोषण में बैंकिंग तंत्र का सीमित योगदान ही हो सकता है और यह 75 करोड़ रुपये वार्षिक हो सकता है । दिसम्बर 1978 के अन्त तक अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा दिये गये कुल अग्रिमों के लगभग 0.5 प्रतिशत के बराबर यह राशि होगी और बैंकों के अपने कर्मचारियों को प्रदत्त आवास ऋण इसमें शामिल नहीं होंगे समय-समय पर इस अनुपात की पर्याप्तता अथवा अपर्याप्तता का पुनरीक्षण किया जायेगा ।

2.132 निर्धारित राशि के भीतर प्रदान किये जाने वाले प्रत्यक्ष और परोक्ष वित्त का अनुपात बैंकों के विवेक पर निर्भर करता है । तथापि बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अतिरिक्त वित्त का बड़ा भाग आवास और शहरी विकास निगम और राज्य आवास मण्डलों के गारण्टीकृत बांडों और डिबेंचरों के अभिदान के रूप में दिया जाता है । आवास योजनाओं का प्रत्यक्ष वित्तपोषण मुख्यतः अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, निम्न आय वर्गों और मध्यम आय वर्गों के लाभ हेतु होना चाहिए । सामान्यतः आवास ऋण परियोजना की कुल लागत के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए तथा ब्याज दर 12 प्रतिशत होनी चाहिए जिसमें किस्तों के नियमित भुगतान पर 1/2 प्रतिशत छूट दी जाये । फिर भी, बैंक अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और निम्न आय वर्गों को कुल लागत के 80 प्रतिशत तक आवास ऋण प्रदान कर सकता है और अनुसूचित जातियों/जनजातियों से 2,500 रुपये से अनधिक ऋण पर 4 प्रतिशत ब्याज ले सकते हैं । वसूली की अवधि 10 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए । अग्रिम के लिए जमानत के रूप में सम्पत्ति का बंधक अथवा सरकारी गारण्टी रखनी चाहिए ।

2.133 यद्यपि अग्रिमों का हिसाब वाणिज्य बैंकों की बहियों में रहेगा, फिर भी वे क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, ग्रामीण सहकारी समिति और स्वैच्छिक एजेंसियों के माध्यम से आवास ऋण प्रदान करने पर विचार कर सकते हैं तथा उचित ऋणकर्ताओं का पता लगाने और ऐसे अग्रिमों के वितरण तथा वसूली के लिए इन संस्थाओं की सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं ।

2.134 कार्यकारी दल ने कुछ निर्माण प्रक्रियाओं को बैंक ऋण के पात्र के रूप में वर्गीकृत किया है न कि आवास ऋण के पात्र के रूप में । ऐसी प्रक्रियाओं का वित्तपोषण वाणिज्यिक सिद्धांतों पर ही किया जाना चाहिए जिसमें राष्ट्रीय प्राथमिकता प्राप्त सिद्धांतों को अत्यधिक महत्व दिया जाए । ऋण के लिए आवेदन पत्रों का निबटान करते समय अर्जित आय, नकद प्राप्ति, चुकौती के साधन और अन्य संबंधित आंकड़ों की ध्यानपूर्वक संवीक्षा करना आवश्यक है जिससे यह निश्चित हो जाए कि परियोजना वाणिज्यिक दृष्टि से सक्षम है तथा अर्जित अतिरिक्त नकदी आय ऐसे अग्रिमों के अधीन देय किस्तें चुकाने के लिए पर्याप्त होगी । आवास ऋण के सिवाय निर्माण कार्यों के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के उपक्रमों को वित्त दिया जाए; पर यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों के मामले में बैंक ऋण का प्रयोग मूलभूत सुविधाओं (सार्वजनिक सड़कों, पुलों, पत्तन, बांधों आदि) के निर्माण के लिए न हो; क्योंकि इन कार्यों के लिए उनके बजटों में व्यवस्था की जानी चाहिए । ऐसे वित्त के लिए निम्नलिखित शर्तें होनी चाहिए :

2.135 बैंकों को योजना की कुल लागत के 40 प्रतिशत और अपवादात्मक मामले में 50 प्रतिशत से अधिक अग्रिम प्रदान नहीं करने चाहिए । इन पर वाणिज्यिक अग्रिमों पर लागू ब्याज दर ली जानी चाहिए । सामान्यतः 7 वर्षों में ऋण की अदायगी हो जानी चाहिए ; परन्तु किसी भी हालत में यह अवधि 10 वर्षों से अधिक नहीं होनी चाहिए । जमानत स्वरूप सम्पत्ति बंधक के रूप में रखी जा सकती है और/अथवा ऐसे प्रयोजनों के लिए साधारणतः उपलब्ध कोई अन्य जमानत हो सकती है ।

2.136 बैंकों को यह निदेश दिया गया था कि मूलभूत सुविधाओं और सरकारी/अर्ध सरकारी कार्यालयों, जिनमें नगरपालिका तथा पंचायत के कार्यालय शामिल हैं, के लिए भवन निर्माण हेतु वे प्रत्यक्ष ऋण के रूप में आगे से कोई भी वित्त प्रदान न करें । फिर भी, उन कार्यों के लिए ऋण प्रदान किये जा सकते हैं, जिन पर कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम जैसी संस्थाओं से पुनर्वित्त सुविधा प्राप्त हो; उन कम्पनियों अथवा अलग अलग व्यक्तियों को भी ऋण प्रदान किया जा सकता है जो मूलभूत सुविधाओं का निर्माण कार्य करने का वायदा करें । धर्मार्थ अथवा धार्मिक संगठनों को विशेष महत्व देना आवश्यक नहीं है जब तक कि उनकी योजना के अन्तर्गत लाभान्वित होने वाले लोग कमजोर वर्गों के न हों ।

2.137 वाणिज्य बैंकों, आवास और शहरी विकास निगम आवास मंडलों, जीवन बीमा निगम आदि की संघीय व्यवस्था को, जहां भी संभव हो, योजना के स्वरूप के आधार पर अपनाया जाना चाहिए; यह व्यवस्था विशेषकर उन परियोजनाओं में अपनायी जानी चाहिए जिनमें पूंजीगत परिव्यय अधिक हो । ऐसी संघीय ऋण व्यवस्था में बैंकों

के मामले में अदायगी की अवधि दस वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा किस्मत की राशि आनुपातिक आधार पर निर्धारित की जानी चाहिए। आवास और शहरी विकास निगम, आवास मंडलों, जीवन बीमा निगम जैसी विशेषीकृत एजेंसियों के लिए अदायगी की लम्बी अवधि निर्धारित करने में कोई आपत्ति नहीं है, आनुपातिक आधार पर निर्धारित किस्तों की अदायगी साथ-साथ प्रारम्भ होगी ।

बैंक ऋण की अनुवर्ती कार्रवाई से संबंधित अध्ययन दल—तंडन समिति

2.138 1975 में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा गठित समिति नयी ऋण नीतियों के परिचालन में लचीलापन बनाये रखने के लिए उपयोगी सिद्ध हो रही है; बैंक ऋण की अनुवर्ती कार्रवाई से संबंधित अध्ययन दल की रिपोर्ट में की गई सिफारिशों के आधार पर ये ऋण नीतियां बनायी गयी थीं । रिजर्व बैंक के बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग में स्थापित कक्ष द्वारा समिति की सिफारिशों पर अनुवर्ती कार्रवाई की जा रही है ।

2.139 आलोच्य वर्ष के दौरान इस समिति की तीन बैठकें हुई तथा बैंकों, उद्योगों और उनके प्रतिनिधि संघों, वाणिज्य और उद्योग मण्डलों द्वारा ऋण आवेदन/मानदंडों में परिशोधन से संबंधित और अन्य विषयों, जिन पर समिति के विचार प्राप्त किये जा सकते हैं, पर उठायी गयी बातों पर उन बैठकों में विचार किया गया । भारतीय रिजर्व बैंक ने विभिन्न विषयों पर समिति के विचारों का परीक्षण किया और बैंकों को उनके अनुसार निदेश दिये जिससे वे परिचालन के लचीलेपन में और अधिक सुधार करें और नये उधार तन्त्र को बेहतर ढंग से समझ सकें । समिति ने निम्नलिखित महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा की, उन पर निर्णय लिये और बैंकों को मार्गदर्शी सिद्धांत अनुदेश जारी किये :

(i) उधार देने की पद्धतियों (अध्ययन दल द्वारा संस्तुत) को और अधिक लचीला बनाने के लिए बैंकों को जुलाई 1978 में यह सूचित किया गया कि वे, विशेष मामले के तौर पर, उन औद्योगिक इकाइयों को, जिनका पिछला कार्यकलाप अच्छा रहा है और जिन्होंने काफी समय से एक मजबूत चालू अनुपात बनाये रखा है, कुछ प्रयोजनों के लिए एक निश्चित सीमा तक चालू अनुपात में कमी करने की अनुमति देने पर विचार करें । फिर भी, इस बात पर बल दिया गया कि बैंकों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि कम से कम 1.33 : 1 का चालू अनुपात रखा जाता है । बैंकों को यह भी निदेश दिया गया कि ऐसे ऋणकर्ताओं को, जिनपर अध्ययन दल द्वारा संस्तुत उधार देने की पहली पद्धति लागू की जाती है, अतिरिक्त सामान्य शेयर अथवा मीयादी ऋण जुटाये बिना अपने कार्यों में विस्तार की अनुमति सामान्यतः नहीं मिलनी चाहिए ताकि विस्तार के परिणामस्वरूप उनका वित्तीय ढांचा कमजोर न हो जाए ।

(ii) ऋण प्राधिकरण योजना के अधीन अधिकतम सीमा के प्रयोजन के लिए मीयादी ऋणों को शामिल करने के प्रश्न और साख पत्रों एवं गारंटियों को योजना के कार्यक्षेत्र में सम्मिलित करने के प्रश्न पर विचार किया गया और अगस्त 1978 में बैंकों को उचित अनुदेश जारी किये गये ।

(iii) बैंक ऋण की अनुवर्ती कार्रवाई से संबंधित अध्ययन दल की विभिन्न सिफारिशों को लघु इकाइयों पर लागू करने के प्रश्न पर समिति ने विचार किया । समिति का यह विचार था कि चूंकि 90 प्रतिशत से अधिक इकाइयां 2 लाख रुपये से कम ऋण सीमाओं का उपयोग करती है और अध्ययन दल द्वारा संस्तुत स्टाकों के मानदंड केवल उन इकाइयों पर लागू होते हैं जो बैंकिंग तंत्र से 10 लाख रुपये से अधिक की ऋण सीमाओं का उपयोग करती हैं, अतः अधिकतर लघु उद्योग इकाइयां उक्त मानदंड के कार्यक्षेत्र के बाहर हैं । उनमें से कुछ बड़ी इकाइयां ही इस नियम के अन्तर्गत आती हैं और चूंकि वे सम्भाव्य मध्यम/बड़े पैमाने के उद्योग हैं इसलिए धीरे-धीरे उन्हें श्रेष्ठ प्रबंध व्यवस्थाएं अपनानी चाहिए ।

(iv) बड़ी इकाइयों द्वारा छोटी इकाइयों को बिलों के भुगतान में विलम्ब की समस्या पर समिति ने विचार-विमर्श किया । इस विषय का और अधिक परीक्षण किया गया और अगस्त 1978 में बैंकों को यह निदेश दिया गया कि अन्य बातों के साथ-साथ वे समग्र ऋण सीमाओं के अन्तर्गत स्वीकारण/साख-पत्र सुविधाओं के लिए अलग उप-सीमाएं निर्धारित करें जिनका प्रयोग केवल लघु उद्योगों से खरीदों के सम्बन्ध में ही किया जाये; लघु उद्योगों से की जाने वाली खरीदों के अनुपात और अन्य संबद्ध तत्वों को ध्यान में रखकर उप-सीमाएं निर्धारित की जाए । बैंकों को यह भी कहा गया कि वे लघु इकाइयों को देय राशि के विवरण अपने मध्यम और बड़े ऋणकर्ताओं से प्रत्येक तिमाही में प्राप्त करें और उक्त विषय पर ऋणकर्ता के साथ समुचित ढंग से विचार विमर्श करें जिससे लघु इकाइयों को अविलम्ब अदायगियां सुनिश्चित हों ।

(v) समिति ने इस बात पर चर्चा की कि बैंकों को कुछ ऐसी इकाइयों से, जो निर्माण कार्य नहीं करती, किस प्रकार की त्रैमासिक सूचना प्राप्त करनी है और समिति के निर्णयानुसार भारतीय रिजर्व बैंक ने एक उप-दल गठित किया है जो निर्माण-कार्य न करने वाली इकाइयों (जैसे परिवहन, निर्माण कम्पनियां, बिजली बोर्ड, व्यापारिक इकाइयां, होटल, नागरिक आपूर्ति निगम आदि) से प्राप्त होने वाली सूचना का विस्तृत विवेचन करेगा और बैंकों द्वारा ऐसी इकाइयों को दिये जाने वाले ऋण पर नियंत्रण रखने की कार्यवाहियों और तत्संबंधी अनुवर्ती कार्रवाई पर विचार करेगा । इस उप-दल की पहली बैठक 17 अप्रैल 1979 को हुई ।

(vi) टायर बनाने वाले उद्योगों को स्टाकों/बिलों के मानदंडों में ढील देने की अनुमति के संबंध में समिति ने यह महसूस किया कि रबड़ उत्पादों पर लागू होने वाले स्टाकों/बिलों के मानदंडों में सामान्य परिशोधन के लिए कोई भी आधार नहीं है ।

(vii) मानदंडों में पारस्परिक परिवर्तनशीलता के संबंध में समिति ने अनुभव किया कि अध्ययन दल द्वारा विहित कुछ उद्योगों में बिलों और तैयार वस्तुओं से संबंधित मानदंडों में पहले से ही पारस्परिक परिवर्तनशीलता है । इसके अलावा, स्टाक के अलग-अलग घटकों (अर्थात् कच्चे माल, निर्माणाधीन स्टाक और तैयार वस्तुएं) के संदर्भ में अलग-अलग मानदंड हैं क्योंकि उनकी आवश्यकता का निर्धारण करने वाले तत्व भिन्न हैं तथा पारस्परिक परिवर्तनशीलता मानदंडों के औचित्य के अनुरूप भी नहीं होगी ।

(viii) संघीय व्यवस्थाओं के अधीन स्वीकृतियां आदि प्राप्त करने में ऋणकर्ताओं को होने वाली कठिनाइयों/असुविधाओं और समन्वय के अभाव तथा अन्य कार्य संबंधी समस्याओं पर निदेश समिति में चर्चा की गई । इन चर्चाओं के आधार पर नवम्बर 1978 में बैंकों को कुछ स्थूल मार्गदर्शी सिद्धान्त जारी किये । उनके अन्तर्गत निम्नलिखित विभिन्न पहलुओं को लिया गया : संघीय व्यवस्था के लिए अपेक्षित बैंकों की संख्या, सदस्य बैंकों का न्यूनतम हिस्सा निर्धारित करने की आवश्यकता, संघीय व्यवस्था के सदस्यों का सक्रिय योगदान कार्यपद्धति जिससे मूल्यांकन के चरण और अन्य चरणों पर अनुचित विलम्ब समाप्त/कम किया जा सके, सूचना का आदान प्रदान, अग्रिमों के लिए जमानत का निरीक्षण सत्यापन आदि ।

(ix) चमड़ा निर्यात संवर्धन परिषद् के अभिवेदन के उत्तर में भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को निदेश दिया कि हालांकि टण्डन समिति ने चमड़ा उद्योग के लिए कोई भी मानदंड निर्धारित नहीं किये हैं फिर भी पिछली प्रवृत्तियों, प्रक्रिया/परिचालन समय, व्यापार प्रणालियों आदि को ध्यान में रखकर बैंक स्टाकों/बिलों के मामले में उचित स्तर निर्धारित कर सकते हैं। बैंकों को यह भी निदेश दिया गया कि आयोजनाओं के औचित्य पर विचार करते समय वे इस तथ्य को भी ध्यान में रखें कि पहले जहां आधे तैयार चमड़े का निर्यात होता था वहां अब तैयार चमड़े और चमड़े के उत्पादनों के निर्यात पर अधिक बल दिया जाता है, अतः प्रक्रिया-समय बढ़ जायेगा और इकाइयों को अधिक स्टाक रखने होंगे। इसके अलावा, चूंकि बहुत सी इकाइयां स्वामित्व साझेदारीवाली लघु इकाइयां थीं अतः वे कार्यकारी पूंजी में विद्यमान अन्तर को 25 प्रतिशत की पूर्ति करने के लिए पहली ऋण पद्धति के आधार पर सामान्य शेयर और मीयादी ऋण जुटाने की स्थिति में न हों। बैंकों से यह कहा गया कि वे उपयुक्त मामलों में उचित ढील दें जिससे कि उद्योग निर्यात बाजार का लाभ उठा सके, परन्तु वे समय-समय पर इसका पुनरीक्षण करें और अपेक्षित मशीनें खरीदने के लिए इन इकाइयों की मीयादी ऋणों की प्रार्थना पर भी सहानुभूतिपूर्वक विचार करें। बैंकों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि सहायता प्राप्त इकाइयां लाभों के पुनः प्रयोग जैसे उपायों से अपने वित्तीय स्वरूप को सुधारें।

(x) रूई कताई मिलों और उर्वरक उद्योग के लिये स्टाकों/बिलों के मानदंडों में ढीलें जारी रखने या उन्हें हटा देने के संबंध में निम्न प्रकार निर्णय लिये गये :

(क) रूई कताई मिलें : रूई कताई मिलों की स्थिति में सुधार हो जाने के कारण और समय तक ढीलें देने की आवश्यकता नहीं थी।

(ख) उर्वरक उद्योग : इस उद्योग को प्रदत्त वर्तमान ढीलों में कोई परिशोधन करने से पहले इस विषय पर भारतीय उर्वरक संघ के साथ विचार विमर्श कर लिया जाये। समिति को और कई बातों पर लिखा गया था, उन पर भी उसने विचार विमर्श किया। तत्संबंधी वितरण निम्न प्रकार हैं :

(i) बैंक ऋण की अनुवर्ती कार्रवाई पर अध्ययन दल की विभिन्न सिफारिशों का कार्यान्वयन और इस संबंध में बैंकों द्वारा अनुभव की गयी कठिनाइयां;

(ii) सूचना तंत्र के अधीन ऋणकर्ताओं द्वारा बैंकों को प्रस्तुत किये गये विवरणों की समीक्षा;

(iii) उधार लेनेवाली इकाइयों के प्रबंध की लेखा परीक्षा; और

(iv) क्या औद्योगिक इकाइयों के वित्तीय कुप्रबंध का पता लगाने/उसे रोकने के लिये बड़े ऋणकर्ताओं के संबंध में बैंकों द्वारा बनाये गये सूचना तंत्र का प्रयोग किया जा सकता है; यदि हां, तो किस सीमा तक; अथवा इस प्रयोजन की प्राप्ति के लिये क्या बैंकिंग तंत्र लेखा परीक्षकों की शक्ति बढ़ाने जैसे किसी अन्य उपाय का प्रयोग कर सकता है।

उधार कार्यों पर अन्तर संस्थागत दल

2.140 मीयादी उधार देनेवाली संस्थाओं और वाणिज्य बैंकों के उधार कार्यों के समन्वयन से संबंधित अंतर संस्थागत दल द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करने का उल्लेख पिछले वर्ष की रिपोर्ट में किया गया था। बैंकों और मीयादी उधार देनेवाली संस्थाओं के बीच समन्वयन से संबंधित सभी पहलुओं पर दल ने सिफारिशें की है ; उक्त संस्थाओं के बीच मीयादी ऋणों के अंश विभाजन के मानदंड निर्धारित करना; मूल्यांकन, अनुवर्ती कार्रवाई, सूचना के आदान-प्रदान आदि के परिप्रेक्ष्य में मीयादी उधार देनेवाली संस्थाओं की भूमिका निश्चित करना; मीयादी ऋण मंजूर करने और परियोजना की स्वीकृति के संबंध में माथ पत्र खोलने और कार्यकारी पूंजीगत सीमाएं स्वीकार करने के समय का संकेत करना; प्रतिभूतियों के विभाजन, दस्तावेजों की संवीक्षा, नकद प्राप्तियों में अंश निर्धारण आदि से संबंधित सुझाव देना और रुग्ण इकाइयों का उपचार करना। दल की सिफारिशों के अनुसरण में औद्योगिक परियोजनाओं के वित्तपोषण के कार्य में मीयादी उधार प्रदान करनेवाली संस्थाओं और बैंकों के समन्वित प्रयास के दौरान उत्पन्न होने वाले विभिन्न नीतिगत प्रश्नों का अध्ययन करने के लिये स्थायी समन्वयन समिति स्थापित की गयी है जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक, वाणिज्य बैंकों और मीयादी उधार देनेवाली संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हैं। रुग्ण इकाइयों को दी जानेवाली पुनर्वास सहायता में मीयादी ऋण प्रदान करनेवाली संस्थाओं की सहभागिता से संबंधित सिफारिशें उक्त दल के विचाराधीन हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने कुछ परिशोधनों/स्पष्टीकरणों के साथ अन्य सिफारिशों को मंजूर कर लिया।

बैंकों की परिचालन क्षमता और लाभप्रदता से संबंधित कार्यकारी दल

2.141 रिजर्व बैंक ने कार्यकारी दल की सिफारिशों पर विचार किया और लागत नियंत्रण, नकदी प्रबंध, शाखाओं के लिए स्टाफ स्वरूप, ग्राहक सेवा, शाखाओं की लाभप्रदता, सेवाओं की लागत का निर्धारण, विवेकाधीन शक्तियां आदि से संबंधित कतिपय पहलुओं पर बैंकों को मार्गदर्शी सिद्धान्त जारी किये।

बैंकों की ग्राहक सेवा के संबंध में कार्यकारी दल

2.142 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि बैंकों की ग्राहक सेवा संबंधी कार्यकारी दल की सिफारिशों की जांच करने के लिये एक दल (कार्य दल) गठित किया गया है ताकि उक्त सिफारिशों का कार्यान्वयन जल्दी हो सके। उक्त दल ने नियमित रूप से बैठकें बुलाई तथा सिफारिशों के कार्यान्वयन में बैंकों की प्रगति का पुनरीक्षण किया। इस वर्ष के दौरान सरकार ने कुछ संशोधनों के साथ और सिफारिशों को स्वीकार कर लिया तथा बैंकों को यह सूचित किया गया कि वे सितम्बर 1978[1] से उन्हें अमल में लायें। इसके अतिरिक्त यह भी कहा जा सकता है कि सरकारी क्षेत्र के कई बैंकों ने इन सिफारिशों के कार्यान्वयन में काफी प्रगति की है, जो कि केवल उन्हीं के द्वारा कार्यान्वित की जानी थीं। बैंकों द्वारा भेजी जाने वाली त्रैमासिक प्रगति रिपोर्टों के आधार पर रिजर्व बैंक अपने पास इस संबंध में जानकारी रखता है। ऐसे सात क्षेत्रों में, जहां कार्यकारी दल ने यह महसूस किया था कि बैंकों की ग्राहक सेवा में सुधार लाने की तत्काल आवश्यकता है, बैंकों द्वारा की गयी प्रगति का विवरण नीचे दिया जाता है :

सारणी 2.16—ग्राहक सेवा से संबंधित सिफारिशों के कार्यान्वयन में की गयी प्रगति

सेवा क्षेत्र	सरकार द्वारा स्वीकृत सिफारिशों की कुल संख्या	50 प्रतिशत से अधिक बैंकों द्वारा कार्यान्वित सिफारिशों की कुल संख्या
1. जमा खाते . . .	14	8
2. प्रेषण और वसूली . . .	12	8
3. ऋण और अग्रिम . . .	8	6
4. विदेशी मुद्रा कारोबार . .	5	1
5. सरकारी कारोबार . .	1	1
6. अनुशासन और अभिरुचि . .	7	3
7. सामान्य . . .	4	4

[1]कार्यकारी दल की अंतिम रिपोर्ट में ये सिफारिशें सं० 28 और 30 के अंतर्गत आती हैं। ये सिफारिशें खातों और पास बुकों के विवरण प्रदान करने के मामलें में ग्राहकों को दी जानेवाली सेवा से संबंधित हैं।

वाणिज्य बैंकों द्वारा कृषि के लिए दिये जाने वाले ऋणों से संबंधित राज्य अधिनियमों के संबंध में विशेषज्ञ

2.143 वाणिज्य बैंकों द्वारा कृषि के लिये दिये जानेवाले ऋणो से संबंधित राज्य अधिनियमों के संबंध में विशेषज्ञ दल (तलवार समिति) की सिफ़ारिशों के कार्यान्वयन की प्रगति पिछले वर्ष की रिपोर्ट में दी गयी थी। तलवार समिति द्वारा सिफारिश किये गये नमूना विधेयक के आधार पर 16 राज्यों ने आवश्यक विधान पारित कर लिये हैं।

वाणिज्य बैंकों की कृषि ऋण योजनाओं के संबंध में विशेषज्ञ दल

2.144 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि वाणिज्य बैंकों की कृषि ऋण योजनाओं से संबंधित विशेषज्ञ दल ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। दल ने वाणिज्य बैंकों की कृषि ऋण योजनाओं को विकासात्मक प्रयासों के अनुरूप बनाने और कृषकों को दिये जानेवाले ऋणों के लाभों में वृद्धि करने वाली अन्य सहायक गतिविधियों के लिये बनायी गयी ऋण योजनाओं के अनुरूप बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। जब तक यह नहीं होगा तब तक सभी वर्गों के कृषि ऋणकर्ताओं के मामले में बढ़ती हुई ऋण राशि से अधिक आय नहीं होगी। दल का यह विचार है कि कृषि क्षेत्र को वाणिज्य बैंकों द्वारा दिये गये ऋण की राशि में विशेष वृद्धि करने तथा काश्तकारों को अधिकाधिक ऋण उपलब्ध कराने के लिये की गयी व्यवस्थाओं में हुई प्रगति के बावजूद कृषि ऋण योजनाओं के निर्माण, उनसे संबंधित विषय तथा उनके कार्यान्वयन की प्रक्रियाओं में कई त्रुटियां विद्यमान हैं। निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिये उक्त दल ने कई सिफ़ारिशें की हैं तथा इस बात पर जोर दिया है कि उनमें से कई सिफारिशें उपयुक्त होंगी चाहे बैंक अपने आप कृषकों को सीधे ऋण वितरित करें या वे प्राथमिक कृषि ऋण समितियों तथा कृषक सेवा समितियों जैसी बिचौली संस्थाओं के माध्यम से ऋण वितरित करवायें। बैंकों को दल की अधिकांश सिफ़ारिशें कार्यान्वित करने के लिये कहा गया है।

पुरी समिति की रिपोर्ट

2.145 लघु उद्योगों की बैंक ऋण संबंधी समस्याओं का अध्ययन करने के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा श्री आई० सी० पुरी की अध्यक्षता में नियुक्त की गयी उच्च अधिकार प्राप्त समिति की सिफ़ारिशों के आधार पर रिज़र्व बैंक ने उक्त क्षेत्र को आसानी से ऋण उपलब्ध कराने के लिये जुलाई 1978 में बैंकों को मार्गदर्शी सिद्धांत जारी किये। बैंकों को यह सूचित किया गया कि केन्द्रीय/राज्य सरकारों द्वारा विशेष रोजगार योजनाओं के अंतर्गत प्रवर्तित जो छोटे यूनिट विशेष रूप से लघु उद्योग क्षेत्र के और तकनीकी योग्यता प्राप्त तथा दूसरे उद्यमियों के हैं उनके मामले में मार्जिन संबंधी अपेक्षाओं में वे लचीला दृष्टिकोण अपनायें तथा परियोजनाओं की क्षमता का ध्यान रखें। साथ ही समर्थक जमानत/गारंटी के अभाव में किसी भी उपयुक्त प्रस्ताव को अस्वीकार न करें।

हथकरघों के लिए ऋण की आवश्यकताओं के मूल्यांकन से संबंधित अध्ययन दल

2.146 भारत सरकार ने राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा सहकारी क्षेत्र से बाहर रहनेवाले हथकरघा बुनकरों और राज्य हथकरघा विकास निगमों का वित्तपोषण करने की समीक्षा करने के लिये एक अध्ययन दल गठित किया। दल से यह कहा गया था कि वह अगले पांच वर्षों में निगमों की ऋण आवश्यकताओं का अनुमान लगायें तथा आसानी से बैंक वित्त उपलब्ध कराने के लिये आवश्यक उपाय एवं संस्थागत क्रियाविधियां सुझायें। दल से यह भी कहा गया था कि वह हथकरघा बुनकरों/हथकरघा विकास निगमों का वित्तपोषण करने में राष्ट्रीयकृत बैंकों की वर्तमान भूमिका का अध्ययन करें, ऐसे उपाय सुझायें जिनसे इन निगमों और राष्ट्रीयकृत बैंकों के बीच कार्यगत संबंध निरंतर स्थापित हो सके, और हथकरघा क्षेत्र को ऋण की सहकारी प्रणालियों एवं वाणिज्य बैंकों द्वारा किये जानेवाले वित्तपोषण की तुलनात्मक लाभ-हानि का मूल्यांकन करे। अध्ययन दल ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट भारत सरकार को प्रस्तुत कर दी है।

सहभागिता प्रमाणपत्रों से संबंधित कार्यकारी दल

2.147 15 मार्च 1979 को कुछ प्रमुख बैंकों के अध्यक्षों के साथ हुई बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसरण में रिज़र्व बैंक ने दो कार्यकारी दल गठित किये। उनमें से एक दल सहभागिता प्रमाणपत्रों के रूप में और वित्तीय संस्थाओं से मांग मुद्रा बाजार में उधारों के रूप में बैंकों द्वारा ली जानेवाली सहायता का अध्ययन करेगा तथा दूसरा दल बैंकों की नकदी ऋण प्रणाली के सभी पहलुओं का पुनरीक्षण करेगा।

2.148 सहभागिता प्रमाणपत्रों से संबंधित कार्यकारी दल के विचारणीय विषय निम्न प्रकार हैं: (i) मांग मुद्रा बाजार और सहभागिता प्रमाणपत्रों के आकार और स्वरूप का अध्ययन करना तथा मुद्रा और ऋण नीतियों के मामले में उनके प्रभाव की व्याख्या करना, (ii) उस आधार का सुझाव करना जिस पर वाणिज्य बैंकों और पुनर्वित्त एजेंसियों (भारतीय औद्योगिक विकास बैंक तथा कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम जैसी) से भिन्न स्रोतों से बैंकों को उपलब्ध होनेवाले वित्तीय साधनों की स्थूल मात्रा का मूल्यांकन किया जाए, (iii) मांग मुद्रा बाजारों और सहभागिता प्रमाणपत्रों से संबंधित व्यवस्थाओं में भाग लेनेवाली गैर बैंकिंग संस्थाओं से ऐसी निधियों के उपलब्ध होने में किसी प्रतिबंध के कारण पड़नेवाले असर की जांच करना तथा ऐसी निधियों के उत्पादक प्रयोग के लिये वैकल्पिक क्षेत्रों का सुझाव देना और (iv) किसी दूसरे संबंधित विषय पर सिफारिशें करना। कार्यकारी दल ने मई 1979 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यकारी दल द्वारा दिये गये विभिन्न सुझावों पर विचार करते हुए यह निर्णय किया गया कि प्रारंभ में सहभागिता प्रमाणपत्रों का अधिकाधिक सहारा लेने की बैंकों की प्रवृत्ति को रोकने के लिए कार्रवाइयां की जाएं। इन कार्रवाइयों पर ऋण नीति से संबंधित पैराग्राफों में पहले ही विचार किया जा चुका है।

नकदी ऋण पर कार्यकारी दल

2.149 नकदी ऋण से संबंधित कार्यकारी दल को निम्नलिखित बातों की समीक्षा करनी है : हाल ही के वर्षों में पायी गयी नकदी ऋण प्रणाली की कार्य पद्धति का, विशेष रूप से मंजूर की गयी ऋण सीमाओं और उनके प्रयोग की मात्रा के बीच विद्यमान खाई के संदर्भ में अध्ययन करना; इस अध्ययन के परिप्रेक्ष्य में उक्त प्रणाली में संशोधनों का सुझाव देना ताकि इस प्रणाली को वाणिज्य बैंकों के औचित्यपूर्ण निधि प्रबंध के अनुरूप बनाया जाए और/या ऐसी वैकल्पिक ऋण सुविधाएं सुझाना जिनसे ऋण के मामले में अधिकाधिक अनुशासन का पालन हो और बैंक ऋण सीमाओं को उत्पादन अथवा अन्य उत्पादक कार्यों से संबद्ध कर सकें और ऐसे दूसरे संबंधित विषयों पर सिफ़ारिशें करना जो दल के विचार में उपयुक्त हों। कार्यकारी दल ने एक अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत की है जो विचाराधीन है।

लघु उद्योग के लिए वित्तीय एजेंसी पर कार्यकारी दल

2.150 उद्योग के लघु तथा विकेन्द्रित क्षेत्र की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक शीर्ष वित्तीय संस्था गठन के प्रश्न की जांच करने के लिये रिज़र्व बैंक ने मई 1979 में एक कार्यकारी दल गठित किया। इस कार्यकारी दल के विचारणीय विषय निम्न प्रकार हैं : (1) उद्योग के लघु और विकेन्द्रित क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये ऋण की वृद्धि के उपाय सुझाना तथा इस परिप्रेक्ष्य में इस उद्देश्य के लिये अलग वित्तीय एजेंसी स्थापित करने की संभावना का मूल्यांकन करना; (2) नयी वित्तीय एजेंसी की वास्तविक स्थापना के पूर्व आवश्यक वैधानिक एवं प्रशासनिक स्वरूप पर विचार करना; (3) इस बात की जांच करना कि क्या ऐसी कोई एजेंसी लघु उद्योग क्षेत्र की संपूर्ण आवश्यकताओं को पूरा कर सकेगी या लघु उद्योग क्षेत्र और ग्रामीण तथा कुटीर उद्योगों के लिये अलग-अलग एजेंसियां स्थापित करना आवश्यक है; (4) नयी वित्तीय एजेंसी को सौंपे जाने वाले पुनर्वित्तपोषण के कार्य और विपणन कार्य आदि की व्यापकता का निर्धारण करना; और (5) प्रस्तावित वित्तीय एजेंसी तथा वाणिज्य बैंकों और राज्य वित्तीय निगमों जैसी वर्तमान ऋण संस्थाओं के बीच पारस्परिक संबंध निर्धारित करना।

बैंकों को प्रभावित करने वाली और उनसे संबंधित विधि की समीक्षा—बैंकिंग विधि समिति की रिपोर्ट

2.151 भारत सरकार ने 1972 में डा० पी० वी० राजमन्नार की अध्यक्षता में एक-सदस्यीय बैंकिंग विधि समिति गठित की थी। समिति ने सरकार तथा रिज़र्व बैंक के विचारार्थ निम्नलिखित रिपोर्टें प्रस्तुत की हैं:

(i) परकाम्य लिखत विधि पर रिपोर्ट

यह रिपोर्ट परकाम्य लिखतों के सन्दर्भ में भारत तथा अन्य देशों में विद्यमान विधि तथा पद्धति के तुलनात्मक अध्ययन का फल है। समिति ने परकाम्य लिखतों से सम्बन्धित सामान्य विधि के सभी पहलुओं, विशेषकर विनिमय बिलों, चेकों तथा नोटों का गहन अध्ययन किया है और 1881 में देश में लागू वर्तमान परकाम्य लिखत अधिनियम में संशोधन के लिए विनिर्दिष्ट सिफारिशें की हैं।

(ii) स्थावर सम्पत्ति सुरक्षा विधि पर रिपोर्ट

इस रिपोर्ट में सामान्यतः (प्रमुखतः हमारी बन्धक विधि में दी गई) स्थावर सम्पत्ति सुरक्षा विधि और व्यक्तिगत सम्पत्ति तथा स्थावर सम्पत्ति दोनों पर संस्थागत एजेन्सियों द्वारा ग्रामीण ऋण प्रदान किये जाने से सम्बन्धित विशेष विधि की समीक्षा की गयी है।

(iii) व्यक्तिगत संपत्ति सुरक्षा विधि पर रिपोर्ट

इस रिपोर्ट में विभिन्न प्रकार की ऐसी व्यक्तिगत सम्पत्ति जिसे संस्थागत तथा अन्य ऋणदाता के पास जमानत के रूप में रखा जा सकता है, के सन्दर्भ में वाणिज्य तथा सहकारी ऋण प्रदान करने से सम्बन्धित सभी पहलुओं पर विचार किया गया है।

(iv) माल के अधिकार-प्रलेखों पर रिपोर्ट

इस रिपोर्ट में बैंक अग्रिमों के लिये पात्र रेलवे रसीदों, लॉरी रसीदों, लदान बिलों, भाण्डागार रसीदों और अन्य प्रलेखों से सम्बन्धित कानूनी रूपरेखा, की समीक्षा की गयी है। साथ ही इस रिपोर्ट और में जूट व्यापार क्षेत्र में प्रचलित पक्का दानि आदेश की समीक्षा भी दी गयी है।

(v) देशी परकाम्य लिखत (हुंडी) पर रिपोर्ट

इस रिपोर्ट में देशी लिखत अर्थात हुंडी से सम्बन्धित पद्धति तथा परम्परा को संहिताबद्ध करने का प्रस्ताव है। उपर्युक्त रिपोर्टें रिजर्व बैंक तथा भारत सरकार के विचाराधीन हैं।

सांविधिक लेखा परीक्षक पैनल

(सरकारी क्षेत्र के बैंकों के लिए) के विस्तार पर समिति

2.152 सरकारी क्षेत्र के बैंकों में नियुक्त किए जाने के लिए लेखा परीक्षकों का पैनल तैयार करने के निमित्त आवश्यक मानदंड तथा मार्गदर्शी सिद्धान्त बनाने के लिए रिज़र्व बैंक ने अक्टूबर 1978 में उपर्युक्त समिति का गठन किया। समिति कतिपय अन्य विषयों पर भी सिफारिशें करेगी। इस समिति में रिज़र्व बैंक, भारत सरकार, नियन्त्रक और महालेखा परीक्षक के कार्यालय, भारतीय बैंक संघ, भारतीय स्टेट बैंक, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान तथा बैंक लेखा परीक्षकों की स्थायी परामर्श समिति के प्रतिनिधि सदस्य हैं।

अन्य समितियां

2.153 चयनात्मक ऋण नियन्त्रण पर एक-सदस्यीय समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है तथा उनकी सिफारिशें बैंक के विचाराधीन हैं।

शिक्षा और प्रशिक्षण

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

2.154 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के अध्यक्षों तथा शाखा प्रबन्धकों को पुणे स्थित कृषि बैंकिंग महाविद्यालय में प्रशिक्षण दिया जाता है। यह निश्चय किया गया है कि जब क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के अध्यक्षों तथा शाखा प्रबन्धकों के लिए कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, पुणे में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा तब लेखाकारों क्षेत्र अधिकारियों एवं लिपिकों जैसे अन्य कर्मचारियों के लिए सम्बन्धित प्रयोजक बैंक के प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा जो कि कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, पुणे के सम्पूर्ण नियन्त्रण में होगा।

2.155 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से सम्बन्धित संचालन समिति ने अपनी दूसरी बैठक में शिक्षण व्यवस्थाओं को संशोधित किया है। यह निश्चय किया गया है कि कृषि बैंकिंग महाविद्यालय द्वारा चलाए जाने वाले 12 सप्ताह के पाठ्यक्रम को समाप्त किया जाए। इसके स्थान पर महाविद्यालय द्वारा चार सप्ताह का अभिस्थापन कार्यक्रम चलाया जाए। ऐसे पाठ्यक्रमों की संख्या को वर्ष में दो तक सीमित न किया जाए बल्कि 3 से 4 वर्षों की उचित अवधि में शेष अप्रशिक्षित शाखा प्रबन्धकों को प्रशिक्षित करने के लिए आवश्यकतानुसार अधिक से अधिक पाठ्यक्रम चलाए जाएं। प्रयोजक बैंकों को सूचित किया जाएगा कि वे अपने प्रशिक्षण महाविद्यालयों या संस्थाओं में आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए व्यवस्था करें।

अग्रणी बैंक योजना

2.156 अग्रणी बैंक योजना के उद्देश्यों तथा उसके अभिप्रायों को बेहतर रूप में समझने की दृष्टि से योजना में सम्बद्ध उच्च अधिकार प्राप्त समिति ने यह निर्णय किया था कि राष्ट्रीय बैंक प्रबन्ध संस्थान राज्य सरकारों तथा वाणिज्य बैंकों के अधिकारियों के लिए जिला स्तर तथा साथ ही राज्य स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित करे। तदनुसार संस्थान ने उत्तर प्रदेश के सात जिलों तथा पश्चिम बंगाल के तीन जिलों में कार्यशालाएं आयोजित कीं। इस विषय पर उच्च अधिकार-प्राप्त समिति ने जुलाई, 1978 में हुई अपनी चौथी बैठक में पुनः विचार किया और यह निर्णय किया गया कि इस सम्बन्ध में एक नीति तैयार की जानी चाहिये जिससे प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के सभी जिले यथाशीघ्र सम्मिलित किये जा सकें। राष्ट्रीय बैंक प्रबन्ध संस्थान ने बैंकर प्रशिक्षण महाविद्यालय, बम्बई में दिसम्बर, 1978 में चार सेमीनार आयोजित किये। ये सेमीनार तीन-तीन दिन के लिये थे और इनमें अग्रणी बैंकों के प्रधान/क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रतिनिधियों तथा उनके प्रशिक्षण महाविद्यालयों के संकाय सदस्यों ने और राज्य सरकार के अधिकारियों ने भाग लिया। इनका यह उद्देश्य है कि विभिन्न अग्रणी बैंकों के अधिकारी, जिन्होंने सेमीनार में भाग लिया है, राज्य/जिले के कार्यालयों के समन्वयन के साथ जिला स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित करें ताकि देश के विभिन्न जिले यथाशीघ्र इनमें सम्मिलित किये जा सकें। तदनुसार, इस दिशा में पहले चरण के रूप में अधिकांश अग्रणी बैंकों ने जून, 1979 में समाप्त छमाही के दौरान जिला स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित करने के लिये कार्यक्रम बना लिया है।

2.157 राष्ट्रीय बैंक प्रबन्ध संस्थान ने बंगाल, उत्तर प्रदेश और असम के लिए भी राज्य स्तरीय कार्यशालाएं आयोजित की हैं। इनके अलावा भारतीय स्टेट बैंक तथा राष्ट्रीय बैंक प्रबन्ध संस्थान ने आन्ध्र प्रदेश तथा मध्य प्रदेश के लिए राज्य स्तरीय कार्यशालाएं आयोजित की हैं। राज्य स्तरीय बैंकर समितियों के संयोजकों के साथ अन्य सभी राज्यों में भी राज्यस्तरीय कार्यशालाएं आयोजित करने का प्रस्ताव है।

सरकारी क्षेत्र के बैंकों में हिन्दी का प्रयोग

2.158 आलोच्य अवधि के दौरान रिज़र्व बैंक ने अपने तथा सरकारी क्षेत्र के बैंकों के कामकाज में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के लिए सतत प्रयास किये। सरकारी क्षेत्र के बैंकों में हिन्दी के प्रयोग की प्रगति की समीक्षा करने के लिए बैंक में गठित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छठी बैठक 22 जनवरी, 1979 को हुई। बैठक में लिये गये निर्णयों से सरकारी क्षेत्र के सभी बैंकों को अवगत करा दिया गया है।

2.159 सरकारी क्षेत्र के बैंकों में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग पर निगरानी रखने की दृष्टि से बैंक त्रैमासिक प्रगति रिपोर्टें, वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्टें तथा प्रत्येक बैंक द्वारा गठित राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के कार्य विवरणों की प्रतिलिपियां पूर्ववत् प्राप्त करता रहा। इस विषय पर बैंकों से जानकारी एकत्र कर वह भारत सरकार को भेजी जाती रही।

अध्याय 3

सहकारी बैंक व्यवसाय

3.1 कृषि और कृष्येतर उपक्षेत्र दोनों को और विशेषकर ग्रामीण आबादी के कमजोर वर्गों को अधिक ऋण प्रदान करने के लिए इस वर्ष के दौरान ग्रामीण ऋण की संस्थागत व्यवस्थाओं को मजबूत करने के और प्रयास किये गये । इस क्षेत्र में वाणिज्य बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा की गयी प्रगति की समीक्षा अध्याय 2 में पहले ही की जा चुकी है । सहकारी ऋण के ढांचे को सुदृढ़ बनाने के लिए की गयी कार्रवाइयों तथा अधिकाधिक मात्रा में कृषि/कृष्येतर और अल्पावधि/दीर्घावधि ऋण उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में की गयी प्रगति का विवरण इस अध्याय में दिया गया है ।

3.2 जून, 1978 में समाप्त तीन वर्षों के दौरान सहकारी ऋण की प्रगति के आंकड़े तथा रिजर्व बैंक द्वारा दी गयी ऋण सुविधाओं और पुनर्वित पर ब्याज की दरों के ब्यौरे क्रमशः सारणी 3.1 तथा 3.2 में दिये गये हैं । सहकारी विन्यास के विभिन्न स्तरों पर लगायी गयी ब्याज दरों की वर्तमान स्थिति सारणी 3.3 में दर्शायी गयी है ।

3.3 सहकारी समितियों ने जमाराशि जुटाने में और प्रगति की । जून, 1977 के अन्त में जहां राज्य सहकारी बैंकों और मध्यवर्ती सहकारी बैंकों की जमाराशियां क्रमशः 835 करोड़ रुपये तथा 1154 करोड़ रुपये थीं वहां प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के पास 142 करोड़ रुपयों की जमाराशियां थीं । जून, 1978 के अन्त तक उक्त जमाराशियां बढ़कर क्रमशः 1002 करोड़ रुपये, 1373 करोड़ रुपये तथा 165 करोड़ रुपये हो गयीं; इनकी वृद्धि दर 1976-77 के क्रमशः 15.3 प्रतिशत, 17.2 प्रतिशत तथा 25.7 प्रतिशत से बढ़कर 1977-88 में क्रमशः 20.0 प्रतिशत, 19.0 प्रतिशत तथा 16.2 प्रतिशत हो गयी । प्राथमिक कृषि ऋण समितियों में सदस्यों की संख्या 1975-76 के अन्त में स्थित 395 लाख से बढ़कर 1976-77 के अन्त में 448 लाख तथा 1977-78 के अन्त में और बढ़कर 610 लाख हो गयी । 1976-77 के दौरान प्राथमिक कृषि ऋण समितियों द्वारा दिये गये अल्पावधि तथा मध्यावधि ऋणों की राशि 1,211 करोड़ रुपये थी जबकि 1977-78 के दौरान उक्त राशि 1,257 करोड़ रुपये थी ।

3.4 वाणिज्य बैंकों के लिए निर्धारित दरों की तुलना में अपने विवेकानुसार जमाराशियों पर उच्चतर दरों (एक सीमा तक) पर ब्याज अदा करने की जो अनुमति सहकारी बैंकों को दी गयी थी, वह इस वर्ष भी जारी रही ।

ऋणों पर ब्याज दरें

3.5 रिजर्व बैंक द्वारा शिखर सहकारी बैंकों को (राज्य सहकारी बैंक) दी जाने वाली अल्पावधि ऋण सुविधाओं की ब्याज दरें 1977-78 के दौरान कम कर दी गयी थीं और उन्हें मध्यावधि ऋणों के मामले में और कम कर दिया गया । पहली जनवरी, 1979 से कृषि उद्देश्यों के लिए दिये जाने वाले मध्यावधि ऋण तथा परिवर्तन ऋणों की संशोधित दर बैंक दर से 3 प्रतिशत कम है जबकि पुरानी दर बैंक दर से 2½ प्रतिशत कम थी । जिन प्रयोजनों के लिए दिये जाने वाले अल्पावधि ऋण रिजर्व बैंक से पुनर्वित प्राप्त के पात्र थे उनमें कोई परिवर्तन नहीं किया गया और मध्यावधि प्रयोजनों के मामले में कुछ गौण परिवर्तन किये गये ।

सारणी 3.1 भारत में सहकारी ऋण आंदोलन की प्रगति

(राशि करोड़ रुपयों में)

संस्थाओं के प्रकार	सहकारी वर्ष		
	1975-76	1976-77	1977-78प
	1	2	3
(क) राज्य सहकारी बैंक			
(i) संख्या (वास्तविक)	126	26	26
(ii) स्वाधिकृत निधियां	159	184	213
(iii) जमाराशियां	724	835	1,002*
(iv) भारतीय रिजर्व बैंक से लिये गये उधार	247	375	468
(v) उनमें से अल्पावधि कृषि ऋण	147	229	289
(vi) कार्यकारी पूंजी	1,287	1,526	1,814
(vii) जारी किये गये ऋण	1,515	1,899	2,005
(viii) बकाया ऋण	894	1,089	1,321
(ख) मध्यवर्ती सहकारी बैंक			
(i) संख्या (वास्तविक)	344	344	338
(ii) स्वाधिकृत निधियां	360	423	484
(iii) जमाराशियां	985	1,154	1,373††
(iv) भारतीय रिजर्व बैंक/शिखर बैंकों से लिये गये उधार	513	699	767
(v) कार्यकारी पूंजी	2,048	2,514	2,774
(vi) जारी किये गये ऋण	1,722	1,988	2,130
(vii) बकाया ऋण	1,428	1,796	2,111
(ग) राज्य मध्यवर्ती/भूमि विकास बैंक			
(i) संख्या (वास्तविक)	19	19	19
(ii) स्वाधिकृत निधियां	154	164	208
(iii) बकाया डिबेंचर	1,384	1,591	1,559
(iv) कार्यकारी पूंजी	1,667	1,918	2,082
(v) जारी किये गये ऋण	205	249	239
(vi) बकाया ऋण	1,069	1,211	1,305

(स्रोत : कृषि ऋण विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक)

*मई 1979 तक 1,059 करोड़ रुपये ।

††मई 1979 तक 1,526 करोड़ रुपये, जिसमें 9 औद्योगिक सहकारी बैंक शामिल हैं ।

(ब) प्राथमिक कृषि ऋण समितियां			
(i) संख्या (हजारों में)	135	124	122
(ii) सदस्य (हजारों में)	39,521	44,832	61,003
(iii) स्वाधिकृत निधियां	437	499	554
(iv) जमाराशियां	113	142	165
(v) उधार	1,154	1,426	1,614
(vi) जारी किये गये ऋण	1,023	1,211	1,257
(vii) कृषि प्रयोजनों के लिए कुल ऋण	971	1,152	1,203
उनमें से मध्यावधि ऋण	90	136	149
(viii) बकाया ऋण	1,299	1,599	1,203

अ-अनंतिम

सारणी 3.2—1977-78 और 1978-79 के दौरान रिजर्व बैंक द्वारा सहकारी संस्थाओं, राज्य सरकारों और कृषिपुनर्वित्त और विकास निगम को दिया गया ऋण

(राशि करोड़ रुपयों में)

भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा	वित्त का प्रयोजन	1977-78†				1977-79†			
		मंजूर की गयी सीमाएं	निकाली गयी राशियां	चुकायी गयी राशियां	बकाया राशियां	मंजूर की गयी सीमाएं	निकाली गयी राशियां	चुकायी गयी राशियां	बकाया राशियां
		1	2	3	4	5	6	7	8
I. अल्पावधि जोड़		845	1228	1163	325	946	1218	1283	259
धारा 17(4) (ग) के साथ पठित 17 (2) (ख) / 17 (4) (ग)	(i) मौसमी कृषि कार्य (बैंक दर से 3 प्रतिशत कम दर पर)[1]	749	994	934	289	795	1066*	1121*	234*
धारा 17 (4) (ग) के साथ पठित 17 (2) (ख) या 17 (4) (ग)	(ii) कई और कपास को छोड़कर अन्य फसलों का विपणन (जून 1978 से बैंक दर पर)	1	—	—	—	3	—	—	—
17 (4) (ग)	(iii) कई और कपास का विपणन[2] (जून 1978 से बैंक दर पर)	14	1	1	—	66	4	4	—
धारा 17 (4) (ग) के साथ पठित 17 (2) (ख) या 17 (4) (ग)	(iv) उर्वरकों की खरीद और वितरण (जून 1978 से बैंक दर से 1 प्रतिशत अधिक दर पर)[3]	13	24	31	3	6	8	10	1
धारा 17 (4) (ग) के साथ पठित 17 (2) (ख) या 17 (4) (ग)	(v) हथकरघे से बनी वस्तुओं का उत्पादन और विपणन (मार्च 1978 से बैंक दर 2-1/2 प्रतिशत कम दर पर)[4]	44	167	159	24	51	126	134	16
17 (4) (ग) के साथ पठित 17 (2) (खख)	(vi) अन्य कुटीर और लघु उद्योगों का वित्तपोषण (मार्च 1978 से बैंक दर से 3 प्रतिशत कम दर पर)[4]	7	5	4	5	6	12	9	8

			1	2	3	4	5	6	7	8
17 (4ङ)	(vii)	कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम को ऋण (बैंक दर पर)	10	—	—	—	10	—	—	—
17 (4) (ग)	(viii)	सूत की खरीद और बिक्री (बैंक दर पर)[4]	2	1	1	—	3	1	1	—
17 (4) (ग)	(ix)	चीनी के बंधक पर (बैंक दर से 3 प्रतिशत अधिक दर पर)	8	36	34	3	6	1	4	—
II. मध्यावधि जोड़††			121 सं०	115	89	161	66	38	75	125
46क (2) (ख) के साथ पठित 17 (4कक)	(i)	कृषि प्रयोजनों के लिए (1 जनवरी 1979 से बैंक दर से 3 प्रतिशत कम दर पर)[3]	21	12	7	22	28	16	11	28
46ख (2) के साथ पठित 17 (4कक)	(ii)	अभाव ग्रस्त क्षेत्रों में अल्पावधि ऋणों को मध्यावधि ऋणों में परिवर्तित करना (जनवरी 1979 से बैंक दर से 3 प्रतिशत कम दर पर)[5]	98 सं०	103	81	138	37	22*	64*	97*
17 (4कक) जैसा कि धारा 46क (2) (ख) के अधीन निश्चय किया गया है	(iv)	सहकारी चीनी कारखानों/अभिसंस्करण समितियों के शेयरों की खरीद (बैंक दर पर)[6]	1	—	—	—	1	—	—	—
III. दीर्घावधि जोड़			86	86	29	328	94	94	38	385
धारा 46क (2) (क) जैसा कि धारा 46क (2) (क) के अधीन निश्चय किया गया है	(i)	सहकारी ऋण संस्थाओं की शेयर पूंजी में अंशदान के लिए राज्य सरकारों को दिये गये ऋण (वार्षिक 6 प्रतिशत की दर पर)[4]	21	21	8	111	19@	19@	10	121
धारा 46क (2) (ङ) के साथ पठित 17 (4कक)	(ii)	कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम को ऋण (वार्षिक 6 प्रतिशत की दर पर)	65	65	21	217	75	75	28	264
कुल ऋण (I+II+III)			1052 सं०	1429	1281	814	1106	1350	1396	769

1. फरवरी 1978 तक बैंक दर से 2 प्रतिशत कम दर पर; मध्यवर्ती सहकारी बैंकों द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार जमाराशियां जुटाने से रियायती दर पर पुनर्वित्त को संबद्ध करने की योजना के अनुसार 1-1/2 प्रतिशत की अतिरिक्त ब्याज वसूल करने की शर्त पर 1 मार्च 1978 से बैंक दर से 3 प्रतिशत कम दर पर।

2. रुई की एकाधिकार वसूली शामिल है।

3. स्तंभ 1–4 और स्तंभ 5–8 के संदर्भ में आंकड़े क्रमशः कैलेण्डर वर्ष 1977 और 1978 से संबंधित है।

4. आंकड़े वित्तीय वर्ष से संबंधित हैं।

5. इन ऋणों की पुनर्व्यवस्था और उनकी अवधियों का पुनर्निर्धारण शामिल है।

@जब तक अन्यथा उल्लेख न किया जाए, आंकड़े जुलाई-जून से संबंधित हैं।

@पिछले वर्षों की निकाली गई राशियां।

सं० संशोधित

* 31-5-1979 को विद्यमान स्थिति।

†† अल्पावधि और मध्यावधि ऋणों की विभिन्न मदों के जोड़ तथा समूह के जोड़ में पाये जाने वाले नाम मात्र के अंतर का कारण आंकड़ों को पूर्णांकित करना है।

— कुछ नहीं अथवा नगण्य

सारणी 3.3 सहकारी विन्यास के विभिन्न स्तरों पर ली जाने वाली वर्तमान ब्याज दरें

राज्य	शिखर बैंक		मध्यवर्ती सहकारी बैंक		प्राथमिक कृषि ऋण समितियां	
	अल्पावधि	मध्यावधि	अल्पावधि	मध्यावधि	अल्पावधि	मध्यावधि
	1	2	3	4	5	6
आन्ध्र प्रदेश	6.75	7.25	8.75	9.25	11.00	11.50
बिहार	6.75	अनु.	8.75	अनु.	11.25	अनु०
गुजरात	6.00से	6.50से	6.50से	8.00से	8.00से	9.50से
	6.50	7.00	11.00	12.75	13.50	15.00
हरियाणा	6.40	7.50	8.50	9.00	11.00	11.00
कर्नाटक	6.75	6.25	9.00	9.25	11.50	12.25
ल. कृ.				8.25		11.00
केरल	6.75	अनु.	8.50	अनु.	11.00	अनु.
मध्य प्रदेश	7.00	7.50	9.50	9.00से	12.50	11.00
ल. कृ.	6.50		8.00	13.00	10.00	10.00
महाराष्ट्र	6.25		8.00से		11.00से	
			10.00		13.00	
उड़ीसा	6.75	7.25	8.75	9.25	11.00	11.50
पंजाब	6 30	6.75	8.00	8.50	10.50	10.50
राजस्थान	7.55	7.00	9.75	8.50	12.00	10.50
ल. कृ.	6.50		8.50		10.50	
तमिलनाडु	6.66	7.50	8.75	10.00	12.00	12.50
ल. कृ.					10.50	
उत्तर प्रदेश	7.10		9.50		12.00	
ल. कृ.	6.25		8.50		11.00	
पश्चिम बंगाल	6.75		9.00		11.25से	
					11.50	
असम	10.50	10.50			13.00	13.00
गोवा, दमण और दीव	7.00				9.00	
हिमाचल प्रदेश	10.00	10.50			12.50	13.00
जम्मू और काश्मीर	6.75		8.50		11.00	
अंदमान और निकोबार	9.25	12.00			11.50	14.00
चंडीगढ़	11.00	11.00			12.50	12.50
मणिपुर	10.00	10.50			13.00	13.00
त्रिपुरा	10.00	11.00			13.00	14.00
नागालैंड	11.00	11.00			13.00	13.00
मेघालय	11.00	11.50			13.50	14.50
दिल्ली	9.50	10.00			11.50	12.00
ल. कृ.	9.00				11.00	
पांडिचेरी	8.50	9.00			11.00	11.00
ल. कृ.	8.00				10.00	

(स्रोत : कृषि ऋण विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक)

ल. कृ.—लघु कृषक

अनु.—अनुपलब्ध

3.6 रिजर्व बैंक ने सहकारी समितियों के ब्याज दर विन्यास से सम्बन्धित अध्ययन दल की सिफारिशों को स्वीकार किया तथा उन्हें कार्यान्वित किया । उक्त अध्ययन दल ने जून, 1978 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जैसा कि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में कहा गया था । अध्ययन दल ने अल्पावधि और मध्यावधि कृषि ऋण की ब्याज दरों के औचित्य तथा कृषि ऋण प्रदान करने वाली अन्य संस्थागत एजेंसियों द्वारा ली जाने वाली ब्याज दरों में समानता लाने के लिए कई सिफारिशें की हैं । इन सिफारिशों पर उचित खण्डों में विचार किया गया है । साथ ही पात्र संस्थाओं के लिए पुनर्वित्त सहायता में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा दी गयी रियायतों के परिणामस्वरूप सहकारी समितियों द्वारा वितरित दीर्घावधि ऋण की ब्याज दरों में भी कमी कर दी गयी है ।

कृषि ऋण

अ. अल्पावधि ऋण

(क) मौसमी कृषि कार्यों के लिए अल्पावधि ऋण]

3.7 मध्यवर्ती सहकारी बैंकों द्वारा रिजर्व बैंक से लिये जाने वाले ऋणों को जमा राशि जुटाने के प्रयासों से जोड़ने की योजना के अन्तर्गत मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को रियायती ब्याज दर की सुविधा केवल उस सीमा तक उपलब्ध होगी जहां तक वे जमाराशियों के लक्ष्य की पूर्ति करेंगे । यह योजना आलोच्य वर्ष के दौरान जारी रही । वर्ष 1977-78 के दौरान 36 मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को ब्याज की इस रियायती दर का पूरा लाभ उपलब्ध नहीं था जबकि 1976-77 तथा 1975-76 में ऐसे बैंकों की संख्या क्रमशः 29 और 32 थी । इस योजना के अन्तर्गत 1976-77 के अन्त में जहां 246 मध्यवर्ती सहकारी बैंक और 3 राज्य सहकारी बैंक आते थे वहां 1977-78 के अन्त में उक्त बैंकों की संख्या क्रमशः 290 और 6 थी ।

3.8 चालू वर्ष के लिए मध्यवर्ती सहकारी बैंकों द्वारा ऋण लेने से पहले खरीफ तथा रबी फसलों के लिए दिये गये अग्रिमों के निर्दिष्ट अंश की वसूली करने की शर्त द्वारा ऋण देने तथा वसूली के कार्यों में आवधिकता को सुनिश्चित करने के लिए पहले जारी किये गये अनुदेश इस वर्ष भी अमल में रहे । फिर भी, सहकारी बैंकों के ब्याज दर विन्यास से सम्बन्धित अध्ययन दल की सिफारिशों के अनुसार इन शर्तों में छूट दी गयी तथा राज्य सहकारी बैंकों को मध्यवर्ती सहकारी बैंक की ओर से रिजर्व बैंक द्वारा मंजूर की गयी अल्पावधि ऋण सीमा से (अप्रैल, 1979 से) ऋण लेने की अनुमति दी गयी । किन्तु शर्त यह थी कि वर्तमान खरीफ 'मांग'[1] का 40 प्रतिशत (पहले के अल्पावधि कृषि अग्रिमों की कुल 'मांग' के 40 प्रतिशत की शर्त के मुकाबले) या कुल 'मांग' (अतिदेय राशियों सहित) का 30 प्रतिशत वसूल किया जाना चाहिए तथा उसे 31 मार्च, 1979 के पहले शिखर बैंक में जमा किया जाना चाहिए । साथ ही, सहकारी वर्ष के समाप्त होने से पहले मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्होंने अल्पावधि ऋणों की कुल 'मांग' का न्यूनतम 40 प्रतिशत वसूल कर लिया है, अन्यथा आगामी सहकारी वर्ष में वे ऋण के पात्र नहीं होंगे । कुल मांग में पिछले वर्ष के 30 जून तक अल्पावधि ऋणों के अन्तर्गत विद्यमान अतिदेय राशियां तथा सम्बन्धित सहकारी वर्ष के लिए की गयी खरीफ और रबी अग्रिमों की 'मांग' शामिल होगी । हालांकि राज्य सहकारी बैंक अपने स्रोतों से ऐसे मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को ऋण देने के लिए स्वतन्त्र थे जो निर्धारित मौसमी अनुशासन का पालन नहीं करते, फिर भी रिजर्व बैंक ने राज्य सहकारी बैंकों को यह सूचित किया कि वह उनसे मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को अपने स्रोतों से वित्तीय सहायता प्रदान करने के मामले में भी उसी शर्त का पालन करने की अपेक्षा करता है ।

3.9 वर्ष 1977-78 के दौरान मौसमी कृषि कार्यों के वित्तपोषण के लिए रिजर्व बैंक द्वारा राज्य सहकारी बैंकों को मंजूर की गयी अल्पावधि ऋण सीमाओं में जहां 53 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई और वे बढ़कर 749 करोड़ रुपये हो गयी, वर्ष 1978-79 के दौरान 46 करोड़ रुपयों की और वृद्धि हुई तथा उक्त ऋण सीमायें 795 करोड़ रुपये हो गयीं । इस वृद्धि का कारण यह भी कहा जा सकता है कि सहकारिता आन्दोलन के विन्यासगत तथा परिचालनगत पहलुओं में और सुधार हुए ।

(ख) कमजोर वर्गों को वित्तीय सहायता

3.10 भारतीय रिजर्व बैंक मध्यवर्ती सहकारी बैंकों की ऋण नीतियों एवं प्रक्रियाओं को छोटे किसानों के अनुकूल बनाने की दिशा में सदा प्रयत्नशील रहा है । उदाहरण के तौर पर रिजर्व बैंक द्वारा मध्यवर्ती सहकारी बैंकों के लिए स्वीकृत ऋण सीमा के 70 प्रतिशत से अधिक राशि लेने की अनुमति किसी राज्य सहकारी बैंक को तब तक नहीं दी गयी जब तक उससे सम्बद्ध छोटे किसानों को दिये गये ऋण का अनुपात प्राथमिक समितियों को दिये गये कुल अल्पावधि ऋणों के निर्दिष्ट प्रतिशत (सामान्यतः 20 प्रतिशत) तक नहीं पहुंच गया हो । सहकारी बैंकों के ब्याज दर विन्यास से सम्बन्धित अध्ययन दल की सिफारिशों के अनुसार इस शर्त में संशोधन किया गया था ताकि यदि बैंक निर्धारित स्तर तक नहीं पहुंच पाये हों तो भी वे ऋण सीमा से राशि निकाल सकें । किन्तु शर्त यह होगी कि इस प्रकार के ऋण छोटे किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने तक ही सीमित रहेंगे । वर्ष 1977-78 के दौरान कुल 339 बैंकों में से 292 बैंकों ने छोटे किसानों को दिये जाने वाले ऋण के निर्धारित अंश से अधिक ऋण दिया जबकि 1976-77 में 334 बैंकों में से 260 बैंकों ने ऐसे ऋण दिये थे । कमजोर वर्गों के लिए बनायी गयी विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत आने वाले ऋणकर्ता सहकारी बैंकों से स्वीकृत कृषि तथा सम्बन्धित कार्यों के लिए मध्यावधि वित्त-पोषण सुविधा प्राप्त कर सकें—इस उद्देश्य से मध्यावधि वित्तपोषण के लिए अपेक्षित जमानत से सम्बन्धित वर्तमान मानदण्डों में रियायत की गयी । इसके परिणामस्वरूप सहकारी बैंकों को यह अनुमति दी गयी कि वे उस ऋण लेने वाले की व्यक्तिगत जमानत पर, जिसके पास देने के लिए प्रत्यक्ष जमानत न हो, कम खर्च वाले एक यूनिट की लागत तक दुधारू पशु, मुर्गी, भेड़ आदि खरीदने के लिए ऋण मंजूर कर सकते हैं ।

(ग) चयनात्मक ऋण नियंत्रण और फसलों के विपणन के लिए अल्पावधि ऋण

3.11 मूंगफली, सरसों/तोरिया, एरण्ड और अलसी के बीज तथा उनके तेल, वनस्पति, चीनी, गुड़, खाण्डसारी और रूई तथा कपास जैसी संवेदनशील वस्तुओं की जमानत पर दिये जाने वाले ऋण पर न्यूनतम मार्जिन तथा ब्याज दर के सम्बन्ध में रिजर्व बैंक के पहले के निदेश लागू थे ।

3.12 16 अगस्त, 1978 से चीनी के मूल्यों, आवाजाही और वितरण पर से नियंत्रण हटा दिया गया था । अतः 8 सितम्बर, 1978 को राज्य सहकारी बैंकों और मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को यह सूचित किया गया कि नियंत्रण हट जाने के बावजूद लेवी स्टाक और मुक्त बिक्री के स्टाकों—(क) बिक्री के लिए नहीं दिये गये और (ख) बिक्री के लिए दिये गये—के बीच अन्तर सम्भवतः काल्पनिक रूप से बना रहे तथा चीनी उत्पादकों को दिये गये ऐसे अग्रिमों के मामले में फरवरी 1977 के निदेश में निर्धारित मार्जिन रखे जाएं । तथापि बैंकों से यह कहा गया कि चीनी उद्योग को दिये जाने वाले ऋण का अनुचित विस्तार न होने दिया जाए तथा पहले मंजूर की गयी निधियों को जबरदस्ती वापस न लिया जाए । चीनी की पूर्ति सम्बन्धी सन्तोषजनक स्थिति तथा 1978-79 के उत्पादन के सन्दर्भ में बेहतर सम्भावनाओं को देखते हुए चीनी की जमानत पर दिये जाने वाले अग्रिमों के लिए राज्य सहकारी बैंकों/मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को 1 नवम्बर, 1978 को एक नया निदेश जारी किया गया । चीनी के लेवी स्टाकों तथा मुक्त बिक्री के स्टाकों के बीच के काल्पनिक अन्तर को समाप्त कर दिया गया और बैंकों से जमानत के रूप में लिये जाने वाले चीनी के स्टाकों का नियमित वाणिज्यिक सिद्धान्तों के आधार पर मूल्यांकन किया जाना था । अतः मुक्त बिक्री की चीनी पर (चीनी बनाने वाली सहकारी समितियों को) दिये गये अग्रिमों के लिए रखा जाने वाला 65 प्रतिशत का न्यूनतम मार्जिन समाप्त हो गया । इन पाटियों को चीनी पर दिये गये अग्रिमों के मामले में

[1] अतिदेयों को छोड़कर

संशोधित न्यूनतम मार्जिन 15 प्रतिशत था । फिर भी चीनी के उत्पादकों से भिन्न चीनी व्यापारियों के मामले में उक्त मार्जिन स्टॉकों और उनसे सम्बन्धित गोदाम रसीदों पर क्रमशः 65 प्रतिशत और 55 प्रतिशत ही रहा । चीनी के उत्पादकों से भिन्न दूसरी पार्टियों को चीनी की जमानत पर दिये गये ऋणों/अग्रिमों/नकदी ऋणों/ओवरड्राफटों पर लगाया गया न्यूनतम ब्याज 15 प्रतिशत ही था । फिर भी, चीनी के उत्पादकों को दिये गये ऋणों के मामले में कोई न्यूनतम दर निश्चित नहीं की गयी थी; ये अग्रिम वार्षिक 12 1/2 प्रतिशत की सामान्य न्यूनतम ब्याज दर पर दिये गये । कच्ची रूई और कपास पर सूती मिलों को राज्य सहकारी बैंकों और मध्यवर्ती सहकारी बैंकों द्वारा दिये गये अग्रिमों पर न्यूनतम मार्जिन तथा ब्याज दर की पहले की शर्तें ही लागू रहीं । फिर भी, 19 अप्रैल, 1979 से रूई के स्टाकों पर दिये गये अग्रिमों पर अपेक्षित न्यूनतम मार्जिन निम्न प्रकार है—चार महीनों की खपत के बराबर के स्टाकों पर दिये गये ऋण के लिए न्यूनतम मार्जिन 25 प्रतिशत तथा उससे अधिक के स्टाकों पर दिये गये ऋणों के लिए मार्जिन 45 प्रतिशत । राज्य सरकारों द्वारा पूर्णतः गारन्टीकृत अग्रिमों के मामले में 20 प्रतिशत का एक समान मार्जिन लागू किया गया । इससे पहले निर्धारित न्यूनतम मार्जिन 9 सप्ताहों की खपत के बराबर के स्टाकों पर दिये गये ऋणों पर 25 प्रतिशत तथा उससे अधिक के स्टाकों पर दिये गये ऋणों पर 45 प्रतिशत था । निर्माताओं से इतर पार्टियों को रूई और कपास पर दिये गये अग्रिमों के मामले में न्यूनतम मार्जिन (50 प्रतिशत) तथा न्यूनतम ब्याज दर (15 प्रतिशत) में कोई परिवर्तन नहीं हुआ ।

3.13 जनवरी, 1979 में शहरी सहकारी बैंकों को एक निदेश जारी किया गया जिसमें चयनात्मक ऋण नियंत्रण के अन्तर्गत आने वाली संवेदनशील वस्तुओं के क्रय-विक्रय से उत्पन्न मीयादी बिलों पर उनके द्वारा दिये जाने वाले अग्रिमों की स्थिति को स्पष्ट किया गया था । तदनुसार संवेदनशील वस्तुओं पर दिये गये अग्रिमों पर लागू होने वाली शर्तों के अधीन ऐसे ऋण मंजूर करने की अनुमति दी गयी । अलग-अलग ऋणकर्ताओं को मीयादी बिलों पर दिये जाने वाले अग्रिमों की उच्चतम सीमा 25 प्रतिशत के न्यूनतम मार्जिन के साथ एक लाख रुपये (जैसा कि पिछले वर्ष उल्लेखित वस्तुओं पर दिये गये ऋणों के मामले में रखी जाती है) रखी गयी । फिर भी, रूई और कपास की बिक्री से उत्पन्न होने वाले मीयादी बिलों पर दिये जाने वाले ऋणों को छोड़ दिया गया है । माल की आन्तरिक आवाजाही में सहायता करने के उद्देश्य से शहरी सहकारी बैंकों को यह अनुमति भी दी गयी कि वे चयनात्मक ऋण नियंत्रण के अधीन आने वाली वस्तुओं की आवाजाही के सन्दर्भ में मांग प्रलेखी बिलों की खरीद द्वारा ऋण सुविधाएं दें; किन्तु शर्त यह है कि उन्हें इस बात को सुनिश्चित कर लेना होगा कि इस सुविधा का प्रयोग माल की वास्तविक आवाजाही के लिए किया गया था तथा खरीदे हुए बिलों की वसूली तुरन्त कर ली गयी थी ।

3.14 फसलों के विपणन के लिए दी गयी ऋण सीमाओं में काफी वृद्धि हुई । वर्ष 1977-78 के 15 करोड़ रुपयों से बढ़कर वर्ष 1978-79 में उक्त सीमा 69 करोड़ रुपये हो गयी । 1977-78 में रूई और कपास के विपणन के लिए मंजूर की गयी ऋण सीमा 14 करोड़ रुपये थी । 1978-79 में उक्त सीमा बढ़कर 66 करोड़ रुपयों से अधिक हो गयी । इस वृद्धि का प्रमुख कारण यह था कि महाराष्ट्र सरकार की एकाधिकार रूई क्रय योजना को रिजर्व बैंक से पुनर्वित्त सुविधा (45 करोड़ रुपये) उपलब्ध थी ।

(घ) उर्वरकों का वितरण

3.15 चयनात्मक आधार पर उर्वरकों के वितरण को वित्तीय सहायता प्रदान करने के मामले में उन क्षेत्रों में जहां वाणिज्य बैंक सहायता प्रदान करने में असमर्थ हैं, रिजर्व बैंक ने राज्य सहकारी बैंकों के लिए अल्पावधि ऋण सीमाएं मंजूर की । कैलेण्डर वर्ष 1978 के दौरान रिजर्व बैंक द्वारा तीन राज्य सहकारी बैंकों के लिए मंजूर की गयी कुल ऋण सीमाएं 6 करोड़ रुपये थीं जबकि वर्ष 1977 के दौरान पांच राज्य सहकारी बैंकों के लिए 13 करोड़ रुपये की ऋण सीमायें मंजूर की गयी थीं ।

(ङ) मध्यावधि ऋण

3.16 कैलेण्डर वर्ष 1979 के दौरान रिजर्व बैंक ने कृषि उद्देश्यों तथा ऋण परिवर्तन के उद्देश्यों के लिए दिये गये मध्यावधि ऋणों के लिए पुनर्वित्त सुविधा प्रदान करने की पहले की नीति जारी रखी ।

3.17 अतिदेय राशियों को समाप्त करने के उद्देश्य से यह निश्चय किया गया है कि वर्ष 1979 में पुनर्वित्त सुविधा केवल उन्हीं बैंकों को प्राप्त होगी जिनकी कुल अतिदेय राशियां 1977-78 की कुल 'मांग' के 60 प्रतिशत से कम हैं तथा जिनके लिए 1978-79 के दौरान अल्पावधि ऋण सीमाएं अस्वीकार नहीं की गयी थीं । वर्ष 1978 तक ऐसे बैंक, जिनकी अतिदेय राशियां कुल मांग के 60 प्रतिशत तथा मध्यावधि अग्रिमों के मामले में 50 प्रतिशत से अधिक थीं, रिजर्व बैंक से पुनर्वित्त सुविधा पाने के पात्र नहीं थे । फिर भी लघु कृषक विकास एजेंसी तथा सीमान्त कृषक और कृषि श्रमिक एजेंसी के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र के बैंक पुनर्वित्त सुविधा पाने के पात्र थे यद्यपि मध्यावधि ऋणों के सन्दर्भ में उनकी अतिदेय राशियां 'मांग' के 50 प्रतिशत से अधिक हो गयी हों ।

3.18 दुधारू पशु, भेड़, मुर्गी, बैल और बैलगाड़ी आदि खरीदने के लिए दिये जाने वाले ऋणों के पुनर्वित्त के मामले में रिजर्व बैंक की नीति अगस्त, 1978 में संशोधित की गयी ताकि विशेष कार्यक्रमों के अन्तर्गत आने वाले तथा प्रमुख रूप से कमजोर वर्गों के ऋणकर्ताओं को लाभ पहुंचे । ये संशोधन कम लागत वाले यूनिट के आकार, दी गयी जमानत आदि पर निर्भर करेंगे तथा इनका छोटे से छोटा यूनिट भी मध्यावधि अग्रिम पा सकेगा ।

3.19 कैलेण्डर वर्ष 1978 के लिए रिजर्व बैंक द्वारा कृषि प्रयोजनों के लिए मंजूर किये गये 28 करोड़ रुपयों के मध्यावधि ऋणों में से 16 करोड़ रुपयों की राशि राज्य सहकारी बैंकों द्वारा निकाली गयी थी । 1977 के दौरान 21 करोड़ रुपयों के मध्यावधि ऋण मंजूर किये गये थे जिनमें से 12 करोड़ रुपयों की राशि निकाली गयी थी ।

परिवर्तन ऋण और शेयर पूंजीगत अभिदान के लिए ऋण

3.20 रिजर्व बैंक ने राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि में से मध्यावधि परिवर्तन ऋण सीमाएं मंजूर करना जारी रखा ताकि राज्य सहकारी बैंक/मध्यवर्ती सहकारी बैंक प्राकृतिक विपत्तियों से ग्रस्त क्षेत्रों के मामले में रिजर्व बैंक को अल्पावधि कृषि ऋण चुका सकें । वर्ष 1977-78 के 98 करोड़ रुपयों के मुकाबले वर्ष 1978-79 में (मई 1979 तक) 37 करोड़ रुपयों की ऋण सीमाएं मंजूर की गयी थीं । कृषि ऋण मण्डल की सिफारिश पर यह निश्चय किया गया है कि राज्य सरकारों को 1978-79 के रबी मौसम तथा उसके बाद जारी किये गये अल्पावधि उत्पादन ऋणों के सन्दर्भ में मंजूर किये गये परिवर्तन ऋणों के 15 प्रतिशत का अपना अंश वहन करना पड़ेगा । इस प्रकार, निधि से दी जाने वाली पुनर्वित्त सहायता ऐसे परिवर्तन ऋणों के केवल 60 प्रतिशत तक ही सीमित होगी । शेष की पूर्ति निम्न प्रकार होगी :

राज्य सरकार—15 प्रतिशत, राज्य सहकारी बैंक—10 प्रतिशत और मध्यवर्ती सहकारी बैंक—15 प्रतिशत

वर्ष 1978-79 के दौरान सहकारी ऋण संस्थाओं की शेयर पूंजी में अभिदान करने के लिए राज्य सरकारों को राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घ-कालीन प्रवर्तन) निधि में से 19 करोड़ रुपयों के ऋण मंजूर किये गये । ये ऋण पूर्ण रूप से ले लिये गये । तीन वर्षों से अधिक अवधि तक कार्यरत कृषक सेवा समितियों तथा कमजोर प्राथमिक भूमि विकास बैंकों के संदर्भ में ऐसे ऋण मंजूर करने से संबंधित शर्तों में वर्ष 1978-79 के लिए छूट दी गयी । कृषक सेवा समितियों के मामले में मंजूरी की यह शर्त थी कि उनकी अतिदेय राशि 1977-78 की मांग राशि के 50

प्रतिशत से अधिक न हो। जहां तक कमजोर प्राथमिक भूमि विकास बैंकों का संबंध है, लघु कृषक विकास एजेन्सी/अभिसूचित क्षेत्रों में प्राथमिक भूमि विकास बैंकों के संदर्भ में विद्यमान शर्तें पुनर्गठन कार्यक्रम के अंतर्गत लाये गये कमजोर प्राथमिक भूमि विकास बैंकों पर भी लागू कर दी गयीं।

ङ. दीर्घावधि ऋण

3.21 सामान्य और विशेष विकास डिबेंचर जारी करने के लिए एक समान नियमावली निर्धारित करने के लिए सितंबर 1975 में रिजर्व बैंक ने डिबेंचर के मानदंडों पर एक स्थायी समिति गठित की थी। उक्त स्थायी समिति ने अग्रिमों को विनियमित करने वाले मानदंडों में कुछ संशोधनों की सिफारिश की जो कि बाद में अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ द्वारा भी अनुमोदित की गयी। संशोधित मानदण्ड जनवरी 1979 में भूमि विकास बैंकों को सूचित किये गये हैं और यह आशा की जाती है कि शीघ्र ही उनके ऋण देने के कार्यों में वृद्धि होगी। इन मानदंडों द्वारा प्राथमिक भूमि विकास बैंकों/राज्य भूमि विकास बैंकों की शाखाएं विशेष विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत अपने छोटे/सीमान्त कृषकों की निवेश ऋण आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकेंगी तथा बायदा व्यय की पूरी राशि तक के लिए ऋण वितरित किये जायेंगे। उसी समय वे नये ऋणों की कुछ मात्रा के लिए भी पात्र होंगे। उक्त सुविधा पहले के मानदंडों के अधीन उपलब्ध नहीं थीं। फिर भी यह कहा जा सकता है कि प्राथमिक भूमि विकास बैंक/राज्य भूमि विकास बैंक की शाखा की पात्रता पिछले जून के अंत में उसके अपने वसूली कार्यों पर निर्भर करेगी; लेकिन इसके लिए संशोधित सीमा प्रणाली लागू होगी, जो कि पिछली प्रणाली से काफी अधिक लचीली है। संशोधित और पुराने मानदंड इस प्रकार हैं:

पुराने मानदंड		संशोधित मानदंड	
जून 1978 के अंत में प्राथमिक शाखा स्तर पर अतिदेय राशियों की सीमा	पिछले वर्ष जारी किये गये ऋणों के प्रतिशत या पिछले 3 वर्षों में जारी किये गये ऋणों के औसत—इनमें से जो भी अधिक हो—के रूप में पात्र ऋण कार्यक्रम	सहकारी वर्ष के अंत में पिछले तीन वर्षों की अतिदेय राशियों के औसत के आधार पर प्राथमिक शाखा स्तर की अतिदेय राशियों की सीमा या पिछले वर्ष की अतिदेय राशियां इनमें से जो भी कम हो—	पिछले वर्ष जारी किये गये ऋणों के प्रतिशत या पिछले वर्षों में जारी किये गये ऋणों के औसत—इनमें से जो भी अधिक हो—के रूप में पात्र ऋण कार्यक्रम
0–25	कोई प्रतिबंध नहीं	0–25	कोई प्रतिबंध नहीं
26–35	80	26–30	100
36–45	70	31–35	90
46–55	60	36–40	80
56–60	50	41–45	75
61–100	कुछ नहीं	46–50	70
		51–55	65
		56–100	कुछ नहीं

इसके साथ ही, संशोधित मानदंडों के अंतर्गत प्राथमिक भूमि विकास बैंक/राज्य भूमि विकास बैंक की शाखा की ऋण पात्रता निश्चित करने के लिए अतिदेय राशियों का अंत सहकारी वर्ष के अंत में पिछले तीन वर्षों की अतिदेय राशियों के औसत या पिछले वर्ष की अतिदेय राशियों पर—इनमें से जो भी कम हो—आधारित होगा। संशोधित मानदंडों के अनुसार भूमि विकास बैंक चाहे उनकी पात्रता कुछ भी क्यों न हो, अपने द्वारा स्वीकृत प्यारे व्यय की पूर्ति करेंगे बशर्ते कि वे निर्धारित शर्तों का अनुपालन करें।

प्राथमिक भूमि विकास बैंकों/राज्य भूमि विकास बैंकों की शाखाओं द्वारा जारी किये गये

दीर्घावधि ऋण—ब्याज दर

3.22 जुलाई 1978 में भूमि विकास बैंकों को यह सूचित किया गया है कि वे साधारण ऋणों पर निम्न प्रकार ब्याज की दर लगायें (क) लघु सिंचाई तथा भूमि विकास उद्देश्यों के लिए दिये गये अग्रिमों पर अंतिम ऋणकर्ता से वार्षिक 10.5 प्रतिशत से अनधिक (ख) अन्य उद्देश्यों के लिये दिये गये अग्रिमों पर 11 प्रतिशत से अनधिक। साथ ही, कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा दी गयी पुनर्वित्त सहायता पर ब्याज की दर में एक प्रतिशत की कटौती होने के कारण भूमि विकास बैंकों को यह सूचित किया गया कि वे लघु सिंचाई तथा भूमि विकास के लिए अंतिम ऋणकर्ताओं से 9.5 प्रतिशत की दर पर 15 मार्च 1979 से ब्याज वसूल करें। अन्य प्रयोजनों के लिए उक्त दर छोटे किसानों के लिए 9.5 प्रतिशत तथा दूसरों के लिए 10.5 प्रतिशत है।

भूमि विकास बैंक—सामान्य डिबेंचर कार्यक्रम

3.23 1978-79 के वित्तीय वर्ष के लिए राज्य भूमि विकास बैंकों के ऋण कार्यक्रम की राशि 419 करोड़ रुपये निर्धारित की गयी (1977-78 में यह राशि 328 करोड़ रुपये थी) जिसमें कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की पुनर्वित्त योजनाओं के लिए 271 करोड़ रुपये तथा साधारण ऋण कार्यक्रमों के लिए 148 करोड़ रुपये शामिल हैं। यह उम्मीद है कि वर्ष 1978-79 के साधारण ऋण कार्यक्रमों के लिए निर्धारित 148 करोड़ रुपयों में से 23 करोड़ रुपये उनके आंतरिक स्रोतों से तथा शेष 125 करोड़ रुपये सामान्य डिबेंचर जारी करके जुटाये जायेंगे। उपरोक्त कार्यक्रमों के परिप्रेक्ष्य में 31 मार्च 1979 तक 93 करोड़ रुपयों की कुल राशि के सामान्य डिबेंचर जारी करने के प्रस्तावों को रिजर्व बैंक ने मंजूर किया था; यह राशि कार्यक्रम के कुल 125 करोड़ रुपयों का 74.3 प्रतिशत थी।

3.24 वित्तीय वर्ष 1979-80 के लिए राज्य भूमि विकास बैंकों के ऋण कार्यक्रम के लिए अस्थायी रूप से कुल 434 करोड़ रुपयों की राशि निर्धारित की गयी है। यह प्रस्ताव है कि 136 करोड़ रुपयों के परिकल्पित सामान्य ऋण कार्यक्रम के लिए उक्त बैंक अपने आंतरिक स्रोतों से 11 करोड़ रुपयों की वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे तथा 125 करोड़ रुपये सामान्य डिबेंचर जारी कर जुटाये जायेंगे। आशा है कि इस सामान्य डिबेंचर कार्यक्रम में निम्नलिखित एजेंसियों का सहयोग प्राप्त होगा:

	(करोड़ रुपये)
(i) केन्द्रीय सरकार तथा राज्य सरकारें	16
(ii) जमा बीमा निगम	38
(iii) वाणिज्य बैंक (भारतीय बैंक संघ के माध्यम से)	10
(iv) भारतीय स्टेट बैंक समूह	7
(v) पारस्परिक सहयोग और निधी सहायता	54
	125

ग्रामीण डिबेंचर जारी करना

3.25 वित्तीय वर्ष 1978-79 के दौरान डिबेंचरों की ब्याज दर को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर दिया गया; ऐसे डिबेंचर जारी करने से संबंधित अन्य शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया। किन्तु उक्त योजना के अधीन किसी भी बैंक ने ग्रामीण डिबेंचर जारी नहीं किये।

कृष्येतर ऋण

औद्योगिक वित्त

सहकारी चीनी कारखानों की कार्यकारी पूंजीगत वित्त

3.26 1977-78 के दौरान रिजर्व बैंक ने सहकारी चीनी मिलों की कार्यकारी पूंजीगत आवश्यकताओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के निमित्त कुल 8 करोड़ रुपयों की अल्पावधि ऋण सीमाएं मंजूर की थीं। वर्ष 1978-79 में मई 1979 तक 6 करोड़ रुपयों की ऋण सीमा मंजूर की गयी।

बुनकर समितियों के लिए वित्त

3.27 वित्तीय वर्ष 1979-80 के लिए ऋण सीमा संबंधी आवेदन पत्रों में दी गयी समेकित जानकारी और आलोच्य वर्ष के ऋण कार्यक्रमों की संभाव्यता के आधार पर बुनकर समितियों के वित्तपोषक के लिए रिजर्व बैंक द्वारा मध्यवर्ती सहकारी बैंकों की ओर से राज्य सहकारी बैंकों को ऋण सीमाएँ मंजूर की गयी। यह सुविधा उचित पर्यवेक्षण व्यवस्थाओं वाले मध्यवर्ती सहकारी बैंकों और सक्षम प्राथमिक समितियों तक ही सीमित रही। इस प्रकार, मध्यवर्ती सहकारी बैंकों के प्रति 60 प्रतिशत से अधिक अतिदेय राशियुक्त समितियां, लेखा परीक्षा के अंतर्गत श्रेणी 'घ' में रखी गयी समितियां या ऐसी समितियां जिनकी तीन साल से अधिक समय से लेखा परीक्षा नहीं हुई है और ऐसी समितियां जिनके खाते मध्यवर्ती सहकारी बैंक के पास निष्क्रिय पड़े रहे हैं, उक्त ऋण सीमाओं की पात्र नहीं थीं।

3.28 वर्ष 1977-78 के दौरान हथकरघा वस्तुओं के उत्पादन और विपणन के लिए रिजर्व बैंक द्वारा मंजूर की गयी 44 करोड़ रुपयों की ऋण सीमा के मुकाबले 1978-79 के दौरान 51 करोड़ रुपयों की उच्चतर सीमा मंजूर की गयी। 31 मार्च 1979 को अग्रिमों की बकाया राशि 16 करोड़ रुपये थी जबकि 31 मार्च 1978 को वह 24 करोड़ रुपये थी।

अन्य कुटीर और लघु उद्योगों का वित्तपोषण

3.29 वर्ष 1978-79 के लिए 31 मध्यवर्ती सहकारी बैंकों और 33 प्राथमिक शहरी सहकारी बैंकों की ओर से 8 राज्य सहकारी बैंकों को 6 करोड़ रुपयों की ऋण सीमाएँ मंजूर की गयीं जबकि 1977-78 के दौरान 7 करोड़ रुपयों की ऋण सीमाएँ मंजूर की गयीं थीं।

स्वर्ण बुलियन, सोने और चांदी के आभूषणों की जमानत पर सहकारी बैंकों द्वारा अग्रिम

3.30 रिजर्व बैंक द्वारा की गयी स्वर्ण नीलामियों के परिप्रेक्ष्य में सोने के आभूषणों पर सहकारी बैंकों द्वारा अग्रिम देने की नीति का और अध्ययन किया गया। 22 जुलाई 1978 को सहकारी समितियों के पंजीयकों से यह कहा गया कि वे मध्यवर्ती और प्राथमिक शहरी सहकारी बैंकों को उचित अनुदेश जारी करें जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि स्वर्ण बुलियन पर कोई अग्रिम प्रदान नहीं किये गये हैं तथा स्वर्ण बुलियन पर दिये गये बकाया अग्रिमों, यदि कोई हों, को यथाशीघ्र, किन्तु 30 सितम्बर 1978 के पहले वसूल कर लिया जाएगा। सोने के आभूषणों पर दिये गये अग्रिमों के मामले में बैंकों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि ऐसे अग्रिम सट्टेबाजी के प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त नहीं किये जाते।

सहकारी संगठन को मजबूत बनाना

प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का पुनर्गठन

3.31 सहकारी ऋण के विस्तार के लिए पूर्व अपेक्षा के रूप में ऋण वितरण के आधार स्तर पर मजबूत और सक्षम संस्थाओं की आवश्यकता को काफ़ी अच्छी तरह समझ लिया गया है। समितियों के समामेलन की क्रियाविधि को व्यवस्थित बनाने के फलस्वरूप और साथ ही भारत सरकार तथा रिजर्व बैंक द्वारा राज्य सरकारों से प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के पुनर्गठन के कार्य को तेज करने के लिए अनुरोध किये जाने के परिणामस्वरूप कई राज्यों में कार्यक्षमता के आधार पर समितियों के पुनर्गठन की दिशा में काफी प्रगति हुई है।

3.32 आशा है कि देश में समितियों की कुल संख्या 1976-77 के अंत में 1,24,000 से घटकर पुनर्गठन का कार्य पूरा होने पर 90,000 हो जाएगी। आंध्र प्रदेश, असम, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उड़ीसा, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को कार्यक्षम बनाने के लिए उनका पुनर्गठन कार्य लगभग पूरा हो गया है। अन्य राज्यों में पुनर्गठन की दिशा में प्रयास जारी हैं। किन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि अभी भी कुछ राज्य पहले ही सहमत पद्धति पर कार्यक्रम को पूरा करने की दिशा में केवल विचार कर रहे हैं।

मध्यवर्ती सहकारी बैंकों/राज्य सहकारी बैंकों की पुनर्व्यवस्था

3.33 इस वर्ष कुछ मध्यवर्ती सहकारी बैंकों और राज्य सहकारी बैंकों की पुनर्व्यवस्था करने के प्रयास जारी रहे। पुनर्व्यवस्था के अंतर्गत आनेवाले 180 मध्यवर्ती सहकारी बैंकों में से 146 बैंकों को केन्द्रीय क्षेत्र योजना कार्यक्रम के अधीन लाया गया। भारत सरकार ने अशोध्य ऋणों को बट्टे खाते डालने के लिए अपने अंश के रूप में 842 लाख रुपये मंजूर किये और 775 लाख रुपये जारी किये। यद्यपि इन बैंकों में से अधिकांश बैंकों की वित्तीय स्थिति में सुधार पाया गया है तथापि कुछ और समय के लिए उन पर निगरानी रखी जाएगी। सहकारिता के दो स्तरों के वित्यास वाले राज्यों में पांच राज्य सहकारी बैंकों को पुनर्व्यवस्था के अधीन रखा गया। 30 जून 1977 को 54 प्राथमिक शहरी सहकारी बैंकों को उनकी वित्तीय स्थिति के आधार पर पुनर्व्यवस्था कार्यक्रम के अंतर्गत लाया गया।

सहकारी ऋण संस्थाओं का समेकन

3.34 तीन राज्य सरकारों अर्थात् पंजाब, मध्य प्रदेश और राजस्थान ने सहकारी ऋण वित्यास के दो पक्षों (अल्पावधि/मध्यावधि और दीर्घावधि) के समेकन के लिए स्वयं कार्यवाई प्रारंभ कर दी है। पंजाब और राजस्थान राज्यों का जिला स्तरीय संस्थाओं अर्थात् अल्पावधि ऋण के पक्ष में मध्यवर्ती सहकारी बैंकों और दीर्घावधि ऋण के पक्ष में प्राथमिक भूमि विकास बैंकों को समाप्त करने का प्रस्ताव है और प्राथमिक स्तर पर प्राथमिक कृषि ऋण समितियों और जिला स्तर पर राज्य सहकारी विकास बैंकों की शाखाओं सहित शिखर स्तर पर राज्य सहकारी विकास बैंकों के पुनर्गठन के साथ एक द्वि-स्तरीय वित्यास स्थापित करने की इन राज्यों की परिकल्पना है। पंजाब के मामले में कृषि ऋण मंडल का यह विचार था कि इस विषय पर विचार करने से पहले अतिरिक्त विवरण प्राप्त करना जरूरी है और राजस्थान के मामले में प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया जा रहा था। मध्य प्रदेश के मामले में योजना में द्विस्तरीय वित्यास के विभिन्न स्तरों पर दो स्तरों के मात्र समेकन की परिकल्पना की गयी है। उक्त मंडल ने इस प्रस्ताव का सामान्यतः समर्थन नहीं किया है। उसने यह राय दी है कि राज्य सरकार को इस मामले में बहुत सावधानी पूर्वक आगे बढ़ना चाहिए। किन्तु यदि राज्य सरकार उक्त समेकन प्रस्ताव को कार्यान्वित करने के लिए बहुत उत्सुक है तो उसे यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि ऋण की उपलब्धता में बाधा नहीं आती और उसे कुछ निर्दिष्ट शर्तों का पालन करना होगा जिसमें वित्तीय और प्रशासनिक बायदे शामिल हैं।

कृषि ऋण सघन विकास

3.35 कृषि ऋण सघन विकास कार्यक्रम को 41 जिलों में कार्यान्वित किया जा रहा था। उसकी प्रगति जारी रही। आलोच्य वर्ष के दौरान नौ और जिलों में ऋण योजनाएं और कार्रवाई संबंधी कार्यक्रम तैयार करने के उद्देश्य से क्षेत्र अध्ययन पूरे किये गये; इससे जिन जिलों में ऐसे अध्ययन चलाये गये उनकी संख्या बढ़कर कृषि ऋण सघन विकास योजना के अंतर्गत चुने हुए 41 जिलों में से 32 जिले हो गयी। इसके अलावा सात जिलों के लिए ऋण और कार्रवाई संबंधी कार्यक्रम निर्धारित किये गये; इससे जिन जिलों में ऐसे कार्यक्रम निर्धारित करने का कार्यक्रम पूरा किया गया था उनकी संख्या बढ़कर 25 हो गयी।

3.36 कृषि ऋण सघन विकास योजना की प्रमुख उपलब्धियों में से एक थी विकास योजनाएं बनाने तथा उनके कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न एजेंसियों और जिले में कार्यरत ऋण संस्थाओं के बीच क्रियाशील समन्वय लाना। उक्त योजना के अंतर्गत कुछ जिलों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के पुनर्गठन, नये सदस्य बनाने और कृषि तथा संबंधित

कार्यों के वित्तपोषण के लिए ऋण उपलब्ध कराने जैसे क्षेत्रों में अच्छी प्रगति हुई। पहली अप्रैल 1977 से 31 मार्च 1978 तक छः और जिलों में पुनर्गठन से संबंधित कार्य पूरा किया गया; इस प्रकार जिन जिलों में पुनर्गठन-कार्य पूरा किया गया उनकी संख्या बढ़कर 24 हो गयी। प्राथमिक कृषि ऋण समितियों में विशेष रूप से कई लघु और सीमांत कृषक सदस्य हुए। चुने गये 41 जिलों में से 37 जिलों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों की कुल सदस्य संख्या में लगभग 7 लाख की वृद्धि हुई। पर्याप्त मात्रा में समय पर वित्तीय सहायता प्रदान करने और ऋण के बेहतर उपयोग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्यवर्ती सहकारी बैंकों के स्तर पर ऋण की प्राप्ति को प्रभावित करने वाली ऋण नीतियों और क्रियाविधियों में सुधार किया गया। अधिकाधिक ऋण प्रदान करने का लाभ अन्यों की तुलना में लघु और सीमांत कृषकों को अधिक पहुँचा है।

3.37 कृषि ऋण सघन विकास योजना के प्रारंभ से अब तक की गतिविधियों में से कुछ गतिविधियों के कारण योजना के पुनरीक्षण की आवश्यकता है। अग्रणी बैंकों से यह कहा गया है कि दिसम्बर 1979 तक वे अपनी वर्तमान ऋण योजनाओं को समाप्त कर दें और जनवरी 1980 से दिसम्बर 1982 तक की अवधि के लिए अपने अग्रणी जिलों के निमित्त नयी जिला ऋण योजनाएं और हर वर्ष दिसम्बर में वार्षिक कार्यवाई योजना बनाये। जिला ऋण योजना जिले के लिए एक व्यापक ऋण योजना होगी और उसमें बैंकों द्वारा उत्पादन के वित्तपोषण और निवेशों के लिए तकनीकी रूप से सक्षम और आर्थिक संभाव्यतायुक्त योजनाओं के क्षेत्रवार, खंडवार, योजनावार तथा संस्थावार कुल ऋण परिव्यय की राशियां दर्शायी जाएंगी। अन्य वित्तीय संस्थाओं में से सहकारी संस्थायें भी योजनायें बनाने और उन्हें कार्यान्वित करने में सहयोग देनेवाली एजेंसियां हैं। इन गतिविधियों के परिप्रेक्ष्य में यह निश्चय किया गया है कि कृषि ऋण सघन विकास कार्यक्रम को 1980 के बाद जिला ऋण योजना से कारगर ढंग से संबद्ध कर दिया जाए।

दूसरी गतिविधियां

ऋण प्राधिकरण योजना

3.38 सहकारी ब्याज दर विन्यास से संबंधित अध्ययन दल द्वारा की गयी सिफ़ारिशों के अनुसरण में प्राथमिक समितियों को दिये गये अग्रिमों के संदर्भ में कुछ संशोधनों की घोषणा की गयी। निर्माण/अभिसंस्करण समितियों तथा उभोक्ता समितियों को दिये जाने वाले निम्नलिखित अग्रिमों के मामले में रिज़र्व बैंक से पूर्व प्राधिकरण की अपेक्षा करने वाले योजना के उपबंध 1978-79 के दौरान जारी रहे:

(1) नयी चीनी मिलों के मामले में थोक पूंजीगत आवश्यकताओं के लिए अग्रिम प्रदान करने के सभी मामले;

(2) निर्माण/अभिसंस्करण यूनिटों के मामले में 25 लाख रुपयों से अधिक थोक पूंजीगत आवश्यकताओं का वित्त पोषण;

(3) सहकारी विपणन/अभिसंस्करण समितियों और उपभोक्ता भंडारों/समितियों को सहकारी बैंकों के मामले में 2 करोड़ रुपये और मध्यवर्ती सहकारी बैंकों के मामले में 1 करोड़ रुपये से अधिक कार्यकारी पूंजी प्रदान करना।

साथ ही, राज्य सहकारी बैंकों/मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को रिज़र्व बैंक से पूर्व प्राधिकरण प्राप्त किये बिना सहकारी विपणन एवं अभिसंस्करण समितियों को कार्यकारी पूंजीगत आवश्यकताओं के लिए उच्चतर निर्बंध ऋण सीमाएं मंजूर करने की भी अनुमति दी गयी। संशोधित सीमा 10 लाख रुपये या संबंधित समिति की स्वाधिकृत निधियां, इनमें से जो भी कम हो, है, जबकि पहले यह सीमा 5 लाख रुपये थी। जून 1979 में समाप्त वर्ष के दौरान रिज़र्व बैंक द्वारा थोक पूंजीगत आवश्यकताओं के लिए 11 करोड़ रुपयों और कार्यकारी पूंजीगत आवश्यकताओं के लिए 585 करोड़ रुपयों का प्राधिकरण दिया गया। उक्त पूंजी से संबंधित प्रस्तावों की संख्या क्रमशः 26 और 148 थी।

3.39 16 अगस्त 1978 से चीनी पर से नियंत्रण हटा लिये जाने के बाद और स्टाकों के काफ़ी अधिक जमा हो जाने से चीनी के मूल्यों में आयी गिरावट के फलस्वरूप सहकारी चीनी मिलों की चलनिधि संबंधी स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ा और इससे वे अपने द्वारा लिये गये बंधक ऋणों के संदर्भ में निर्धारित मार्जिन को बनाये रखने में असमर्थ रहीं। मार्जिन के घाटे को पूरा करने के लिए सहकारी चीनी मिलों को कार्यकारी पूंजीगत मीयादी ऋण मंजूर करने के निमित्त रिज़र्व बैंक के पूर्व प्राधिकरण के संबंध में जनवरी 1979 में राज्य सहकारी बैंकों और मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को सूचित किया गया था। उक्त प्रयोजन के लिए 3 राज्य सहकारी बैंकों और 11 मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को 48 सहकारी चीनी मिलों के लिए 21 करोड़ रुपयों के कार्यकारी पूंजीगत मीयादी ऋण प्रदान करने का प्राधिकरण दिया गया।

वाणिज्य बैंकों द्वारा समितियों का वित्तपोषण

3.40 वाणिज्य बैंकों द्वारा प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के वित्तपोषण की योजना जून 1970 में शुरू की गयी थी। 31 दिसम्बर 1978 को 12 राज्यों में उक्त योजना अमल में थी जहां 24 वाणिज्य बैंकों की 623 शाखाओं ने 122 जिलों की 2,894 समितियों को अपने हाथ में लिया। प्रति शाखा समितियों की औसत संख्या लगभग 5 थी जबकि कार्यगत संभाव्यता और क्षमता के लिए दस समितियों का मानदंड निर्धारित था। 1977–78 के दौरान वाणिज्य बैंकों ने कुल 22 करोड़ रुपयों के अल्पावधि कृषि ऋण प्रदान कर 2,170 समितियों का वित्तपोषण किया। इसके अलावा 556 समितियों को 3 करोड़ रुपयों के मध्यावधि ऋण भी आबंटित किये गये जबकि 1976–77 में 646 समितियों को 3 करोड़ रुपये दिये गये थे। 31 दिसम्बर, 1978 को प्रति समिति औसत ऋण कारोबार की राशि सक्षमता के औसत मानदंड तक पहुंच गयी थी जो कि एक समिति के लिए 2 लाख रुपये परिकल्पित थी। 31 दिसम्बर, 1978 का कुल बकाया (अल्पावधि और मध्यावधि) ऋणों की राशि 47 करोड़ रुपये थी, इसमें से 29 करोड़ रुपयों की राशि (62 प्रतिशत) अतिदेय थी। वाणिज्य बैंकों द्वारा प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को दिये गये ऋणों के 65 प्रतिशत अंश की 1977–78 में वसूली की गयी जबकि 1976–77 में 44 प्रतिशत राशि वसूल की गयी थी। योजना के प्रारम्भ से दिसम्बर 1978 तक वाणिज्य बैंकों द्वारा भी गयी समितियों में 405 हजार नये सदस्य शामिल किये गये। ऋण लेने वाले सदस्यों की संख्या 31 दिसम्बर, 1977 के 432 हजार से बढ़कर 549 हजार हो गयी और 31 दिसम्बर 1978 को कुल सदस्य संख्या में उनका अंश 37 प्रतिशत था।

3.41 ऊपर उल्लिखित योजना की धीमी प्रगति को देखते हुए रिज़र्व बैंक ने योजना की समीक्षा के लिए एक दल गठित किया है जो उसकी प्रगति में बाधक तत्वों का पता लगाएगा और उन्हें दूर करने के उपाय सुझाएगा।

दंडस्वरूप ब्याज दर

3.42 धारा 17 (4) (ग) के साथ पठित धारा 17 (2) (ख) के अधीन (1 मार्च 1978 से) अग्रिमों पर दिये जाने वाले पुनर्वित्त की दर में 1 प्रतिशत की कमी किये जाने के फलस्वरूप रिज़र्व बैंक ने नियत तारीखों पर ऋण/ऋण की किस्तों की चुकौती करने में चूक करने वाले राज्य सहकारी बैंकों से वसूल की जाने वाली दंडस्वरूप ब्याज दर का पुनरीक्षण किया। इस प्रकार 11 जुलाई 1978 से ऋण की समग्र अवधि के लिए इन बैंकों से बैंक दर पर ब्याज वसूल किया जाता है जबकि पहले चूक की अवधि के लिए, सामान्य ब्याज दर से 1 प्रतिशत अधिक ब्याज वसूल किया जाता था।

जमाराशियों पर दिये जाने वाले अग्रिमों से संबंधित ब्याज दर

3.43 फरवरी 1979 में रिज़र्व बैंक ने सभी राज्य, मध्यवर्ती और प्राथमिक सहकारी बैंकों को यह सूचित किया गया कि जब किसी

जमा रकम को समय से पहले निकालने पर जमाकर्ता का देय ब्याज में कमी की जाती है तब उन पर दिये जाने वाले अग्रिमों के संबंध में लिये जाने वाले ब्याज को इस प्रकार तय किया जाना चाहिए कि उन दोनों ब्याज दरों के बीच 2 प्रतिशत का अंतर बना रहे।

बैंककारी विनियमन और निरीक्षण

3.44 30 जून, 1978 को लाइसेंस प्राप्त सहकारी बैंकों की कुल संख्या 130 थी और 31 मार्च 1979 को वह बढ़कर 148 हो गयी। 18 बैंकों की यह वृद्धि केवल प्राथमिक शहरी सहकारी बैंकों (109 में से 127) के संदर्भ में हुई, राज्य सहकारी बैंकों और मध्यवर्ती सहकारी बैंकों की संख्या क्रमशः 7 और 14 ही बनी रही।

3.45 सहकारी बैंकों के कार्यालयों की जो संख्या 31 दिसम्बर, 1977 को 8309 थी वह 31 दिसम्बर, 1978 को बढ़कर 8894 हो गयी। इसमें राज्य सहकारी बैंकों के 363, मध्यवर्ती सहकारी बैंकों के 6,659 प्राथमिक शहरी सहकारी बैंकों के 1,675 और प्राथमिक (वेतन भोगी) सहकारी बैंकों के 197 कार्यालय शामिल हैं। वर्ष 1978-79 के दौरान राज्य सहकारी बैंकों और प्राथमिक सहकारी बैंकों को नये कार्यालय खोलने के लिए 98 लाइसेंस जारी किये गये जबकि 1977-78 में 131 लाइसेंस जारी किये गये थे।

3.46 30 जून, 1979 को बैंक कार्य विनियमन अधिनियम 1949 के अंतर्गत आनेवाले 1,568 सहकारी बैंक थे जिनमें 29 राज्य, 347 मध्यवर्ती और 1,192 प्राथमिक सहकारी बैंक शामिल है जबकि 30 जून 1978 को सहकारी बैंकों की संख्या 1,568 थी।

3.47 6 जून, 1978 की अधिसूचना के अनुसार रिजर्व बैंक ने सभी अनुसूचित राज्य सहकारी बैंकों को 24 जून 1978 से और दो वर्षों की अवधि के लिए भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 की उप धारा (1) के उपबंधों से उस सीमा तक छूट दी है जहां तक उक्त उपबंधों के अनुसार अनुसूचित बैंकों से उनकी अपनी कुल मांग और मीयादी देयताओं के 3 प्रतिशत से अधिक राशि भारतीय रिजर्व बैंक के पास औसत दैनिक शेष के रूप में बनाये रखना अपेक्षित है।

3.48 इस वर्ष के दौरान भी रिजर्व बैंक सहकारी बैंकों का निरीक्षण करता रहा और निरीक्षणों के दौरान पायी गयी महत्वपूर्ण त्रुटियों से उन्हें अवगत कराता रहा। आलोच्य वर्ष के दौरान जिन बैंकों का निरीक्षण किया गया उनमें 413 प्राथमिक सहकारी बैंक, 136 मध्यवर्ती सहकारी बैंक, 11 राज्य सहकारी बैंक और 8 दूसरी संस्थाएं थी।

3.49 मध्यवर्ती सहकारी बैंकों और शहरी सहकारी बैंकों द्वारा दिये जाने वाले अग्रिमों से संबंधित मार्गदर्शी सिद्धांतों की एक संशोधित नियम पुस्तक 'मेन्युअल आंन एडवांसेस बाय को-आपरेटिव बैंक्स' मार्च 1978 में जारी की गयी।

अध्ययन दल

जम्मू और कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश

3.50 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में और जम्मू और कश्मीर के लिए कृषि ऋण संस्थाओं से संबंधित अध्ययन दल की जिस रिपोर्ट का उल्लेख किया गया था उसे अन्तिम रूप दिया गया है और हिमाचल प्रदेश से संबंधित अध्ययन दल की रिपोर्ट का कार्य समाप्ति के चरण में है।

हथकरघा वित्त पर अध्ययन दल

(भारत सरकार द्वारा नियुक्त)

3.51 इस दल ने जून 1978 में अपनी रिपोर्ट पेश की थी। उसकी कतिपय महत्वपूर्ण सिफारिशें नीचे दी जाती है :—

(1) विपणन और उत्पादन के कार्यों के लिए ऋण सीमाएं मंजूर करते समय रिजर्व बैंक शिखर बुनकर समितियों की निर्यात संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखे।

(2) यदि भारी बकाया राशियों के कारण कृषि उत्पादन के लिए अल्पावधि ऋण सीमाएं स्वीकार करने से इन्कार किया जाता है तो भी बुनकर समितियों के उत्पादन और विपणन कार्यों के वित्तपोषण के लिए मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को ऋण मंजूर किए जा सकते हैं।

(3) रिजर्व बैंक सहकारी कताई मिलों की ओर से हथकरघा बुनकर समितियों के लिए धारा 17(4)(ग) के साथ पठित धारा 17(2)(खख) के अधीन ऋण व्यवस्था कर सकता है।

(4) केन्द्रीय/राज्य सरकारों की सहायता की शर्त पर रिजर्व बैंक बुनकर और हथकरघा बुनकर समितियों को सहकारी कताई मिलों के शेयर प्राप्त करने के लिए रिजर्व बैंक मध्यावधि ऋण प्रदान कर सकता है।

(5) बुनकर समितियों के मामले में प्रति करघा वित्त के मान की तीन वर्ष में एक बार समीक्षा की जाए और उसमें परिवर्तन किया जाए। इसी प्रकार शिखर बुनकर समितियों के मामले में बिक्री में कार्यकारी पूंजी के अनुपात का अध्ययन भी किया जाए ताकि कार्यकारी पूंजी की आवश्यकताओं के वित्तपोषण के मानदंडों में संशोधन किया जा सके। बैंक ने इन सिफारिशों का अध्ययन कर इस वर्ष आवश्यक कार्यवाई शुरू की।

शहरी सहकारी बैंकों से संबंधित समिति

3.52 इस समिति ने सितम्बर 1978 में रिजर्व बैंक को अपनी रिपोर्ट पेश की। कृषि ऋण विभाग ने इस रिपोर्ट का अध्ययन पूरा कर लिया है और आवश्यक कार्यवाही भी शुरू कर दी है।

सहकारी बैंकों के ब्याज दर विन्यास पर अध्ययन दल

3.53 इस दल ने जून 1978 में अपनी रिपोर्ट पेश की और उसमें कई सिफारिशें भी की, जिनमें निम्नलिखित शामिल थीं : (1) सहकारी बैंकों द्वारा लघु कृषकों के दिये जाने वाले अग्रिमों पर जो ब्याज लिया जाता है उसकी दरों में कमी की जाए, (2) मध्यावधि कृषि प्रयोजनों के लिए रिजर्व बैंक द्वारा दिये जानेवाले पुनर्वित्त की ब्याज दर में जो रियायत की जाती है उसमें ½ प्रतिशत की वृद्धि की जाए ताकि उसे अल्पावधि कृषि ऋण के पुनर्वित्त की ब्याज दर के बराबर लाया जा सके, (3) अल्पावधि कृषि ऋणों की पुनर्वित्त सुविधाओं के सम्बन्ध में जो अनुशासन निर्धारित किया गया है उसके पालन का रिजर्व बैंक अध्ययन करे ताकि यह सुनिश्चित हो कि ऐसे अनुशासन से सुविधाओं पर कोई प्रतिबंध नहीं लगता। उक्त अनुशासन में अवधिकता का पालन, लघु कृषकों को ऋण प्रदान करना आदि शामिल है, और (4) सहकारी बैंकों/वाणिज्य बैंकों/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा कृषि ऋणों पर अंतिम ऋणकर्ताओं से ली जाने वाली ब्याज दरों में एकरूपता लायी जाए। सहकारी बैंकों के संदर्भ में इन सिफारिशों को रिजर्व बैंक ने स्वीकार कर लिया है और उन्हें कार्यान्वित करने के लिए राज्य सरकारों और सहकारी बैंकों को सूचित किया है।

कृषि और ग्रामीण विकास के लिए ऋण

व्यवस्था के संबंध में समिति

3.54 रिजर्व बैंक ने कृषि और ग्रामीण विकास के लिए संस्थागत ऋण की वर्तमान व्यवस्थाओं में सुधारों के संबंध में सुझाव देने के लिए मार्च 1979 के अन्त में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की। अन्य बातों के साथ-साथ समिति से यह भी कहा गया है कि वह (1) कृषि और संबंधित प्रयोजनों के लिए मीयादी ऋण की बढ़ती हुई मांग के परिप्रेक्ष्य में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के स्वरूप और कार्यकलापों की समीक्षा करे (2) ग्रामीण विकास कार्यक्रमों की तीव्रता के संदर्भ में राष्ट्रीय, राज्य, जिला और ग्रामीण स्तरों पर अल्पावधि और मध्यावधि ऋण विन्यास को दीर्घावधि ऋण विन्यास के साथ समन्वित करने की आवश्यकता और संभाव्यता का अध्ययन करे, (3) सहकारी वित्तपोषक

संस्थाओं के तीन स्तरोंवाले और दो-स्तरोंवाले तंत्र की सापेक्ष गुणवत्ता का मूल्यांकन करे और उनमें आवश्यक सुधारों के सुझाव दें, (4) कृषि वित्त निगम द्वारा उपलब्ध करायी गयी परामर्श सेवाओं का अध्ययन करे और उनमें आवश्यक सुधारों के लिए सुझाव दे तथा (5) ग्रामीण ऋण के क्षेत्र में रिजर्व बैंक की भूमिका का अध्ययन करे।

कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम

3.55 कृषि के लिए शिखर विकास बैंक के रूप में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम (कृपुवि निगम) विभिन्न राज्यों में कृषि तथा संबंधित कार्यों में निवेशों को बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है तथा इस बात पर जोर दे रहा है कि कमजोर वर्गों की सहायता की जाए और साधन स्रोतों के विकास के संबंध में विद्यमान क्षेत्रीय असंतुलनों को कम किया जाए। विश्व बैंक की सहायता प्राप्त कृषि विकास कार्यक्रमों के संदर्भ में निगम ने 1974 से अपने कार्यों के स्तर को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये है। निगम की स्थापना से जून, 1979 के अंत तक कृपुवि निगम द्वारा मंजूर की गयी योजनाओं की संख्या कुल 8,655 थी जिनमें निगम द्वारा किये गये कुल 2,303 करोड़ रुपयों के वायदे शामिल हैं। उक्त राशि में से 1,334 करोड़ रुपये या 58 प्रतिशत की राशि पुनर्वित्त सहायता के रूप में वितरित की गयी।

3.56 आलोच्य वर्ष के दौरान (जुलाई 1978—जून, 1979) कृपुवि निगम द्वारा मंजूर की गयी योजनाओं की संख्या तथा उसके वायदों की राशि क्रमशः 2505 और 573 करोड़ रुपये थी जबकि 1977-78 (जुलाई, -जून) के दौरान उक्त आंकड़े 1836 तथा 330 करोड़ रुपये थे। निगम ने हमेशा की तरह इस बार भी ऋणों के व्यापक भौगोलिक विस्तार तथा उद्देश्यों की विविधता पर जोर दिया। लघु सिंचाई को छोड़कर दूसरे उद्देश्यों के लिए 226 करोड़ रुपयों (कुल वायदों का 40 प्रतिशत) के वायदों सहित कुल 1470 योजनाएं (कुल संख्या का 59 प्रतिशत) मंजूर की गयीं। पिछले वर्षों के दौरान लघु सिंचाई के लिए दिये जाने वाले ऋणों का अंश सर्वाधिक रहता था। 1978-79 के दौरान 285 करोड़ रुपयों के कुल वितरणों में से भूमि विकास बैंकों, वाणिज्य बैंकों और राज्य सहकारी बैंकों द्वारा ली गयी राशियां क्रमशः 131 करोड़ रुपये (36 प्रतिशत), 150 करोड़ रुपये (53 प्रतिशत) तथा 4 करोड़ रुपये (1 प्रतिशत) हैं। पिछले वर्ष (जुलाई–जून) से संबंधित अनुपात क्रमशः 47.8 प्रतिशत, 51.3 प्रतिशत और 0.9 प्रतिशत थे।

3.57 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने कृषि के विकास में क्षेत्रों के भीतर और विभिन्न क्षेत्रों के बीच विद्यमान असमानताओं को कम करने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखा। निगम ने कम विकसित/बैंक सुविधा रहित क्षेत्रों, विशेषकर उत्तर पूर्वी क्षेत्रों, में अधिक ऋण उपलब्ध कराकर उक्त उद्देश्य को प्राप्त करने का प्रयास किया। जम्मू और काश्मीर में अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ की सहायता द्वारा सेब अभिसंस्करण और विपणन की योजना मंजूर की गयी है। राजस्थान में कृपुवि निगम ने 'अन्त्योदय' कार्यक्रम के अन्तर्गत पशुपालन तथा अन्य योजनाओं में निवेश की परिकल्पना करते हुए एक योजना मंजूर की है जिससे गांवों में रहने वाले निर्धनतम परिवार लाभान्वित होंगे। उड़ीसा और राजस्थान के लिए अध्ययन दलों का गठन किया गया है जो चालू योजनाओं के कार्यान्वयन में हुई प्रगति का पुनरीक्षण करेंगे तथा योजनाओं को तेजी से कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक कार्रवाइयों का सुझाव देंगे। भूमि विकास, बागान फसलों आदि की बैंक सहायता के लिए उपयुक्त योजनाएं तैयार करने में मणिपुर सरकार का मार्गदर्शन देने के लिए निगम के तकनीकी अधिकारियों के एक दल ने नवम्बर 1978 में मणिपुर का दौरा किया। निगम के पुनर्वित्त का 28.2 प्रतिशत अंश दक्षिणी क्षेत्र को मिला और उसके बाद मध्यवर्ती क्षेत्र (23.0 प्रतिशत), उत्तरी क्षेत्र (19.0 प्रतिशत), पूर्वी तथा उत्तर पूर्वी क्षेत्र (15.7 प्रतिशत), तथा पश्चिमी क्षेत्र (14.1 प्रतिशत) का स्थान था। पिछले वर्ष क्षेत्रों के अनुपात क्रमशः निम्नप्रकार थे: 27.5 प्रतिशत, 25.5 प्रतिशत, 15.6 प्रतिशत, 17.1 प्रतिशत और 14.3 प्रतिशत।

3.58 निगम ने अपनी योजनाओं के अंतर्गत अधिकाधिक लघु कृषकों को लाभ पहुंचाने के अपने प्रयासों को इस वर्ष चालू रखा। अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ की सहायता के साथ निगम की जो ऋण परियोजनाएं I और II कार्यान्वित की जा रही थीं उनके अन्तर्गत निधियों का 50 प्रतिशत से अधिक अंश लघु कृषकों की निवेश संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के काम में लाया गया है। निगम लघु कृषक विकास एजेंसी के तत्वाधान में और सूखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम के अंतर्गत प्रायोजित योजनाओं तथा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के हित के लिए बनायी गयी विशेष योजनाओं के लिए 90 प्रतिशत पुनर्वित्त सुविधा प्रदान करता रहा। यह सुविधा पहले 31 मार्च, 1979 तक उपलब्ध थी परंतु अब उसे अनिश्चित काल तक बढ़ा दिया गया है। जून, 1979 के अंत तक लघु कृषक विकास एजेंसी के लिए 534 योजनाओं को मंजूरी दी गयी जिनमें कुल वायदे की राशि 90 करोड़ रुपये थी। उक्त राशि में से जून, 1979 के अंत तक वित्तपोषक संस्थाओं ने 47 करोड़ रुपये का पुनर्वित्त प्राप्त किया।

3.59 इस वर्ष के दौरान अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ ने जुलाई, 1979 में 2500 लाख डालरों की पंजाब सिंचाई परियोजना और तृतीय कृपुवि निगम ऋण परियोजना को मंजूरी दी। इसके अलावा उक्त संघ के मिशन ने दो परियोजनाओं का मूल्यांकन किया; उनमें से एक आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और उड़ीसा में काजू के बागान के विकास से संबंधित थी और दूसरी बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और मध्य प्रदेश के आंतरिक क्षेत्रों में मत्स्यपालन के विकास की परियोजना थी। अब तक 1,765 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायतायुक्त सैंतीस परियोजनाओं को, जिनमें तृतीय कृपुवि निगम ऋण परियोजना शामिल है, विश्व बैंक (4 परियोजनाएं) और अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (33 परियोजनाएं) ने अनुमोदित किया है। इन परियोजनाओं के अंतर्गत कुल 11,660 लाख डालर का ऋण निगम के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

3.60 विश्व बैंक समूह द्वारा जिन विभिन्न कृषि विकास कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया था उनमें निगम के सफल योगदान को देखते हुए अन्य अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां भी निगम को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए तैयार हो गयी हैं। इस वर्ष के दौरान कनाडा के अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ ने 150 लाख कैनेडियन डालरों का ऋण मंजूर किया। यूनाइटेड किंगडम के स्थानीय व्यय अनुदान, 1979 के अंतर्गत 150 लाख पौंड का ऋण मंजूर किया गया है।

3.61 इस वर्ष के दौरान कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने कृषि के काम आनेवाले पंपसेटों के विद्युतीकरण के लिए राज्य बिजली बोर्डों को उपलब्ध करायी जानेवाली पुनर्वित्त सहायता की मात्रा को उदार बनाया। यह केवल बोरिंग पंपों के लिए दिये जाने वाले ऋणों के लिए पुनर्वित्त प्रदान करने के लिए भी सहमत हुआ। लेकिन यह उन संदर्भों में लागू होगा जहां बोरिंग पम्प लगाना तकनीकी दृष्टि से उपयुक्त होगा और साथ ही जहां किराये पर लिये गये पंप सेटों की सहायता से बोरिंग का काम किया जा सकता है। मात्र प्रतिशत ऋण की वसूली करने में राज्य भूमि विकास बैंकों को होनेवाली कठिनाइयों को देखते हुए निगम ने उन बैंकों को 1 जुलाई, 1978 से विकास डिबेंचर जारी करने की अनुमति देने का निश्चय किया। इन डिबेंचरों की अवधि अंतिम ऋणकर्ताओं को दिये गए तदनुरूप ऋणों की अवधि के अतिरिक्त 2 वर्षों से अधिक नहीं होगी; इस संबंध में कुछ और शर्तें भी निर्धारित की गयीं। राज्य भूमि विकास बैंकों के ऋण कार्यक्रमों को विनियमित करने के लिए रिजर्व बैंक तथा कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा लागू किये गये नियमित मानदंडों में जनवरी 1979 में ढील दी गयी ताकि ऐसे प्राथमिक भूमि विकास बैंक/शाखाएं जिनकी काफी अधिक समय से बकाया रहने वाली राशियां 'मांग' राशि के 26 प्रतिशत और 55 प्रतिशत के बीच में हैं, अधिकाधिक ऋण के लिए पात्र हों।

3.62 मंजूर की गयी योजनाओं की संख्या में काफी अधिक वृद्धि और अपने कार्यों के संभावित विस्तार को देखते हुए निगम ने प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधकों और वरिष्ठ निदेशकों तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रभारी निदेशकों को कुछ ऐसी विशिष्ट योजनाओं के लिए मंजूरी प्रदान करने की शक्ति दी है जिनमें 10 लाख रुपये और 40 लाख रुपयों के बीच पुनर्वित्त सहायता देनी होती है।

3.63 चालू वर्ष में पांच वर्षों तक निगम को कंपनी कर अदा करने में छूट दी गयी और भारत सरकार ने कृषि निगम की प्रदत्त ऋणों की ब्याज दरों में 0.5 प्रतिशत का कटौती करने का निश्चय किया। अतः निगम ने 15 मार्च, 1979 से लघु सिंचाई और भूमि विकास योजनाओं के लिए पुनर्वित्त की ब्याज दर को वार्षिक 7.5 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत और दूसरे विभिन्न प्रयोजनों की योजनाओं के लिए वार्षिक 8.0 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत कर दिया है। अंतिम ऋणकर्ता से लिए जाने वाले ब्याज की दरें उक्त संदर्भों में क्रमशः 9.5 प्रतिशत और 10.5 प्रतिशत होंगी। तरह-तरह के कार्यों के लिए लघु कृषकों को दिये जाने वाले ऋणों से संबंधित पुनर्वित्त की ब्याज दरों को घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया है किन्तु शर्त यह है कि वित्तपोषक बैंक लघु कृषकों को पहले की 11 प्रतिशत की ब्याज दर के बदले 9.5 प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण प्रदान करें।

3.64 राज्य भूमि विकास बैंकों को लघु सिंचाई योजनाओं के लिए उनके विशेष विकास डिबेंचरों में अंशदान के रूप में 90 प्रतिशत पुनर्वित्त की सुविधा पहले 30 जून, 1979 तक ही उपलब्ध थी; परंतु अब उसे न केवल राज्य भूमि विकास बैंकों के लिए, बल्कि वाणिज्य बैंकों, राज्य सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को भी लघु सिंचाई निवेशों के संदर्भ में तथा उनके द्वारा राज्य बिजली बोर्डों को कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की योजनाओं के अंतर्गत कृषि के पंपसेटों को बिजली चालित करने के लिए दिये गये ऋणों के संदर्भ में भी अनिश्चित अवधि के लिए लागू कर दिया गया।

3.65 राज्य सरकारों द्वारा स्थापना से 1 प्रतिशत का बाजार शुल्क वसूल करने में अनुभव की गयी कठिनाइयों को देखते हुए निगम ने यह स्वीकार किया है कि कम से कम आधे प्रतिशत के बाजार शुल्क के साथ मंडी क्षेत्रों के विकास से संबंधित योजनाओं के लिए पुनर्वित्त सुविधाएं प्रदान की जाएं बशर्ते कि संबंधित अधिनियम में बाद के दो अथवा तीन वर्षों की अवधि के भीतर उक्त शुल्क को बढ़ाकर एक प्रतिशत कर देने की व्यवस्था की जाए।

अध्याय 4

अन्य विशिष्ट संस्थाएं

4.1 इस अध्याय में औद्योगिक वित्त के क्षेत्र में भारतीय रिज़र्व बैंक की गतिविधियों और भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (भाऔवि बैंक), राज्य वित्तीय निगमों (राविनिगम), निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम तथा भारतीय यूनिट ट्रस्ट जैसी अन्य वित्तीय संस्थाओं का पुनरीक्षण किया गया है। इस पुनरीक्षण से यह विदित होता है कि औद्योगिक क्षेत्र, विशेष रूप से लघु उद्योग क्षेत्र को अधिकाधिक ऋण प्रदान करने के प्रयासों में आलोच्य वर्ष के दौरान और प्रगति हुई।

मियादी ऋण प्रदान करने वाली संस्थाओं को रिज़र्व बैंक की सहायता

4.2 रिज़र्व बैंक ऋण सुविधाओं की व्यवस्था और ऋण गारंटी योजना के माध्यम से औद्योगिक विकास हेतु मियादी ऋण प्रदान करने वाली संस्थाओं को पहले की तरह मजबूत बनाता रहा। 1978-79 (जुलाई–जून) के दौरान रिज़र्व बैंक ने राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि में भाऔवि बैंक को 200 करोड़ रुपयों का ऋण मंजूर किया जबकि पिछले वर्ष 180 करोड़ रुपयों का ऋण मंजूर किया गया था। भाऔवि बैंक द्वारा उक्त निधि से लिये गये ऋणों की बकाया राशि जून, 1979 के अंत में 871 करोड़ रुपये थी। इस वर्ष के दौरान भाऔवि बैंक द्वारा पुनः भुनाये गये योग्य बिलों की जमानत पर उसे 90 करोड़ रुपयों की अल्पावधि ऋण-सीमा भी मंजूर की गयी। रिज़र्व बैंक ने भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को मंजूर की गयी 3 करोड़ रुपयों की ऋण सीमा को और एक वर्ष के लिए पुनः नवीकृत किया। इसके साथ ही जुलाई 1978 से जून 1979 तक की अवधि के दौरान 7 राज्य वित्तीय निगमों को उनके तदर्थ बांडों की जमानत पर रिज़र्व बैंक ने कुल 13 करोड़ रुपयों की नयी ऋण सीमाएं मंजूर कीं। जून 1979 के अंत में 9 राज्य वित्तीय निगमों के संदर्भ में विद्यमान कुल ऋण सीमा 17 करोड़ रुपये थी। इसके अलावा 17 राविनिगमों (अर्थात दिल्ली वित्तीय निगम को छोड़कर सभी राविनिगम) को यह अनुमति दी गयी कि वे वर्ष 1978-79 (अप्रैल–मार्च) के दौरान बांड जारी कर बाजार से कुल 46 करोड़ रुपयों (परिपूरित) की राशि का ऋण प्राप्त कर सकते हैं जबकि पिछले वर्ष उक्त राशि 41 करोड़ रुपये थी। लघु उद्योगों को अधिक मात्रा में संस्थागत ऋण उपलब्ध कराने और इस कार्य में विद्यमान जोखिम को किसी अन्य एजेंसी के साथ बांटने में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने जुलाई, 1960 में एक ऋण गारंटी योजना बनायी थी; इसके अंतर्गत बैंकों और अन्य ऋण संस्थाओं द्वारा लघु उद्योगों को प्रदान किये जाने वाले अग्रिमों का गारंटी प्रदान की जाती है। भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 17 (11क) के अंतर्गत रिज़र्व बैंक को केन्द्रीय सरकार के एजेंट के रूप में उक्त योजना को चलाने का कार्य सौंपा गया है और इस प्रयोजन के लिए उसे 'गारंटी संगठन' के नाम से अभिहित किया गया है।

ऋण गारंटी योजना की प्रगति

4.3 उक्त योजना के अधीन सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए पात्र ऋण संस्थाओं की संख्या मार्च 1979 के अंत में 748 थी जब कि मार्च 1978 के अंत में उक्त संख्या 706 थी। आलोच्य अवधि के दौरान इस योजना में भाग लेने वाली संस्थाओं की संख्या में 11 की वृद्धि हुई और वह बढ़कर 291 हो गयी। मार्च, 1977 के अंत में बकाया गारंटियों की जो राशि 2,147 करोड़ रुपये थी वह मार्च 1978 के अंत में बढ़कर 2,440 करोड़ रुपये और 1979 के अंत में और बढ़कर 2,874 करोड़ रुपये हो गयी। इससे यह विदित होता है कि योजना में दी गयी प्राथमिकता के अनुसार लघु उद्योग यूनिटों को दिये जाने वाले संस्थागत ऋण में निरंतर वृद्धि होती रही है।

जून 1977 के अंत में बकाया गारंटियों की राशि के उद्योगवार विश्लेषण से यह परिलक्षित होता है कि खाद्य उत्पादक उद्योग (पेय पदार्थों को छोड़कर) का अंश (अपेक्षाकृत) अधिक (12.3 प्रतिशत) बना रहा तथा उसके पश्चात् वस्त्र (11.1 प्रतिशत), धातु से बनी वस्तुओं (10.6 प्रतिशत), रासायनिक उत्पादों (8.4 प्रतिशत), बिजली की मशीनों को छोड़कर अन्य मशीनों के निर्माण (6.7 प्रतिशत), बिजली की मशीनों और उपकरणों (6.5 प्रतिशत) और मूल धातुओं (5.2 प्रतिशत) के उद्योगों का स्थान आता है। इन उद्योगों के संबंधित अंश पिछले वर्ष के लगभग समान ही थे। मार्च, 1978 के अंत तक चूककर्ता यूनिटों की संख्या 18,926 और संबंधित राशि 117 करोड़ रुपये था जो मार्च 1979 के अंत तक बढ़कर क्रमशः 22,443 यूनिट और 150 करोड़ रुपये हो गया। (अप्रैल 1978 से मार्च 1979 तक की अवधि के दौरान चूककर्ता यूनिटों की संख्या में 3,517 की और संबंधित राशि में 33 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई। प्रति चूककर्ता यूनिट की औसत राशि 61,800 रुपयों से बढ़कर 63,800 रुपये हो गयी तथा बकाया गारंटियों में चूक की राशि का प्रतिशत 4.8 से थोड़ा-सा बढ़कर 5.2 हो गया। अप्रैल 1978 से मार्च 1979 तक की अवधि के दौरान 1,347 यूनिटों के संदर्भ में 173 लाख रुपयों के दावे अदा किये गये; इससे 1960 में इस योजना के प्रारंभ से लेकर अब तक 3,955 यूनिटों के संदर्भ में अदा किये गये कुल दावों की राशि 489 लाख रुपये हो गयी। दावों के लिए अदा की गई कुल राशि में से 77 लाख रुपयों की राशि वसूल कर ली गई है तथा मार्च 1979 के अंत तक अदा किये गए दावों की शुद्ध राशि 411 लाख रुपये थी।

4.4 अप्रैल 1978 से मार्च 1979 तक की अवधि के दौरान गारंटी शुल्कों के रूप में 250 लाख रुपये प्राप्त हुए और उन्हें केन्द्रीय सरकार को अंतरित कर दिया गया।

अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा निम्नलिखित को प्रदत्त अग्रिम[1] :

(क) लघु उद्योग, (ख) छोटे सड़क और जल परिवहन चालक और

(ग) औद्योगिक बस्तियों की स्थापना

(क) लघु उद्योग

4.5 जुलाई-दिसम्बर 1978 के दौरान अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा लघु उद्योगों को मंजूर की गयी ऋण सीमाओं (कारीगरों और अन्य योग्यता-प्राप्त उद्यमियों को दिये गये मीयादी ऋणों और अग्रिमों सहित) की राशि 329 करोड़ रुपये थी जबकि पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि में उक्त राशि 240 करोड़ रुपये थी। मंजूर की गयी ऋण सीमाओं की कुल राशि दिसम्बर 1978 के अंतिम शुक्रवार को 2,766 करोड़ रुपये थी। बैंकों द्वारा सहायताप्राप्त यूनिटों की संख्या इस अवधि के दौरान 5.13 लाख से बढ़कर 5.58 लाख हो गयी। प्रति यूनिट मंजूर की गयी ऋण सीमाओं की जो औसत राशि जून 1969 में 1.03 लाख रुपये थी वह धीरे-धीरे कम होकर दिसम्बर 1977 में 0.48 लाख रुपये हो गयी परन्तु वह पुनः सीमान्त रूप से बढ़कर दिसम्बर 1978 में 0.50 लाख हो गयी। उक्त अवधि में इस औसत में आयी गिरावट बैंकों द्वारा लघु यूनिटों के वित्तपोषण के लिए निरन्तर किये गये प्रयासों की द्योतक है। कुल बकाया बैंक ऋणों (खाद्यान्नों की वसूली के लिए दिये गये अग्रिमों को छोड़कर) में लघु उद्योगों का जो अंश बैंकों के राष्ट्रीयकरण के बाद धीरे-धीरे बढ़ता हुआ जून 1974 में 13.4 प्रतिशत हो गया था और जून 1975 में गिरकर 12.9 प्रतिशत हो गया था, उसमें पुनः वृद्धि की प्रवृत्ति पायी गयी और दिसम्बर 1978 के अन्त में वह 14.9 प्रतिशत हो गया। दिसम्बर 1978 के अन्त में बैंकों द्वारा लघु उद्योगों को दिये गये कुल बकाया ऋण में से सरकारी क्षेत्र के बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) का अंश 88.5 प्रतिशत था। स्टेट बैंक समूह ने अपने कुल ऋणों का 35.6 प्रतिशत और 14 राष्ट्रीयकृत बैंकों ने 52.9 प्रतिशत अंश लघु उद्योगों को प्रदान किया। यदि राज्यवार देखा जाए तो लघु उद्योगों को दिये गये ऋण की कुल बकाया राशि में दिसम्बर 1978 के अन्त में महाराष्ट्र का अंश लगभग 18.7 प्रतिशत (या 403 करोड़ रुपये) था; परन्तु ऐसे वित्तपोषित यूनिटों की अधिकतम संख्या (88,076 या 15.8 प्रतिशत) तमिलनाडु में थी। दिसम्बर 1978 में समाप्त हुई छमाही के दौरान अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा लघु उद्योगों को मंजूर किये गये मीयादी ऋणों (किस्ती ऋणों सहित) में 65 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई और वे बढ़कर 425 करोड़ रुपये हो गये; वित्तपोषित यूनिटों की संख्या 1.01 लाख से बढ़कर 1.08 लाख हो गयी। जुलाई-दिसम्बर 1978 के दौरान 360 करोड़ रुपयों के ऋण बकाया थे जो 51 करोड़ रुपयों की वृद्धि के द्योतक थे। लघु उद्योगों को दिये गये ऋण की कुल बकाया राशि में दिसम्बर 1978 के अन्त में बकाया मीयादी ऋणों का अंश 16.7 प्रतिशत था।

सारणी 4.1—जून 1976 से लेकर मार्च 1979 तक लघु उद्योगों से संबंधित ऋण गारन्टी योजना की प्रगति

(राशि करोड़ रुपयों में)

निम्नलिखित वर्ष के अंत में	चुकाये न गये अग्रिम			गारंटी के प्रयोग के कारण अदा किये गये दावे		दावों के संबंध में वसूल की गयी राशि में गारंटी संगठन का अंश
	बकाया गारंटियां	यूनिटों की संख्या	राशि	यूनिटों की संख्या	राशि	
	1	2	3	4	5	6
जून 1976	1,949.8	12,439	60.0	1,201	1.7	0.3
जून 1977	2,195.1	16,275	91.4	2,239	2.5	0.4
जून 1978	2,526.4	19,887	125.8	2,711	3.3	0.6
मार्च 1979	2,874.0	22,443	150.0	3,955	4.9	0.8

(स्रोत : औद्योगिक वित्त विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक)

4.6 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा लघु उद्योग क्षेत्र को मंजूर की गयी 2,766 करोड़ रुपयों की कुल ऋण सीमा में से कारीगरों और अन्य योग्यताप्राप्त उद्यमियों का अंश 95 हजार यूनिटों के सन्दर्भ में 116 करोड़ रुपये या 4.2 प्रतिशत था। दिसम्बर 1978 के अन्त में इन खातों में बकाया रकम 95 करोड़ रुपये थी, जो 1978 की पहली छमाही की तुलना में 14 करोड़ रुपयों की शुद्ध वृद्धि की द्योतक थी; इसके विपरीत पूर्व वर्ष की तदनुरूप अवधि में उसमें 12 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई थी। इन वर्गों के उधारकर्ताओं के कुल बकाया ऋण में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर सरकारी क्षेत्र के अन्य बैंकों का अंश दिसम्बर 1978 में बढ़कर 99.0 प्रतिशत हो गया; स्टेट बैंक समूह और राष्ट्रीयकृत बैंकों का अंश क्रमशः 35.3 प्रतिशत 63.7 प्रतिशत था। इस समूह में प्रति यूनिट मंजूर की गयी औसत ऋण राशि जून 1978 के 11,313 रुपयों से सीमांत रूप से बढ़कर दिसम्बर 1978 में 12,246 रुपये हो गयी।

(ख) छोटे सड़क और जल परिवहन चालक

4.7 2 लाख 35 हजार छोटे सड़क और जल परिवहन चालकों को अनुसूचित वाणिज्य बैंकों से दिसम्बर 1978 के अन्त में कुल 512 करोड़ रुपयों के ऋण प्राप्त हुए जो जून 1978 में प्राप्त ऋणों से 40 करोड़ रुपये अधिक थे। बकाया राशि में भी उक्त अवधि के दौरान 56 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई और वह 415 करोड़ रुपये हो गयी। इस श्रेणी में वित्तपोषित यूनिटों की संख्या में जुलाई-दिसम्बर 1978 की अवधि के दौरान 26 हजार की वृद्धि हुई और वह बढ़कर 2 लाख 35 हजार हो गयी।

(ग) औद्योगिक बस्तियां

4.8 दिसंबर 1978 के अंतिम शुक्रवार तक 23 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों ने, जिनमें सरकारी क्षेत्र के 15 बैंक भी शामिल हैं, औद्योगिक बस्तियों की स्थापना के लिए 261 यूनिटों के संदर्भ में 30 करोड़ रुपयों की ऋण सीमाएं मंजूर कीं। संबंधित खातों में बकाया राशि 27 करोड़ रुपये थी जबकि जून 1978 में ऐसी राशि 23 करोड़ रुपये थी।

भारतीय औद्योगिक विकास बैंक

भाऔवि बैंक के कार्यकलाप

4.9 वर्ष 1978-79 (जुलाई-जून) के दौरान गारंटियों को छोड़कर भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (भाऔवि बैंक) द्वारा मंजूर की गयी कुल सहायता (प्रभावी) की राशि 1061 करोड़ रुपये (30,555 आवेदन पत्रों के संदर्भ में) थी जो पिछले वर्ष के दौरान मंजूर की गयी 710 करोड़ रुपयों की सहायता राशि (14,212 आवेदकों को) के मुकाबले 49.4 प्रतिशत अधिक थी। उक्त अवधि के दौरान कुल वितरणों की राशि 680 करोड़ रुपये थी जो पिछले वर्ष के दौरान वितरित 474 करोड़ रुपयों के मुकाबले 43.5 प्रतिशत अधिक थी (सारणी 4.2)।

4.10 भाऔवि बैंक की स्थापना से जून 1979 के अंत तक 82,292 आवेदन पत्रों के संदर्भ में कुल 4131 करोड़ रुपये मंजूर किये गये। इसके मुकाबले वितरणों की राशि 2777 करोड़ रुपये थी।

सारणी 4.2—अपनी स्थापना से लेकर तथा 1977-78 और 1978-79 (जुलाई-जून) के दौरान भारतीय बैंक द्वारा स्वीकृत सहायता एवं सहायता प्राप्त संस्थाओं द्वारा प्रयुक्त सहायता

(राशि करोड़ रुपयों में)

सहायता का स्वरूप	स्वीकृतियां						वितरण		
